RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 268
नई दिल्ली, शनिवार, 6 अगस्त, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



शृंखला जीतने उतरेगा भारत अय्यर पर नजर
स्पोर्ट्स-12

# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का काले कपड़ों में उग्र प्रदर्शन

● दिल्ली में सोनिया गांधी के साथ सभी सांसद और राज्यों में नेता और कार्यकर्ता सड़क पर उतरे

● राहुल व प्रियंका गांधी ने केंद्र पर हमला बोला- लोकतंत्र और सांप्रदायिक सौहार्द की पैरवी करने के लिए गांधी परिवार पर हो रहे हमले



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने महंगाई, बेरोजगारी और कई खाद्य वस्तुओं को जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) के दायरे में लाए जाने के खिलाफ शुक्रवार को देशभर में प्रदर्शन किया। आम आदमी से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को लेकर नई दिल्ली में सुबह राहुल गांधी की प्रेस कांफ्रेंस के बाद काले कपड़े पहनकर सड़कों पर उतरे कांग्रेस नेताओं ने नेशनल हेराल्ड केस में गांधी परिवार के खिलाफ ईडी की कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा समेत दोनों सदनों के लगभग 60 सांसद एवं सैकड़ों नेताओं को हिरासत में ले लिया गया।

मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन का केंद्र हालांकि दिल्ली रही, जहां राहुल गांधी की अगुवाई में कांग्रेस सांसदों ने संसद भवन से राष्ट्रपति भवन के लिए मार्च निकाला, वहीं इसे देशव्यापी बनाने की रणनीति के तहत विभिन्न राज्यों की राजधानियों और प्रमुख शहरों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध मार्च निकाले और प्रदर्शन किया। काले कपड़े पहने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने संसद में विरोध-प्रदर्शन की अगुवाई की, जहां मल्लिकार्जुन खड़गे समेत अन्य सांसद भी काले कपड़ों में नजर आए। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के चलते हालांकि सोनिया गांधी सड़क पर नहीं उतरीं। उनकी जगह प्रियंका गांधी ने मोर्चा संभला। (शेष पेज 8)

## शाह ने तुष्टिकरण तो योगी ने बताया रामभक्तों का अपमान


● दोनों नेताओं ने कहा- राम जन्मभूमि शिलान्यास दिवस पर काले कपड़े पहनने से पता चली कांग्रेस की नीयत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**महंगाई** व जीएसटी को लेकर कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को नाटक करार देते हुए जहां भाजपा ने इसे नेशनल हेराल्ड भ्रष्टाचार की जांच से गांधी परिवार को बचाने की चाल बताया, वहीं गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2020 में राम जन्मभूमि की नींव रखने वाले दिन पर कांग्रेस प्रदर्शनकारियों द्वारा काले कपड़ों में आंदोलन करने को विपक्षी दल की तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप जड़ा है। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने विरोध के लिए इस दिन को चुना और काले कपड़े पहने, क्योंकि वे अपनी तुष्टिकरण की राजनीति को और बढ़ावा देने के लिए अपने समर्थकों को एक सूक्ष्म संदेश देना चाहते थे। आज ही के दिन प्रधानमंत्री मोदी ने राम जन्मभूमि की नींव रखी थी। शाह ने संवाददाताओं से कहा कि सभी ने नियमित कपड़ों में कांग्रेस नेताओं के विरोध को देखा है, (शेष पेज 8)

# रिजर्व बैंक ने रेपो दर आधा प्रतिशत बढ़ाई

● महंगाई पर काबू के लिए नरम रुख छोड़ने की तैयारी



**भाषा।** मुंबई

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को खुदरा महंगाई को काबू में लाने के लिए नीतिगत दर रेपो को 0.5 प्रतिशत बढ़ाकर 5.4 प्रतिशत कर दिया। इससे मौजूदा कर्ज की मासिक किस्त (ईएमआई) बढ़ने के साथ आवास, वाहन और अन्य कर्ज लेना महंगा होगा। चालू वित्त वर्ष की चौथी मौद्रिक नीति समीक्षा में लगातार तीसरी बार नीतिगत दर बढ़ाई गई है। कुल मिलाकर 2022-23 में अबतक रेपो दर में 1.4 प्रतिशत की वृद्धि की जा चुकी है। इसके साथ ही प्रमुख नीतिगत दर महामारी-पूर्व के स्तर से ऊपर पहुंच गई है।

फरवरी, 2020 में रेपो दर 5.15 प्रतिशत थी। साथ ही मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने नरम नीतिगत रुख को वापस लेने पर ध्यान देने का भी निर्णय किया है। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन अगस्त से शुरू तीन दिन की बैठक में किए गए निर्णय की जानकारी देते हुए रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने टेलीविजन पर प्रसारित बयान में कहा, एमपीसी ने आम सहमति से रेपो दर 0.5 प्रतिशत बढ़ाकर 5.4 प्रतिशत करने का फैसला किया। उन्होंने संकेत दिया कि रेपो दर में लगातार दूसरी बार 0.5 प्रतिशत की वृद्धि नीतिगत दर को कड़ा किए जाने को लेकर कोई अंतिम कदम नहीं है। महंगाई को नियंत्रण में लाने के लिए और कदम उठाए जा सकते हैं। मुद्रास्फीति लगातार छह महीने से रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर छह प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है। इस साल जून में खुदरा मुद्रास्फीति 7.01 प्रतिशत रही। (शेष पेज 8)

## दिल्ली-एनसीआर में पीएनजी के दाम बढ़े

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** और एनसीआर में पाइप के जरिए आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस (पीएनजी) शुक्रवार से 2.63 रुपये प्रति इकाई महंगी हो गई है। दो सप्ताह से भी कम समय में पीएनजी के दाम दूसरी बार बढ़ाए गए हैं। राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में पीएनजी और सीएनजी की आपूर्ति करने वाली इंद्रप्रस्थ गैस लि. ने कहा कि दिल्ली में पीएनजी का दाम अब 50.59 रुपये प्रति घनमीटर होगा। अभी तक यह 47.96 रुपये प्रति इकाई था। आईजीएल ने शुक्रवार को ट्वीट किया कि इस बढ़ोतरी से गैस की उत्पादन लागत में बढ़ोतरी की आंशिक भरपाई हो पाएगी। इससे पहले 26 जुलाई को पीएनजी के दाम 2.1 रुपये प्रति इकाई बढ़ाए गए थे। पिछले कई माह से पीएनजी के दाम बढ़ रहे हैं। एक साल में पीएनजी 70 फीसदी महंगी हुई है। जुलाई, 2021 में दिल्ली में पीएनजी का दाम 29.66 रुपए प्रति घनमीटर है।

## ईडी ने वीजा घोटाला मामले में तमिलनाडु में की छापेमारी

● कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम का नाम भी सामने आया था

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने 2011 में 263 चीनी नागरिकों को वीजा जारी करने में कथित अनियमितता से जुड़े धन शोधन मामले में शुक्रवार को तमिलनाडु में आधा दर्जन स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वीजा घोटाला मामले में कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम का नाम भी सामने आया था। अधिकारियों ने बताया कि चेन्नई और आसपास के क्षेत्रों में कुछ कंपनी और उनके प्रवर्तकों के परिसरों में छापेमारी की जा रही है।

ईडी ने इसी मामले में सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी का संज्ञान लेने के बाद मई में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी के मुताबिक, यह मामला कार्ति और उनके करीबी एस. भास्कर रमण को वेदांता समूह की कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) के एक शीर्ष अधिकारी द्वारा रिश्वत के रूप में 50 लाख रुपए दिए जाने के आरोपों से संबंधित है। यह कंपनी पंजाब में बिजली संयंत्र स्थापित कर रही थी। पूर्व में सीबीआई ने चिदंबरम परिवार के परिसरों पर छापा मारा था और भास्कर रमण को गिरफ्तार किया था, जबकि कार्ति चिदंबरम से पूछताछ की गई थी।

तमिलनाडु में शिवगंगा सीट से सांसद कार्ति चिदंबरम (50) ने आरोपों से इंकार किया है। उन्होंने एक बयान में कहा, अगर ए उत्पीड़न नहीं, तो और क्या है? सीबीआई के मुताबिक, बिजली परियोजना का काम चीन की एक कंपनी द्वारा किया जा रहा था, जो निर्धारित समयसीमा से पीछे चल रहा था। सीबीआई की प्राथमिकी के अनुसार, टीएसपीएल के एक अधिकारी ने 263 चीनी कामगारों के लिए परियोजना वीजा फिर से जारी करने की मांग की थी, जिसके लिए कथित तौर पर 50 लाख रुपए की रिश्वत दी गई थी।

## चीन ने पेलोसी पर प्रतिबंध लगाया

**बीजिंग (भाषा)।** चीन ने इस सप्ताह की शुरुआत में ताइवान की यात्रा को लेकर अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी और उनके परिवार पर शुक्रवार को प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। चीन ने इसी के साथ रक्षा और जलवायु परिवर्तन सहित कई अन्य क्षेत्रों में वाशिंगटन के साथ अपनी वार्ता भी रद्द कर दी। 82 वर्षीय पेलोसी पिछले 25 वर्षों में ताइवान की यात्रा करने वाली अमेरिका की सबसे शीर्ष अधिकारी हैं। वह मंगलवार को स्व-शासित द्वीप पहुंची थीं, जिससे चीन भड़क गया था। दरअसल, चीन ताइवान को अपना क्षेत्र बताता है और विदेशी सरकारों के साथ उसके संबंधों का विरोध करता है। चीनी विदेश मंत्रालय ने पेलोसी के दौरे की आलोचना करते हुए बीजिंग में अमेरिकी राजदूत क्रिस बर्न्स को तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया था और ताइवान जलडमरूमध्य क्षेत्र में चार दिन के व्यापक सैन्य अभ्यास की घोषणा की थी। शुक्रवार को मंत्रालय ने एक बयान जारी कर पेलोसी और उनके परिवार पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। बयान के मुताबिक, पेलोसी ने स्व-शासित द्वीप की अपनी यात्रा को लेकर चीन की चिंताओं और विरोध की अवहेलना की है।

## उपराष्ट्रपति चुनाव: आज होगा मतदान आंकड़े राजग प्रत्याशी धनखड़ के पक्ष में

● विपक्ष की संयुक्त उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा से है टक्कर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** के नए उपराष्ट्रपति के निर्वाचन के लिए शनिवार को मतदान होगा। इसमें मुकाबला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार जगदीप धनखड़ और विपक्ष की संयुक्त उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा के बीच है। आंकड़ों के लिहाज से देखा जाए तो पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल धनखड़ की जीत सुनिश्चित लग रही है। विपक्षी दलों में उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर मतभेद भी सामने आए हैं, क्योंकि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस ने अल्वा के नाम की घोषणा से पहले सहमति नहीं बनाने की कोशिशों का हवाला देते हुए मतदान प्रक्रिया से दूर रहने की घोषणा की है।

अस्सी वर्षीय अल्वा कांग्रेस की वरिष्ठ नेता हैं और वह राजस्थान के राज्यपाल के रूप में भी काम कर चुकी हैं। तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस), आम आदमी पार्टी (आप) और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने अल्वा के समर्थन की घोषणा की है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने भी अल्वा का समर्थन किया है। धनखड़ 71 वर्ष के हैं और वह राजस्थान के प्रभावशाली जाट समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। उनकी पृष्ठभूमि समाजवादी रही है। जनता दल (यूनाईटेड), वाईएसआर कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, अन्नाद्रमुक और शिवसेना ने धनखड़ का समर्थन करने की घोषणा की है और इनके समर्थन से राजग उम्मीदवार को 515 के करीब मत मिलने का अनुमान जताया जा रहा है। अल्वा को अब तक मिले पार्टियों के समर्थन को देखते हुए अनुमान जताया जा रहा है कि उन्हें 200 के करीब मत मिल सकते हैं। मतदान से एक दिन पहले अल्वा ने एक वीडियो संदेश में कहा, संसद के कामकाज को अगर प्रभावी बनाना है तो सांसदों को एक दूसरे के बीच विश्वास बहाली और टूट चुके संवाद को कायम करने के लिए रास्ते निकालने होंगे। अंतत: वह सांसद ही हैं, जो हमारी संसद का चरित्र निर्धारित करते हैं। उन्होंने कहा, समय आ चुका है कि एक दूसरे के बीच विश्वास बहाली और संसद की गरिमा को बहाल करने के लिए सभी दल साथ आएं। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बृहस्पतिवार को अल्वा का समर्थन करने वाले सभी दलों के सांसदों के लिए रात्रि भोज का आयोजन किया था।

धनखड़ ने शुक्रवार को अपने आवास पर भाजपा के सांसदों से मुलाकात की। इनमें सुशील कुमार मोदी, गौतम गंभीर, राज्यवर्धन राठौड़, राजेंद्र अग्रवाल भी शामिल थे। संसद भवन में मतदान सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक होगा। इसके तुरंत बाद मतों की गिनती की जाएगी और देर शाम तक निर्वाचन अधिकारी द्वारा देश के नए उपराष्ट्रपति के नाम की घोषणा कर दी जाएगी। उपराष्ट्रपति के रूप में एम वेंकैया नायडू का कार्यकाल 10 अगस्त को समाप्त हो रहा है और नए उपराष्ट्रपति 11 अगस्त को शपथ लेंगे। लोकसभा और राज्यसभा के सभी सदस्य उपराष्ट्रपति चुनाव के निर्वाचक मंडल में शामिल होते हैं। (शेष पेज 8)

## मोदी से मिलीं दीदी, समय से कोष जारी करने का अनुरोध



● ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल से संबंधित कई मुद्दों को पीएम के समक्ष उठाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और अपने राज्य से संबंधित कई मुद्दों को उठाया, जिसमें जीएसटी बकाया और केंद्र द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत समय पर धन जारी करना शामिल है।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने करीब एक घंटे तक हुई बैठक की एक तस्वीर साझा की है। प्रधानमंत्री को एक ज्ञापन में बनर्जी ने कहा कि ग्रामीण रोजगार योजना-मनरेगा, पीएम-आवास योजना और पीएम-ग्रामीण सड़क योजना के क्रियान्वयन के कारण राज्य के लिए धन को तत्काल जारी करने के संबंध में वह कई बार हस्तक्षेप का आग्रह कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के तहत राज्य को देय राशि अब लगभग 17,996.32 करोड़ रुपए है। अपने ज्ञापन में बनर्जी ने विभिन्न योजनाओं और लाभों के तहत राज्य को देय कुल राशि का ब्योरा प्रस्तुत किया है। (शेष पेज 8)

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,388 | ↑ 89 | |
| निफ्टी | 17,397 | ↑ 15 | |
| सोना | 52,144 | ↓ 21 | /10g |
| चांदी | 58,042 | ↑ 60 | /kg |

### क्विक न्यूज

**बिहार में जहरीली शराब से सात लोगों की मौत**

**छपरा (बिहार)।** बिहार में जहरीली शराब पीने के कारण कम से कम सात लोगों की मौत हो गई है, जबकि 15 अन्य बीमार हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, जहरीली शराब पीने वाले कुछ लोगों की आंखों की रोशनी चली गई है। सारन के जिलाधिकारी राजेश मीणा के मुताबिक, सभी मामले मकेर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांवों से आए हैं। जिलाधिकारी राजेश मीणा ने कहा, प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि ग्रामीणों ने जहरीली शराब का सेवन किया था। यहां पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में दो लोगों की मौत हो गई, जहां गंभीर रूप से बीमार लोगों को बृहस्पतिवार को स्थानांतरित किया गया था।

## राजधानी में पतंग उड़ाने पर प्रतिबंध से कोर्ट का इनकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी में पतंग उड़ाने पर रोक लगाने से शुक्रवार को इनकार करते हुए कहा कि यह सांस्कृतिक गतिविधि है। अदालत ने पतंग उड़ाने के लिए इस्तेमाल में लाए जाने वाले चीनी सिंथेटिक मांझे की बिक्री पर राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) के प्रतिबंध आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने का राज्य सरकार और पुलिस को निर्देश भी दिया।

मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने कहा कि एनजीटी ने चीनी सिंथेटिक मांझे पर पूर्ण प्रतिबंध पहले से ही लगा रखा है और यहां तक कि दिल्ली पुलिस भी इस बाबत अधिसूचना जारी कर रही है और उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। अदालत पतंग उड़ाने, इसकी बिक्री, खरीद, भंडारण और परिवहन पर प्रतिबंध को लेकर एस. पाल सिंह की ओर से दायर एक जनहित याचिका की सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता का कहना था कि शीशे के लेप वाले धागों के कारण मनुष्य एवं पक्षी भी घायल होते हैं या मारे जाते हैं। पीठ ने याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि पतंग उड़ाने पर रोक नहीं लगाई जा सकती है, क्योंकि यह सांस्कृतिक गतिविधि है और इसे धार्मिक गतिविधि से जोड़कर भी देखा जाता है। अदालत ने राज्य सरकार और दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया कि वे चीनी मांझे के इस्तेमाल और बिक्री को लेकर एनजीटी के आदेश पर अमल सुनिश्चित करें। (शेष पेज 8)

## कुश्ती में भारत का स्वर्णिम अभियान, बजरंग, साक्षी और दीपक को स्वर्ण

कॉमनवेल्थ गेम्स

● अंशु मलिक ने जीता रजत पदक और दिव्या काकरान को मिला कांस्य







**भाषा।** बर्मिंघम

**भारत** के स्टार पहलवान और ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक ने राष्ट्रमंडल खेलों की कुश्ती स्पर्धा में शुक्रवार को भारत को स्वर्णिम शुरूआत दिलाई जबकि अंशु मलिक को पदार्पण करते हुए रजत पदक मिला। टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग का 65 किलो वर्ग में इतना दबदबा रहा कि पहले दौर में ही उन्होंने चार में से तीन मुकाबले जीते। उन्होंने फाइनल में कनाडा के लाचलान मैकनील को 9-2 से हराया। इससे पहले इंग्लैंड के जॉर्ज रैम पर तकनीकी श्रेष्ठता (10-0) से जीत दर्ज कर आसानी से फाइनल में जगह बनाई थी। वहीं दीपक पूनिया ने राष्ट्रमंडल खेलों की कुश्ती स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। पुरूषों के 86 किलो फ्रीस्टाइल वर्ग के फाइनल में पाकिस्तान के मोहम्मद इनाम को हराया। वहीं दिव्या काकरान ने राष्ट्रमंडल खेलों की महिला फ्रीस्टाइल 68 किग्रा कुश्ती स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

वहीं साक्षी मलिक ने 62 किग्रा के फाइनल में कनाडा की एना गोंडिनेज गोंजालेस को चित करके स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह साक्षी का राष्ट्रमंडल खेलों में पहला स्वर्ण पदक है। इससे पहले वह राष्ट्रमंडल खेलों में रजत और कांस्य पदक जीत चुकी हैं। वहीं अंशु मलिक ने 57 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश का कुश्ती में खाता खोला। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक अंतिम चार मुकाबले में कैमरून की बर्थे इमिलिएने इटाने एनगोले पर तकनीकी श्रेष्ठता से 10-0 की जीत से फाइनल में पहुंच गईं। साक्षी ने क्वार्टरफाइनल में भी तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की।

उन्होंने इस शुरूआती मुकाबले में मेजबान इंग्लैंड की केलसे बार्नेस को मात दी। गत चैम्पियन बजरंग मौरिशस के जीन गुलियाने जोरिस बांडोऊ को महज एक मिनट में पटखनी देकर 6-0 की जीत से सेमीफाइनल में पहुंचे। उन्हें क्वार्टरफाइनल में पहुंचने में दो मिनट से भी कम समय लगा जिसके लिए उन्होंने शुरूआती दौर में नौरू के लोवे बिंघम को गिराकर 4-0 से आसान जीत दर्ज की। बजरंग ने एक मिनट अपने प्रतिद्वंद्वी को समझने में लिया और फिर जकड़ने की स्थिति से अचानक बिघंम को पटक कर मुकाबला खत्म कर दिया। बिंघम को इस अचानक से हुए दांव का पता नहीं चला और भारतीय पहलवान आसानी से जीत गया। अंशु को फाइनल में नाईजीरिया की ओडुनायो फोलासाडे एडुकुरोए से 3-7 से हार का सामना करना पड़ा। अंशु ने इससे पहले हर मुकाबले में दबदबा बनाया।

# नाले की सफाई नहीं, प्राधिकरण पर 100 तो जलबोर्ड पर 50 करोड़ का जुर्माना

## एनजीटी ने 21 किलोमीटर लंबे नाले की साफ-सफाई न होने पर दोनों एजेंसियों को लगाई कड़ी फटकार




- यूपीपीसीबी को सख्त एक्शन लेने के लिए निर्देश



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने नोएडा प्राधिकरण 100 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। ये जुर्माना नोएडा के याचिकाकर्ता कुसुम गुप्ता की एक याचिका पर लगाया गया। जिसमे कहा गया था कि दिल्ली से नोएडा में प्रवेश कर सेक्टर-168 होते हुए यमुना तक जाने वाले करीब 21 किमी लंबे सिचाईं नाले की साफ-सफाई नहीं की गई। नोएडा प्राधिकरण और दिल्ली जल बोर्ड की ओर से जो भी तथ्य प्रस्तुत किए गए वे इस प्रयोजन के लिए नाकाफी रहे।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने माना कि नाले की वजह से पर्यावरण को काफी नुकसान हुआ है। इसको लेकर यूपी व दिल्ली के चीफ सेकेट्री स्तर के अधिकारी इस मामले को गंभीरता लेते हुए संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करे और अधिकारियों के खिलाफएक्शन लिया जाए।

अध्यक्ष सीपीसीबीए अध्यक्ष डीपीसीसी और अध्यक्ष यूपीपीसीबी की एक संयुक्त कमेटी बनाई जाए और तीन महीने में रेमिडिएशन का एक्शन प्लान बनाए। एनजीटी ने आदेश में दिल्ली जल बोर्ड को भी फटकार लगाते हुए 50 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की रकम सेंट्रल पलूशन कंट्रोल बोर्ड के खाते में दोनों अथारिटीस को अलग-अलग जमा करनी होगी। साथ ही 95 सोसाइटी, इंडस्ट्री जिनका सिवरेज बिना शोधित किए न जा रहा है। यूपीपीसीबी सख्त एक्शन ले। यहीं नहीं इस मामले में गाजियाबाद नगर निगम, दिल्ली जल बोर्ड, ईस्ट म्यूनिसिपल कारपोरेशन, नगर पालिका परिषद, खोड़ा मकनपुर को भी निर्देशित किया कि नाले में जो भी गंदगी जाती है उसे वैरीफाई करते हुए एक्शन लिया जाए।

याचिकाकर्ता कुसुम गुप्ता ने बताया कि नाले की सफाई के मामले को लेकर एक अक्टूबर 2018 को उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। वहां सुनवाई के दौरान एनजीटी जाने के लिए कहा गया। 1 नवंबर 2018 को उन्होंने एनजीटी में याचिका दायर की।

## गाजियाबाद में कौशांबी इलाके का भूजल दूषित

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के कौशांबी एरिया का भूजल दूषित हो गया है। दिल्ली की लैब से जांच रिपोर्ट आने के बाद रेजिडेंट्स एसोसिएशन ने बोतलबंद पानी पीने की सलाह दी है। डीएम ने भूजल की जांच का आदेश दिया है। कौशांबी रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय मित्तल के अनुसार, कई सोसाइटीज में दूषित पानी की शिकायत आ रही थी। इस पर जुलाई के आखिरी हफ्ते में कामदगिरी, सुमेरू और विंध्याचल सोसाइटी से पानी के सैंपल लेकर गाजियाबाद के नेशनल टेस्टिंग हाउस में जांच कराई गई। इन्हीं सैंपलों की जांच दिल्ली की एक प्राइवेट लैब में हुई। अब दोनों लैब की जांच रिपोर्ट एक आई है। इसके मुताबिक, पानी में क्लोराइड 250 की जगह 1027 मिलीग्राम प्रति लीटर और टीडीएस 500 की जगह 2348 मिलीग्राम प्रति लीटर मिला है। ऐसे में रेजिडेंट्स को बोतलबंद पानी पीने की सलाह दी गई है। गाजियाबाद के डीएम राकेश कुमार सिंह ने कहा, कौशांबी के भूजल की जांच के लिए चार विभागों की कमेटी बना दी गई है। इस कमेटी में उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जल निगम, भूगर्भ जल विभाग और जिला उद्योग केंद्र के अधिकारी होंगे। वे टीडीएस और क्लोराइड की जांच करेंगे। डीएम ने कौशांबी एरिया के लोगों से अपील करते हुए कहा है कि वे सोसाइटीज में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम जरूर लगवाएं।

## मर्सिडीज कार ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

**नोएडा।** थाना सेक्टर 24 क्षेत्र के सेक्टर 31-25 के चौराहे पर बीती रात तेज गति में आ रही मर्सिडीज कार ने एक बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे के बाद मर्सडीज का चालक फरार हो गया और बाइक सवार की मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक मूलरूप से अलीगढ़ का रहने वाला चित्रांश पुत्र रामगोपाल बीती रात अपनी बाइक से जा रहा था। सेक्टर 31-25 के चौराहे पर विपरीत दिशा से तेज गति में आ रही मर्सडीज कार के चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। चित्रांश गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मर्सिडीज कार का चालक मौके से फरार हो गया।



गाजियाबाद में मामूली बारिश के बाद ही जलभराव हो गया। इस दौरान वाहनों की लंबी कतारें भी लग गईं।

# 22 करोड़ में से केवल छह करोड़ का उठाया मुआवजा

**दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे मुआवजा घोटाला**

- 16 करोड़ रुपए की फाइल तैयार, मुआवजा लेने वालों का इंतजार



**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे मुआवजा घोटाले में रोजाना नए राज निकालकर सामने आ रहे हैं। मामले की जांच में पता चला है कि कुल 22 करोड़ रुपये के मुआवजे में से छह करोड़ रुपये ही अभी तक खातेदारों के खाते में पहुंचे हैं। 16 करोड़ रुपये के मुआवजे की फाइल तैयार हैं। इसको लेकर अभी तक खाताधारकों ने आवेदन नहीं किया है। अब प्रशासन की टीम इन फाइल को होल्ड कराने की तैयारी में जुट गई है। ताकि बचे हुए मुआवजे को आवंटित करने से रोका जा सके।


इस मामले में कुल 22 करोड़ रुपये का मुआवजा घोटाला बताया गया था। अशोक सहकारी समिति ने जिन जान पहचान व रिश्तेदारों को जमीन बेचकर मुआवजे की फाइल तैयार की थी उनके लंबी सूची है। वर्ष 2016 में इस जमीन पर मुआवजा लिया गया। जिन लोगों को मुआवजे की राशि दी जानी थी उनकी संख्या भी 20 से ज्यादा की बताई गई है। वर्ष 2016 में ही सभी खातेदारों का फाइल तैयार कर मुआवजे की राशि तय हो गई। इसमें से कुछ खातेदारों ने मुआवजा ले लिया। करीब छह करोड़ की राशि गलत तरीके से उठा ली गई लेकिन बाकी खातेदारों के मुआवजे की फाइल तो तैयार हो लेकिन वह अपना मुआवजा उठाने नहीं पहुंचे। जांच के दौरान तथ्य सामने आए हैं कि अभी तक इस मामले में 16 करोड़ का मुआवजा नहीं लिया गया है। जांच टीम अब इस 16 करोड़ रुपये के मुआवजा खातेदारों की सूची तैयार कर रही है। इन फाइलों को अब होल्ड कराया जाएगा ताकि कोई भी खातेदार मुआवजे की इस राशि पर दावा न कर सके।

जांच टीम इसकी भी गहनता से जांच कर रही है कि आखिर जिस जमीन का अधिग्रहण हो चुका था उस जमीन के मुआवजे की फाइल कैसे तैयार हुई। मुआवजा राशि तय करते समय राजस्व विभाग की टीम ने दस्तावेजों की जांच क्यो नहीं की। इतना ही नहीं जिन खातेदारों को मुआवजा देना था। फाइल बनाने से पहले उनकी भौतिक सत्यापान हुआ या नहीं। सत्यापान करने के बाद मुआवजे की फाइल तैयार हो गई तो इतने साले के बाद यह राशि उनके क्यो नहीं दी गई।

### यह है मामला

यह घोटाला अशोक सहकारी समिति के जरिए किया गया। यह समिति को वर्ष 1964 में बनाई गई थी। इस समिति में एक ही परिवार के कई लोग सदस्य थे। इसके साथ ही दो अन्य समिति भी बनाई गई थीं। इन समितियों को फर्जी तथ्यों के आधार पर बनाया गया था। वर्ष 1999 में समितियों को निरस्त कर दिया गया। इसके बावजूद समिति के नाम पर ही कार्य जारी रहा। वर्ष 2012 में दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस-वे के लिए जमीन अधिग्रहण को लेकर थ्री.डी का प्रकाशन किया गया, जिसके तहत एक्सप्रेस-वे के लिए चिह्नित जमीन की खरीद-फरोख्त नहीं की जा सकती थी। लेकिन समितियों ने नियम विरुद्ध जाकर राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से साठगांठ करके वर्ष 2016 में जमीन के बैनामे अपने परिजनों व जानकारों के नाम पर कर दिए। उसके बाद मिलीभगत कर कीमत से दस गुना ज्यादा तक मुआवजा लिया गया।

## संक्षिप्त समाचार




स्पोर्ट्स इंडिया इंटरनेशनल एक्सपो में बॉडी बिल्डर।

### युवती की मौत से गांव में तनाव

**नोएडा।** थाना जारचा क्षेत्र के चौना गांव में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से पुलिस को कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। थाना जारचा पुलिस को सूचना मिली कि चौना गांव निवासी सत्ते की 19 वर्षीय पुत्री नेहा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतका नेहा का पिता सत्ते हाल में जेल में बंद है। गत दिनों चौना व ततारपुर गांव के लोगों के बीच हुए हिंसक बवाल के आरोप में पुलिस ने उसे गत दिनों गिरफ्तार कर जेल भेजा था। नेहा की मौत से जहां परिजनों में कोहराम मचा हुआ है वहीं गांव में तनाव भी व्याप्त हो गया है। इस मौत पर तरह.तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। इसी गांव में गत दिन हुए बवाल के आरोप में चार और लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इस मामले में पुलिस अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

### खड़ी कार पर गिरा इमारत का छज्जा

**गाजियाबाद।** खोड़ा की आदर्श कालोनी में एक जर्जर इमारत का छज्जा अचानक नीचे खड़ी कार पर आ गिरा, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत यह रही कि कार का मालिक गाड़ी से बाहर था जिसके चलते वह बाल बाल बच गया। घटना के बाद घटनास्थल पर आसपास के लोग जमा हो गए। लोगों का कहना था कि खाली पड़ी इमारत की हालत के बारे में स्थानीय नगर पालिका को अवगत कराया जा चुका है। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब इससे लोगों की जान को खतरा बना है। खोड़ा नगर पालिका के अंतर्गत आने वाली आदर्श कालोनी में हुए हादसे के दौरान क्षतिग्रस्त कार का मालिक अकरम गाड़ी से बाहर था, जिससे उसकी जान बच गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि इमारत के आसापास काफी लोग अक्सर जमा होते हैं और गनीमत यही रही कि हादसे के वक्त वहां कोई नहीं था।

### निर्माणाधीन सोसाइटी में फंदे से लटका मिला शव

**नोएडा।** थाना बिसरख क्षेत्र के निर्माणाधीन एक सोसाइटी में एक 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव सरिया से बंधे फंदे में लटका हुआ मिला है। पुलिस को शक है कि उसने आत्महत्या किया है। वही चर्चा है कि उसकी हत्या की गई है। थाना बादलपुर के प्रभारी निरीक्षक उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि आज दोपहर को पुलिस को सूचना मिली कि गौर सिटी के पास जिंदल ग्रुप की निर्माणाधीन बिल्डिंग में एक 30 वर्षीय युवक का शव सरिया से बधे फंदे में लटका हुआ है। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### वायु प्रदूषण पर जागरूकता फैलाने के लिए साझेदारी

**नई दिल्ली/नोएडा।** वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने और स्वच्छ वातावरण बनाने की जरूरत पर लोगों को जागरूक करने के लिए आईआईटी दिल्ली और कू ऐप ने एक बड़ा कदम उठाया है। इसके लिए आईआईटी दिल्ली के इंडस्ट्री इंटरफ़ेस संगठन-फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर ने कू ऐप के साथ एक साझेदारी की घोषणा की है। आईआईटी दिल्ली में डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के प्रो. पी विग्नेश्वर इलावरसन ने कहा इस पायलट प्रोजेक्ट में समूचे भारत के स्तर पर लोगों को ऐसी व्यवहारिक आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित करने की क्षमता है जो अंततः प्रदूषण को रोकने में मदद कर सकती हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के साथ मिलकर आईआईटी दिल्ली ने वायु प्रदूषण के स्तर को ट्रैक करने के लिए भारत में कई स्थानों पर सेंसर लगाए हैं।

# त्योहारों पर लंबी दूरी की बसों के फेरे बढ़ाए जाएंगे

- ग्रेनो और नोएडा से रूट पर 30 मिनट में एक बस रवाना करने की तैयारी



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

आगामी त्योहारों के मद्देनजर ग्रेटर नोएडा और नोएडा स्थित उत्तर प्रदेश रोडवेज के डिपो से लंबी दूरी के विभिन्न जगहों के लिए बसें चलाई जाएंगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

ग्रेटर नोएडा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (एआरएम) ललित श्रीवास्तव ने बताया कि रक्षाबंधन के त्योहार के मद्देनजर लंबी दूरी के रूट पर सभी बसों के फेरे बढ़ा दिए जाएंगे, ताकि यात्रियों को समय पर बस मिल सके। उन्होंने कहा कि लंबी दूरी के रूट पर 30 मिनट में एक बस रवाना करने की तैयारी है।

उन्होंने बताया कि जिले में दूर से आकर काम करने वाले लोगों की तादाद काफी ज्यादा है। इनमें से ज्यादातर लोग त्योहार के मौके पर अपने-अपने घर जाते हैं। इस बार भी रक्षाबंधन पर बड़ी संख्या में लोगों के यात्रा करने की उम्मीद है। इसके लिए रोडवेज के अधिकारियों ने तैयारी की है। उन्होंने बताया कि ग्रेटर नोएडा डिपो से विभिन्न रूट पर 139 बसों का संचालन किया जा रहा है।

आठ से 20 अगस्त के बीच लंबी दूरी के रूट पर विशेष संचालन होगा, जिनमें आगरा, मैनपुरी, एटा, अलीगढ़, हाथरस, बुलंदशहर समेत अन्य रूट पर बसों के फेरे बढ़ा दिए जाएंगे। नोएडा के मोरना डिपो के एआरएम नरेश पाल सिंह ने कहा कि नौ अगस्त से लखनऊके लिए बसों की संख्या बढ़ा दी जाएगी। 12 अगस्त तक यात्रियों को अतिरिक्त बसों की सुविधा मिलेगी। आसपास के कम भीड़ वाले रूट से बसें हटाकर इन शहरों के लिए बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। मेरठ, आगरा, बिजनौर, गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा, बुलंदशहर आदि शहरों के लिए बसें अतिरिक्त फेरे लगाएंगी।

# इथियोपिया में फंसे यूपी के चार लोग

- कंपनी ने नौकरी करने भेजा था, पासपार्ट छीनकर किया बंद

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

अफ्रीकी महाद्वीप के देश इथियोपिया में नौकरी करने गए उत्तर प्रदेश के चार लोग वहां फंस गए हैं। उन्हें रोलिंग मशीन कंपनी ने बंधक बनाकर एक कमरे में कैद कर दिया है। पासपोर्ट भी छीन लिए हैं।

इथियोपिया में स्थित भारतीय दूतावास से भी उन्हें कोई मदद नहीं मिल पा रही। इन लोगों ने वीडियो जारी करके भारत सरकार से मदद की गुहार लगाई है। आजमगढ़ जिले में गांव वेलकुडा निवासी संजय कुमार मिश्रा, गांव चंदाभारी निवासी राजबहादुर चौबे, गांव जूड़ा रामपुर निवासी संदीप सिंह और बलिया जिले के ग्राम जनऊपुर निवासी धर्मेंद्र यादव 9 मार्च 2022 को गाजियाबाद की प्रीत मशीनरी रोलिंग मशीन के द्वारा इथियोपिया भेजे गए थे। प्रीत रोलिंग मशीन ने ही इनका वीजा बनवाया था और ये कहा था कि इथियोपिया में एक प्रोजेक्ट शुरू करना है। तीन महीने बाद इन चारों की भारत वापसी तय हुई थी। संजय मिश्रा इस कंपनी में बतौर रोलिंग फोरमैन और बाकी तीनों लोग फिटर पद पर तैनात हुए थे।

# कारोबारी को बंधक बना तमंचे के बल पर चार लाख ट्रांसफर कराए

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मुरादनगर की राधेश्याम विहार कॉलोनी में कारोबारी को बंधक बनाने के बाद तमंचे के बल पर चार लाख रुपये ट्रांसफर कराने का मामला सामने आया है। कारोबारी ने गुरुवार शाम पीने के लिए मांगी मांगा तो आरोपी पानी लेने चला गया। जान बचाने के लिए कारोबारी मकान की पहली मंजिल से कूद गया।

घटना में घायल हुए कारोबारी को अस्पताल में भर्ती कराया गयाहै। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। राजनगर निवासी प्रमोद कुमार अपना कारोबार करते हैं। प्रमोद कुमार ने बताया कि मुरादनगर की राधेश्याम विहार कॉलोनी के फेज.एक में उनका बचपन का दोस्त रहता है।

आरोप है कि घर पहुंचने के कुछ देर बाद दोस्त ने उन पर तमंचा तान दिया और 16 लाख रुपये की मांग की। रुपये न देने पर वह उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहा था। कारोबारी का आरोप है कि इसके बाद दोस्त ने उन्हें कमरे में बंधक बना लिया और गन प्वाइंट पर उनके भाई व कुछ मिलने वालों से चार लाख रुपये खाते में ट्रांसफर करा लिए।

# एडिफिस ने सीबीआरआई को सौंपी रिपोर्ट

- रविवार तक मिल जाए क्लीयरेंस तो 21 अगस्त को टावर कर देंगे ध्वस्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में सुपरटेक के दोनों टावर 21 अगस्त तक गिराए जा सकते है यदि सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट सीबीआरआई उन्हें रविवार तक क्लीयरैंस देती है तो। सीबीआरआई ने जिन प्वाइंट पर जवाब मांगा था उनको दिया गया है। हालांकि हम पूरी तरह से आश्वस्त है कि ये ब्लास्ट एक कंट्रोलड ब्लास्ट होगा। इसलिए इंप्लॉजन तकनीक का प्रयोग ही यहां किया जा रहा है। जिससे पहले भी कई इमारत देश और विदेश में गिराई जा चुकी है।

उन्होंने बताया कि रविवार को क्लीयरैंस मिलते ही एक्स्प्लोसिव लगाने का काम शुरू किया जाएगा। एक्स्प्लोसिव सिर्फ दिन में लगाया जाएगा। लेकिन हम ये कार्य 20 अगस्त तक हर हाल में पूरा कर लेंगे। सभी प्रकार की अंतिम तैयारियां हो चुकी है। 15 दिनों से पहले ही हम इमारत को रिचार्ज कर सकते है। सीबीआरआई ने इन पर मांगी थी रिपोर्ट ट्रॉयल ब्लास्ट के बाद जो नया ब्लास्ट डिजाइन तैयार किया है उसकी रिपोर्ट ब्लास्ट के दौरान ब्रिटेन की कंपनी की ओर से तैयार वाइब्रेशन रिपोर्ट ब्लास्ट के बाद डिबरीस का निस्तारण प्लान टेस्ट ब्लास्ट की रिपोर्ट उस दौरान वाइब्रेशन मानिटरिंग रिपोर्ट डस्ट क्लाउड होगा।

टावर को ध्वस्त करने के लिए जो विस्फोटक लगाया जाएगा, उसमें 325 किलो सुपर पावर जैल, 63300 मीटर्स सोलर कार्ड, सॉफ्ट टयूब, जिलेटिन रॉड, 10990 नंबर सुप्रीम डिले नॉन इलेक्ट्रिक डेटोनेटर रैगिंग क्लास-6 और डिवीजन-2 होंगे। चार इंस्टेंट, नोयस एक्सप्लोसिव डिवाइस



का प्रयोग किया जाएगा। विस्फोटक लगाने का काम 60 लोग करेंगे। टावर के किसी भी पिलर में पांच से ज्यादा होल नहीं होंगे। किसी भी होल में 1.375 किलो से ज्यादा विस्फोटक नहीं लगाया जाएगा। किसी भी दो पिलर में एक साथ विस्फोट नहीं होगा। टावर परिसर के 40 मीटर दायरे में किसी भी अन्य तरह की गतिविधि नहीं होनी चाहिए।

# सार्वजनिक स्थानों पर जाम छलकाना पड़ा भारी

- ग्रेटर नोएडा जोन में 519 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने वालों के खिलाफ पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। इस दौरान ग्रेटर नोएडा जोन में 519 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों ने पुलिस फोर्स के साथ पैदल मार्च किया। नोएडा पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह के निर्देश पर गौतम बुद्ध नगर के सभी थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया गया।

इस दौरान डीसीपी, एडिशनल डीसीपी अन्य पुलिस अधिकारियों के



द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पैदल मार्च किया गया। पैदल मार्च के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ भी अभियान चलाया और उनकी धरपकड़ की गई। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ ग्रेटर नोएडा जॉन में कार्रवाई हुई। इस दौरान 519 लोगों को पुलिस के द्वारा पकड़ा गया और इन लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 290 के तहत कार्रवाई की गई। सभी लोगों को साफ तौर पर हिदायत दी गई कि आगे से कभी भी खुले में शराब का सेवन न करें अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा चलाए गए इस विशेष अभियान में पुलिस के द्वारा चेकिंग अभियान भी चलाया गया।

इस दौरान शराब पीकर वाहन चला रहे लोगों की गाड़ियों के चालान काटे गए। वही नियमों का पालन न करने वाले 108 वाहनों के चालान काटे गए साथ ही दो मोटरसाइकिल को सीज भी किया गया। कुल 116 वाहनों के खिलाफ यह कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों के द्वारा महिला सुरक्षा को लेकर भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च किया गया। गौतमबुद्ध नगर की स्वयं सिद्धा टीम ने भी पैदल मार्च किया और महिलाओं से बातचीत की। साथ ही महिलाओं से उनकी समस्याओं के बारे में जाना और उन्हें हेल्पलाइन नंबर भी साझा किए गए।

किसी भी तरह की परेशानी होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने के लिए महिलाओं से कहा गया। ग्रेटर नोएडा के बीटा 2 थाना क्षेत्र में एडिशनल डीसीपी विशाल पांडे, एसीपी महेंद्र देव सिंह और बीटा 2 थाना प्रभारी अनिल राजपूत के द्वारा पैदल मार्च किया गया। इस दौरान भारी पुलिस फोर्स उनके साथ मौजूद रही। एडिशनल डीसीपी विशाल पांडे ने बताया कि पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह के निर्देश के बाद यह विशेष अभियान चलाया गया है। 519 लोगों के खिलाफ कार्रवाई हुई है। यह वह लोग हैं जो खुले में शराब का सेवन कर रहे थे।

# मसूरी थाने में बनाई बदमाशी की रील, पुलिस में हड़कंप

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

रील बनाने के चक्कर में नियम-कानूनों को ताक पर रखने के मामले अकसर सामने आते हैं, लेकिन पहली बार ऐसा मामला सामने आया है जिसमें युवक ने थाने में ही बदमाशी की रील बना डाली।

मामला मसूरी थाने का है, जिसमें एक युवक ने गैंगस्टर के गाने पर रील बनाई है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद फजीहत होने पर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। सोशल मीडिया पर गुरुवार को एक वीडियो वायरल हुई। दस सेकेंड की इस वीडियो में एक युवक मसूरी थाने के कार्यालय की तरफ से एसएचओ के कार्यालय की तरफ आ रहा है। गैंगस्टर के गाने पर युवक ने बदमाशी की वीडियो बनाई है। फिल्मी अंदाज में वह हाथ को इस तरह हवा में लहरा रहा है, जिस तरह हथियार लहराते हैं। वीडियो वायरल होते ही पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस ने देर शाम आरोपी को ट्रेस कर लिया, जिसकी पहचान आकाश पंडित के रूप में हुई है।

युवक जिस वक्त थाने में बदमाशी की रील बना रहा था, उस दौरान एक महिला पुलिसकर्मी स्कूटी निकाल रही थी। वीडियो पर संज्ञान लेते हुए अधिकारियों ने पहले तो मसूरी पुलिस को फटकार लगाई और फिर वीडियो की सत्यता की जांच कर आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# सीयूईटी परीक्षा के दूसरे दिन भी तकनीकी खामियों ने रुलाया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा के दूसरे दिन शुक्रवार को भी छात्रों को तकनीकी खामियों का सामना करना पड़ा। परीक्षा देने आए कई परिक्षार्थियों ने दावा किया कि उन्हें केवल इस सूचना के लिए दो घंटे इंतजार करना पड़ा कि दिन के लिए निर्धारित परीक्षाएं रद्द कर दी गई हैं। इस बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने कहा कि देशभर के 95 फीसदी केंद्रों पर सीयूईटी के पहले चरण का संचालन सुचारू रूप से हुआ।

दिल्ली विश्वविद्यालय से समाज शास्त्र में बीए (ऑनर्स) करने की इच्छुक गनिका ने कहा, मैं छतरपुर से नोएडा सेक्टर-64 (लगभग 34 किलोमीटर) के परीक्षा केंद्र पर आई। उसे कंप्यूटर पर बिठाया गया। दोपहर 12 बजे बताया गया कि आज परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी क्योंकि तकनीकी समस्याएं हैं।

कल, मेरी बहन नरेला से इस केंद्र (लगभग 84 किलोमीटर) तक आई थी, लेकिन इसी कारण उसे वापस लौटना पड़ा। उन्होंने कहा, यह कुप्रबंधन की हद है। सीयूईटी में शामिल होने आईं हिमांशी उदार ने भी कुछ इसी तरह की शिकायत करते हुए कहा, मैं केंद्र पर समय से पहुंचने के लिए द्वारका सेक्टर-51 (44 किलोमीटर) के अपने घर से सुबह 5:30 बजे निकली थी। लेकिन करीब तीन घंटे बाद हमें बताया गया कि आज परीक्षा नहीं होगी और हमें 12 अगस्त को दोबारा आना है। इतनी दूर से आना-जाना बेहद मुश्किल काम है। हिमांशी की मां ने कहा कि अभिभावकों के लिए भी यह मुश्किल भरा है क्योंकि कई लोगों को बच्चों के साथ आने के लिए काम से छुट्टी लेनी पड़ती है।

गौरतलब है कि सीयूईटी (यूजी) की दूसरी पाली की बृहस्पतिवार को प्रस्तावित परीक्षा सभी 489 केंद्रों पर रद्द कर दी गई थी, जबकि पहली पाली के दौरान 17 राज्यों के कुछ केंद्रों पर परीक्षा टालनी पड़ी। एनटीए की वरिष्ठ निदेशक साधना पाराशर ने कहा था, विभिन्न प्रशासनिक और तकनीकी कारणों से, चार अगस्त (पहली पाली) के लिए निर्धारित सीयूईटी-यूजी, 2022 को 17 राज्यों के कुछ परीक्षा केंद्रों के लिए 12 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। एनटीए ने बृहस्पतिवार को कहा था कि परीक्षा में शामिल नहीं हो सके छात्रों का प्रवेश पत्र वैध रहेगा जबकि शुक्रवार को कुछ छात्रों ने दावा किया कि उनसे प्रवेश पत्र फाड़ देने को कहा गया।



● देशभर के 95 फीसदी केंद्रों पर पहले चरण का संचालन सुचारू रूप से हुआ : एनटीए

# सरकार बांटेगी 25 लाख तिरंगे, 14 की शाम राष्ट्रगान

## आजादी की 75वीं वर्षगांठ : पूरे शहर में 100 जगह आयोजित होंगे देशभक्ति कार्यक्रम

● सरकारी स्कूलों में हर बच्चे को तिरंगा दिया जाएगा

● रोजगार और हर महिला को सुरक्षा मिलने से भारत बनेगा नंबर वन: केजरीवाल



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आजादी की 75वीं सालगिरह को बहुत ही भव्य तरीके से मनाने तैयारी दिल्ली सरकार ने की है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को दिल्ली वालों से अनुरोध किया है कि स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संख्या पर शाम पांच बजे हर हाथ में तिरंगा लेकर पूरी देशभक्ति के साथ राष्ट्रगान गाए।

सब मिलकर तिरंगा फहराएंगे, राष्ट्रगान गाएंगे और हर हाथ में तिरंगा होगा। दिल्ली सरकार लोगों में 25 लाख तिरंगे बांटेगी। सरकारी स्कूलों में हर बच्चे को तिरंगा दिया जाएगा। 14 अगस्त को वह भी अपने हाथ में तिरंगा लेकर दिल्ली वालों को राष्ट्रगान गाएंगें। राजधानी दिल्ली में तरह-तरह के करीब 100 जगह कार्यक्रम होंगे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जब तिरंगा हाथ में लेकर राष्ट्रगान गाएंगे, तब हमें प्रण करना है कि हमें देश को दुनिया का नंबर वन राष्ट्र बनाना है। साथ यह भी याद रखना है कि जब तक हर बच्चे को अच्छी शिक्षा, हर भारतवासी को अच्छा इलाज, हर घर को बिजली, गांव-गांव तक सड़क, बेरोजगारों को रोजगार और हर महिला को सुरक्षा नहीं मिलेगी, तब तक भारत दुनिया का नंबर वन देश नहीं बन सकता।

### सक्षम लोग तिरंगे की व्यवस्था खुद करें

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने डिजिटल संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश आजादी की 75वीं साल गिरह मनाने के लिए आतुर हैं। केंद्र, सभी राज्य सरकारें, सभी संस्थाएं और लोग अपने-अपने तरीके से वर्षगांठ मना रहे हैं। इसके तहत हर घर तिरंगा, हर हाथ तिरंगा जैसे तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

दिल्ली में वह इसके आयोजन के लिए बहुत बड़े स्तर पर लोगों को तिरंगे बांटने वाले हैं। जो लोग अपने से तिरंगा ले सकते हैं, वो अपने से तिरंगा का इंतजाम कर लें। बच्चे पेंटिंग करके तिरंगा बना लें। जो लोग तिरंगा खरीद सकते हैं, वो खरीद लें।

# बारिश ने गर्मी से दी राहत जलभराव से सड़कों पर आफत

● शनिवार और रविवार को भी आसमान में बादल छाए रहेंगे : मौसम विभाग



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली एनसीआर में मौसमी उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। दिन में कभी आसमान में बादल छा रहे हैं तो कभी धूप निकल जाती है और बीच-बीच में हल्की बारिश का दौर भी चलता रहता है। इसी कड़ी में शुक्रवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश भी हुई। इससे गर्मी और उसम से राहत बरकरार है। बारिश के से कई इलाकों में पानी भर गया और यातायात भी प्रभावित हुआ।

शुक्रवार सुबह से मध्य दिल्ली और साकेत, मालवीय नगर, बुराड़ी, जीटीबी नगर, ईस्ट ऑफ कैलाश, लाजपत नगर मेतथा कैलाश हिल्स में हल्की से मध्यम बारिश हुई। दिल्ली यातायात पुलिस ने लोगों को आगाह करने के लिए कुछ निर्देश जारी किए हैं और लोगों से उसके मुताबिक अपनी यात्रा संबंधी निर्णय करने को कहा है। मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली में तथा उसके आसपास के इलाकों में अगले दो घंटों में और बारिश होने का अनुमान लगाया है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के क्षेत्रीय मौसम पूर्वानुमान केंद्र (आरडब्ल्यूएफसी) ने सुबह करीब 10 बजकर 50 मिनट पर ट्वीट किया, दिल्ली, एनसीआर (नोएडा के लोनी देहात, हिंडन वायु सेना स्टेशन, फरीदाबाद के बल्लभगढ़, गुरुग्राम के मानेसर हरियाणा के राजौंद, असंध, पानीपत, गोहाना, गनौर) के अधिकतर स्थानों पर अगले दो घंटे के दौरान गरज के साथ छींटे पड़ने के साथ ही हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। आईएमडी के अनुसार, न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री से अधिक 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम कार्यालय के अनुसार, शहर में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। शहर में सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 92 प्रतिशत दर्ज की गई। लुटियंस दिल्ली के पास इंडिया गेट, संसद मार्ग, आईटीओ, पालम, शाहदरा, दिलशाद गार्डन, आयानगर, डेरामंडी, पीतमपुरा और नजफगढ़ में बारिश हुई। तीन दिन तक हल्की वर्षा देगी गर्मी से राहत भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के ताजा पूर्वानुमान के मुताबिक, शुक्रवार के अलावा शनिवार और रविवार को भी हल्की वर्षा का अनुमान जताया है। शनिवार और रविवार को आसमान में बादल छाए रहेंगे। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से काफी हद तक राहत मिलने के आसार हैं।

## कांग्रेस के प्रदर्शन से यातायात प्रभावित रहा



**नई दिल्ली** । महंगाई, बेरोजगारी और कई खाद्य वस्तुओं को जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) के दायरे में लाए जाने के खिलाफ शुक्रवार को कांग्रेस के प्रदर्शन के चलते राष्ट्रीय राजधानी में कई जगहों पर लोगों को जाम का सामना करना पड़ा। विरोध प्रदर्शन के चलते राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा समेत कांग्रेस के 60 से अधिक सांसदों तथा 300 से ज्यादा नेताओं-कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया गया। कांग्रेस के संसद भवन से राष्ट्रपति भवन तक मार्च निकाले पर पुलिस ने पहले से संबंधित मार्गों पर यातायात पर रोक से संबंधी दिशा निर्देश पहले ही जारी कर दिया था और लोगों को सलाह दी थी कि वह वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करें। जिसके कारण अकबर रोड से लेकर आसपास के सड़कों पर यातायात का भारी दबाव बना रहा। कांग्रेस नेताओं को हिरासत में लेने के बाद मॉडल टाउन स्थित पुलिस लाइन किंग्सवे कैम्प में रखा गया था। जिसके कारण रिंग रोड और आसपास की सड़कों पर यातायात प्रभावित रहा।

# शहर में रात 12 बजे तक होगी रामलीला : भाजपा



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने उपराज्यपाल से भेंट के बाद किया दावा

दिल्ली वाले अब रात 12 बजे तक रामलीला देख सकेंगे। उपराज्यपाल वीके सक्सेना से भेंट करने के बाद दिल्ली भाजपा नेताओं ने कहा है कि दिल्ली में रामलीला समितियों को आयोजन स्थलों का कम किराया देना होगा और उन्हें बिना किसी रूकावट के नगर निकाय एजेंसियों से जरूरी अनुमति मिलेगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने यह भी दावा किया कि रामलीलाओं के आयोजन का समय रात दस बजे से बढ़ाकर 12 बजे किया जाएगा ताकि लोग काम से लौटने के बाद अपने परिवारों को रामलीला दिखाने ले जा सकें।

रामलीला समितियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ भेंट के बाद उपराज्यपाल ने ट्वीट किया कि उन्होंने संबंधित एजेंसियों को मौके पर मुद्दों का समाधान करने और लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया आसान करने का निर्देश दिया है। उन्होंने लिखा, (मैं)रामलीला समितियों से मिला और (मैंने) शहर में रामलीला के सुचारू संचालन से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। (मैंने)संबंधित एजेंसियों को मौके पर ही मुद्दों का समाधान करने और लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया आसान करने का निर्देश दिया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि उपराज्यपाल ने अधिकारियों को रामलीला के लिए मैदान का किराया 66 रूपए प्रति वर्गफुट से घटाकर 15 रूपए प्रति वर्ग फुट करने का निर्देश दिया।

भाजपा प्रतिनिधिमंडल में गुप्ता, पश्चिम दिल्ली के सांसद प्रवेश वर्मा, दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह विधूड़ी, प्रदेश भाजपा महासचिव एवं दिल्ली धार्मिक महासंघ के महासचिव अशोक गोयल देवराहा एवं रामलीला समितियों के कुछ सदस्य शामिल थे।

वर्मा ने कहा कि नगर निकाय अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि रामलीला समितियों की समस्याओं का हल किया जाए तथा बिना किसी रूकावट के उन्हें अनुमतियां एवं लाइसेंस जारी किया जाए।

# मोंटेनेग्रो दूतावास में पानी की किल्लत

● एलजी ने मुख्यमंत्री को दी नसीहत, ऐसी घटनाओं से खराब होता है देश का नाम


पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार और उपराज्यपाल के बीच तकरार का सिलसिला जारी है। मुद्दा कोई भी क्यों ना रहे, समय-समय पर दोनों के मतभेद साफ प्रकट हो जाते हैं। ताजा मामले में मोंटेनेग्रो के दूतावास में गत दिनों से पानी की समस्या को लेकर मिली शिकायत के बाद उपराज्यपाल नाराजगी जताई है। उन्होंने दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव को तुरंत कार्रवाई करने के निर्दो दिए है। साथ ही मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से कहा है कि ऐसी घटनाओं से देश का नाम बदनाम होता है।

उपराज्यपाल ने कहा, मोंटेनेग्रो के वाणिज्य दूतावास से दिल्ली जल बोर्ड द्वारा पानी की आपूर्ति नहीं होने, टैंकरों की अनुपलब्धता और गंदा पानी आने के बारे में शिकायत मिली। मुख्य सचिव को इस मुद्दे को तुरंत हल करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ऐसे मामलों के समाधान की सलाह दी, जो विश्व स्तर पर भारत की छवि को प्रभावित करते हैं। मोंटेनेग्रो के मानद महावाणिज्य दूत डॉ जेनिस डी. ने दो दिन से पानी की आपूर्ति नहीं होने और दिल्ली जल बोर्ड के पानी के टैंकर भी उपलब्ध नहीं होने के बारे में उपराज्यपाल को पत्र के माध्यम से सूचित किया था।



इस बीच दिल्ली जल बोर्ड ने सफाई दी है कि जहां मोंटेनेग्रो के वाणिज्य दूतावास है वहां हाल के दिनों में पानी की आपूर्ति में कोई व्यवधान नहीं आया है। इलाके में पानी की आपूर्ति पर्याप्त दबाव पर की जा रही है। हाल में गंदे पानी सप्लाई की कोई शिकायत नहीं मिली है। दूतावास से बृहस्पतिवार शाम को जिस मोबाइल नंबर से पानी टैंकर भेजने का अनुरोध किया था। वहां शुक्रवार सुबह पानी पहुंचाया गया। संबंधित जेई ने फील्ड स्टाफ के साथ शिकायत करने वाले मकान का का दौरा कर दूतावास के कर्मचारियों को अवगत कराया कि उनके आवास पर पानी की आपूर्ति सुचारू होगी।



नई दिल्ली में शुक्रवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने निर्वाचित राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मुलाकात कीं।

## डीयू से वित्त पोषित कॉलेजों के अधिग्रहण की मांग

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े राष्ट्रीय जनतांत्रिक शिक्षक मोर्चा ने हाल ही में दिल्ली विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद की बैठक के दौरान दिल्ली सरकार द्वारा वित्त पोषित कॉलेजों के शासी निकाय में अनियमितताओं का मुद्दा उठाया और विश्वविद्यालय से आग्रह किया कि वह इन कॉलेज का अधिग्रहण करे। एनडीटीएफ के सदस्यों डीयूकी अकादमिक परिषद की बैठक के दौरान शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया में देरी को लेकर चिंता व्यक्त की। दिल्ली सरकार द्वारा पूरी तरह से वित्त पोषित कॉलेज के शासी निकाय की अनियमितताओं का मुद्दा भी एनडीटीएफ सदस्यों द्वारा उठाया गया था।

# महिला सशक्तिकरण: नजफगढ़ बनेगा सूक्ष्म उद्यम का हब

## दिल्ली का पहला शहर स्तरीय महिला स्वयं सहायता समूह महासंघ शीघ्र बन जाएगा : गहलोत

● दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों की टीम हब बनाने में करेगी मदद



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नजफगढ़ जल्द महिलाओं द्वारा संचालित सूक्ष्म उद्यम का हब बनेगा ये स्वयं सहायता समूह जल्द ही राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना के तहत नजफगढ़ का पहला क्षेत्र स्तरीय महासंघ (एएलएफ) बनेगा।

इसके द्वारा महिलाओं को प्रासंगिक प्रशिक्षण प्रदान करके क्रेडिट और बाजार लिंकेज, उपयुक्त स्थान, सामाजिक सुरक्षा और आजीविका उत्पन्न करने में सहायता प्रदान किया जायेगा। इसका मकसद बुनियादी बचत खाते खोलकर, बचत की आदतों का निर्माण करके, वित्तीय साक्षरता, ऋ ण, किफायती बीमा और प्रेषण सुविधाओं तक पहुंच की सुविधा के माध्यम से सार्वभौमिक वित्तीय समावेशन प्राप्त करना है। यह राज्य सरकार के रोजगार बजट के अनुरूप है, जिसका लक्ष्य अगले पांच वर्षों में 20 लाख नौकरियां पैदा करना है। राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत ने शुक्रवार को 120 से अधिक महिलाओं वाले 12 नवगठित महिला स्वयं सहायता समूहों के साथ बातचीत की।

उन्होंने कहा कि नजफगढ़ महिलाओं द्वारा संचालित सूक्ष्म उद्यम केंद्र का हब बने जिससे की महिला सशक्तिकरण संभव हो सके और रोजगार बजट का लक्ष्य पूर्ण हो सके। पहले शहर-स्तरीय महिला महासंघ के गठन के लिए 3 कॉलेजों- कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज, आर्यभट्ट कॉलेज और नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 70 से अधिक छात्रों की एक टीम राजस्व मंत्री के साथ काम करेगी। राजस्व मंत्री कार्यालय से प्रोजेक्ट लीड के रूप में मंथन आनंद के नेतृत्व में यह टीम एसएचजी सदस्यों के साथ बड़े पैमाने पर व्यवसाय स्थापित करने के लिए काम करेगी।

### स्वयं सहायता समूह बनाने में मिलेगी मदद

महिला एवं बाल विकास मंत्री कैलाश गहलोत ने नजफगढ़ में सैनिक एन्क्लेव पार्ट-तीन में एक नए आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया। क्षेत्र में नया आंगनवाड़ी केंद्र पूरक पोषण, प्रीस्कूल शिक्षा, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, रेफरल सेवाएं व पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा सहित सेवाओं का एक पैकेज प्रदान करके बच्चों, गर्भवती महिलाओं और नर्सिंग माताओं के पोषण और स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार करेगा। इस आंगनवाड़ी केंद्र में 60 बच्चों और 15 महिलाओं को पहले ही नामांकित किया जा चुका है। आंगनबाडी कार्यकर्ता नए खुले आंगनबाडी केंद्र में लाने के लिए उनकी पहचान करने के लिए सर्वेक्षण कर रही हैं। यह आंगनवाड़ी केंद्र क्षेत्र की महिलाओं को अपने स्वयं सहायता समूह बनाने के लिए प्रोत्साहन और सुविधा प्रदान करेगा।


## यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ओमेगा-1 (पी-2), ग्रेटर नोएडा
Tollfree No. : 18001808296 वेबसाइट : www.yamunaexpresswayauthority.com

YEIDA FUTURE IS HERE

पत्रांक : वाई.ई.ए./GM(P)/2022/628 — दिनांक: 05.08.2022

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/केन्द्र शासित/अर्द्धशासिक/सार्वजनिक उपक्रमों के कार्यों का कम से कम चार वर्ष का अनुभव रखने वाले ठेकेदारों/फर्मों से ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती है। ई-प्रीक्योरमेंटसोल्यूशन द्वारा निविदायें द्विस्तरीय पद्धति से खोली जायेंगी।

कार्यालय आदेश संख्या वाई.ई.ए./GM(P)/2022/627 दिनांक 05.08.2022 के अनुपालन में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की कार्यों में संविदाकार द्वारा बिल ऑफ क्वान्टिटी (बी.ओ.क्यू.) पर डाले गये 10 प्रतिशत कम दरों तक 0.5 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर पर तथा उसके पश्चात 10 प्रतिशत से अधिक कम दरों पर 1.00 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर पर सिक्योरिटी/परफॉर्मेन्स गारन्टी प्राप्त की जायेगी तथा परफॉर्मेन्स गारन्टी एफ.डी.आर./सी.डी.आर./बैंक गारन्टी/एन.एस.सी. के रुप में न्यूनतम संविदाकार द्वारा अनुबन्ध गठन से पूर्व देनी होगी, जो कार्य के अन्तिम बीजक होने के बाद वापिस होगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | P & F G.S Sheet for Roof (generator room) and Ground Floor and Construction of New Guard room in Staff Parking YEIDA Office. WC-Asset | रु. 1.74 लाख |
| 2. | Construction of Pump room and Installation of Solar Pump in Village-Ahmadpur Choroli YEA. WC-06 | रु. 5.04 लाख |
| 3. | Construction of Brick Drain in Village Banvaribas YEA. WC-06 | रु. 4.39 लाख |
| 4. | Providing and Fixing Interlocking Tile from Master Shahid House Subhash House in Village Usmanpur. YEA. WC-06 | रु. 10.55 लाख |
| 5. | Repairing of Old Boundary Wall for plot no.-GH-06, Sector-22D, YEA. WC-02 | रु. 14.68 लाख |
| 6. | Repairing work of Shamshan Ghat and Panchayat Ghar in Village-Moonjkhera YEA. WC-06 | रु. 22.02 लाख |

जिन्हें दिनांक 17.08.2022 से 29.08.2022 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालीफिकेशन दिनांक 30.08.2022 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 7. | M/o Parks in Pocket-1B, Sector-18 with Two year maintenance YEA. WC-Horti | रु. 18.57 लाख |
| 8. | Maintenance of Trees Shrubs on 60 mtr road Central Verge both Side Patri Ch.23.70 km to 27.00 km with Two year YEA. WC-Horti | रु. 29.64 लाख |
| 9. | C/o Boundary Wall for Parks Pocket-B in Sector-20, YEA. WC-Horti | रु. 57.81 लाख |
| 10. | M/o Parks in Pocket-J Sector-18 for Two year. YEA. WC-Horti | रु. 51.25 लाख |
| 11. | Maintenance of Trees Shrubs on 45 mtr wide road Central Verge & Both Side Patri along Pocket-Q to M & around Pocket-R in Sector-20 for Two year YEA. WC-Horti | रु. 46.45 लाख |
| 12. | Remaining work of Road Sewerage and Water Supply & Drain in residential Plot RPS-02 in Sector-22D, YEA. WC-02 | रु. 52.88 लाख |

जिन्हें दिनांक 18.08.2022 से 30.08.2022 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालीफिकेशन दिनांक 31.08.2022 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।

महाप्रबन्धक (परियोजना)

# गुरुग्राम पुलिस ने निकाली तिरंगा बाइक यात्रा

## कई क्षेत्रों में घूमकर लोगों को हर घर तिरंगा के प्रति किया जागरुक

## उपायुक्त व पुलिस उपायुक्त ने तिरंगा बाइक यात्रा को हरी झंडी दिखाई



गुरुग्राम में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा बाइक यात्रा निकालते गुरुग्राम पुलिस के जवान।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शुक्रवार** को गुरुग्राम पुलिस की ओर से हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा बाइक यात्रा निकाली गई। एक बाइक पर दो पुलिस के जवान और दो ही तिरंगे झंडे लगाकर जब बाइक का काफिला रवाना हुआ तो लहराते तिरंगों का नजारा अलग ही दिखा।

उपायुक्त निशांत कुमार यादव व पुलिस उपायुक्त मुख्यालय अंशु सिंगला ने पीडब्ल्यूडी स्वर्ण जयंती विश्राम गृह से इस तिरंगा बाइक यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा में गुरुग्राम पुलिस के जवान पुलिस राईडर्स पर हाथों में तिरंगा लेकर सवार थे। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव में हम सबकी बराबर की भागीदारी हो।

जवान हो या किसान या फिर आम नागरिक हों। सभी को तिरंगा फहराकर अपने देश के प्रति सम्मान का भाव दर्शाना है। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी आन-बान और शान की प्रतीक है। इसकी शान को हमें सदा ऊंचा रखना है। पुलिस उपायुक्त अंशु सिंगला ने कहा कि वैसे तो हम सभी सदा तिरंगे का सम्मान करते हैं। तिरंगे के नीचे खुद को सुरक्षित मानते हैं। इस बार आजादी का दिवस विशेष है। हमारी आजादी को 75 साल पूरे हो रहे हैं।

इस उपलक्ष में सरकार की ओर से यह तिरंगा फहराने का जो विशेष कार्यक्रम शुरू किया है, इसमें हम सबकी भागीदारी होनी चाहिए। इस अवसर पर एसीपी अपराध प्रीतपाल सांगवान समेत पुलिस के कई अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# बिजली का करंट लगने से 15 वर्षीय छात्र की मौत, केस दर्ज

## सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने मामले की जांच शुरू की

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**निजी** स्कूल में पढ़ने वाले 15 वर्षीय छात्र की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। छात्र को आम रास्ते में दुकान के बाहर लगे लोहे के कूलर से करंट लगा। मृतक छात्र के परिजन नागरिक अस्पताल में सही उपचार न मिलने का आरोप लगा रहे है। मौके पर पहुंचे सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

शुक्रवार को शहर वार्ड-6 स्थित केडीएम स्कूल की कक्षा 9 में पढ़ने वाला छात्र यमन अपने बढ़े भाई गौरव के साथ छुट्टी होने के बाद पैदल ही अपने घर को चल दिया। यमन व गौरव स्कूल से मात्र 400 मीटर दूर ही चला था। उसने किराना दुकान के बाहर दीवार से लगे लोहे के कूलर को पकड़ लिया। जिसमें आ रहा बिजली के करंट ने छात्र यमन को जोरदार करंट मारा और दूर फेंक दिया। जिसे बड़े भाई गौरव मौके पर पहुंचा स्कूल टीचर की मदद से निजी अस्पताल में लेकर पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने यमन की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। एम्बुलेंस न होने पर यमन को नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां डॉक्टरों ने यमन को मृत घोषित कर दिया। मृतक छात्र यमन जिला नूंह का गांव किरंज का रहने वाला था।

### उपचार न मिलने का आरोप

**मृतक** छात्र के पिता कर्मचंद ने बताया कि जिस समय यमन को गंभीर हालत में नागरिक अस्पताल के आपातकाल वार्ड में लाया गया था। उस समय वार्ड न तो डॉक्टर था और न ही स्टाफ कर्मचारी थे। यदि यमन को सही समय पर उपचार मिल जाता तो उसका बेटा बच जाता।



मृतक छात्र के परिजनों से बात करते हुए सोहना एसीपी नवीन कुमार।

### दुकानदार ने हटाया कूलर

**मामले** की जांच शुरू करते हुए एसीपी नवीन कुमार ने घटना स्थल का दौरा किया। पुलिस के आने से पहले ही मकान मालिक ने कूलर को दीवार से उतारते हुए सबूत मिटाने की कोशिश की है। एसीपी ने मृतक के परिजनों से लिखित में आरोपियों के खिलाफ शिकायत मांगी है। जिसके चलते मृतक छात्र का पोस्टमार्टम अभी नहीं हो सका है।

> " जिस समय बच्चा को लाया गया था। उस समय उसकी की मृत्यु हो चुकी थी।
>
> **डा. नवल किशोर (एसएमओ)**

# केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत के प्रयासों से चली पैसेंजर ट्रेन से यात्रियों को होगा बड़ा लाभ : डा. डीपी गोयल

## गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर पहुंची ट्रेन नंबर-74001/74002 का किया स्वागत

## डा. डीपी गोयल एवं नवीन गोयल ने राव इंद्रजीत सिंह का किया धन्यवाद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**दैनिक** यात्रियों की मांग को प्रमुखता से उठाते हुए रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल के प्रयास उस समय सफल हो गए, जब शुक्रवार शाम को रेल की सीटी गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर बजी। डा. डीपी गोयल ने इस कार्य का पूरा श्रेय केंद्रीय राज्य मंत्री एवं गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत सिंह को दिया। उन्होंने इस सुविधा के लिए रेलमंत्री से बात भी की और पत्र भी लिखा। सायं 05:35 बजे गुरुग्राम पहुंची इस ट्रेन नंबर-74001/74002 के संचालन से अब दैनिक यात्रियों को बड़ा लाभ मिलेगा।

शाम को गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर दिल्ली-रेवाड़ी पैसेंजर गाड़ी पहुंची तो रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल, पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल समेत सैंकड़ों लोगों ने ट्रेन का स्वागत किया। स्टाफ को मालाएं पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। रेल मंत्री पीयूष गोयल, रेलराज्य मंत्री राव साहेब दानवे, दर्शना जरदोष, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल का भी गोयल बंधुओं ने इस कार्य के लिए धन्यवाद किया है। इससे पूर्व अपने संबोधन में डा. डीपी गोयल ने इस ट्रेन की सुविधा को शुरू कराने का पूरा श्रेय केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को देते हुए कहा कि दिल्ली-रेवाड़ी रूट पर इस समय ट्रेन का संचालन नहीं होने के कारण काफी समय से परेशानी उठानी पड़ रही थी। दैनिक यात्रियों को मांग को उन्होंने केंद्रीय मंत्री एवं गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत सिंह तक पहुंचाया। मंत्री ने रेल मंत्री से इस ट्रेन को संचालित करने की सिफारिश की। इस दौरान नवीन गोयल ने कहा कि जनता के हितों के लिए केंद्र में जहां केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह मजबूती से पैरवी कर रहे हैं, वहीं गुरुग्राम में डा. डीपी गोयल एक कड़ी बनकर काम कर रहे हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि दिल्ली-गुरुग्राम-रेवाड़ी रेल मार्ग पर कोरोना काल में बंद हुई ट्रेनों के संचालन के लिए लगातार वे प्रयासरत हैं और लगातार ट्रेनें शुरू भी हो रही हैं।

इस अवसर पर बलजीत प्रधान सुभाष नगर आरडब्ल्यूए, अजय जैन, अनिता गुप्ता, राजीव शर्मा, रजनीश राठी, प्रेम सिंह गहलौत, योगेश नई बस्ती, हरजीत कौर, त्रिलोक अरोड़ा, चरणसिंह, राकेश ठाकुर, दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्र के सहसचिव उमेश द्विवेदी, संतोष ठाकुर, योगेश शर्मा आटो यूनियन प्रधान, मुकेश कुमार, सुभाष कौशिक, टिंकू वर्मा, कमल पहलवान, राजेश गुलिया, रमेश राजेंद्रा पार्क, उमाकांत शर्मा समेत सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



दिल्ली-रेवाड़ी रूट पर शुक्रवार से शुरू हुई पैसेंजर ट्रेन के स्टाफ का स्वागत करते डा. डीपी गोयल व नवीन गोयल।

# हर घर तिरंगा अभियान के लिए प्रशासन ने राजनीतिक दलों से मांगा सहयोग



राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेते एडीसी विश्राम कुमार मीणा।

## अभियान के नोडल अधिकारी एवं एडीसी ने दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आजादी** के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 13 से 15 अगस्त तक आयोजित किए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान को जन अभियान बनाने के लिए गुरुग्राम जिला प्रशासन ने राजनीतिक दलों से सहयोग मांगा है। शुक्रवार को सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक बुलाई। उनसे इस अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए हर घर तक तिरंगा पहुंचाने में सहयोग मांगा।

लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त एवं हर घर तिरंगा अभियान के नोडल अधिकारी विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि नागरिकों द्वारा एक साथ इतने बड़े पैमाने पर तिरंगा फहराने से निश्चित रूप से देशभक्ति और देशप्रेम की भावना का संचार होगा। उन्होंने सभी दलों को विश्वास दिलाया कि जिला में तिरंगे झण्डे पर्याप्त संख्या में उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। जिला के स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से लघु सचिवालय, विकास सदन सहित सार्वजनिक स्थानों पर 20 तिरंगा वितरण केंद्र खोले जा चुके हैं। इसी प्रकार के कुल 100 केंद्र खोले जा रहे हैं। इसके अलावा जिला में स्थित राशन डिपुओं पर भी तिरंगा झण्डों की बिक्री की जा रही है, जहां से लोग तिरंगे खरीद सकते हैं। उन्होंने बताया कि 20 गुणा 30 ईंच आकार का झण्डा 20 रुपये में और यदि इसके साथ तीन फुट का डंडा भी लेते हैं तो 5 रुपये और देने होंगे। इस प्रकार इस आकार का झण्डा डंडे के साथ लगभग 25 रुपये का मिलेगा। बैठक में उपस्थित जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेश अरोड़ा ने बताया कि उनके दल ने घर-घर तिरंगा पहुंचाने का रोड मैप तैयार कर लिया है। जिला में लगभग 1250 मतदान केंद्र हैं। प्रत्येक बूथ के क्षेत्र में 100 झण्डे पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

एडीसी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर हर नागरिक अपने घर पर शान से तिरंगा फहराए। इस मुहिम को जन अभियान बनाने के लिए सभी राजनीतिक दलों के सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सभी दल अपने कार्यकर्ताओं को इस मुहिम से जोड़े और उन्हें तिरंगा हर घर तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करें। श्रीमीणा ने कहा कि जैसा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल कह चुके हैं कि यह अभियान किसी राजनीतिक दल का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि हर भारतवासी का कार्यक्रम है।

# सोहना में बारिश से हुआ अब तक का सबसे बड़ा जलभराव

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शुक्रवार** को हुई साढ़े चार घंटा रुक-रुक कर बारिश से शहर के सार्वजनिक स्थानों से लेकर बाजार, सरकारी भवन परिसर जलमग्न हुए। जलभराव से स्कूली बच्चों से लेकर आम नागरिक और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

एसडीएम के आदेश पर बीएण्डआर विभाग द्वारा शहर के हाईवे के साथ-साथ बने बरसाती नालों की सफाई के दौरान की गई कड़ी मेहनत पर शुक्रवार को हुई भारी बारिश ने पानी फेर दिया। शुक्रवार को रुक-रुक कर सुबह साढ़े नौ बजे बारिश शुरू हुई। यह बारिश दोपहर ढाई बजे तक होती रही। जिससे शहर के सार्वजनिक स्थानों बस स्टैंड परिसर, अनाज व सब्जी मंडी परिसर, नागरिक अस्पताल, पुराना तहसील परिसर आदि में जलभराव होने से नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। शहर की सड़कों में नागरिक अस्पताल मार्ग, बस स्टैंड मार्ग, महाराजा अग्रसेन मार्ग, पुरानी सब्जी मंडी मार्ग, फब्बारा चौक और बालूदा मार्ग शामिल है। बालूदा मार्ग पर करीब 500 मीटर की दूरी में तीन से चार फुट पानी सड़क पर जमा होने से वाहना चालकों को परेशानियां हुई। सड़क के दोनों तरफ बने मकानों में बारिश का पानी चला गया। सड़क के दोनों तरफ बने बरसाती नालों की सही ढंग से सफाई न होने के कारण पानी की निकासी सही नहीं हो पा रही है। देवी माता मंदिर मार्ग वार्ड-19 के नागरिकों के घरों में पानी जमा हो गया। बस स्टैंड के आगे व पीछे वाले खाली परिसर में जलभराव होने से वाहनों को पानी में से गुजरना पड़ा। यहां के निवासी भालूराम सैनी ने बताया कि मोटर लगाकर घर में जमा पानी को बाहर निकाला गया। जितनी बार भी दिन में बारिश हुई। उतनी बार ही पानी आम रास्ते से घर में आया है। जिसका कारण बारिश के पानी की वार्ड में से सही निकासी न होना है।



शुक्रवार को हुई बरसाती पानी से गुजरती छात्राएं।

## सोहना में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान में बारिश बनी बाधक

**सोहना।** शुक्रवार को भारी बारिश के कारण शहर में शुरू हुआ बरसाती नालों से अतिक्रमण के खिलाफ अभियान रोक दिया गया। इस अभियान को जारी रखते हुए शनिवार को चलाया जाएगा।

अतिक्रमण अभियान में ड्यूटी मजिस्टेट लगे नायब तहसीलदार लछीराम ने बताया कि राष्ट्रीय हाइवे ही नहीं शहर के अंदर के बाजारों में अतिक्रमण का सफाया किया जाएगा। बाजारों में बने गंदे व बरसाती पानी के नालों की भी सफाई की जाएगी। जिसके लिए नगर परिषद और जनस्वास्थ्य विभाग को जिम्मेदारियां सौंपी हुई है। बीएण्डआर विभाग पिछले करीब एक सप्ताह से नालों की सफाई व अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाए हुए हैं। एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने बताया कि शहर में जलभराव की समस्या को प्राथमिकता से समाप्त किया जाएगा।

# असंचारी रोगों के बढ़ने से महत्वपूर्ण हुआ बीमा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**हालिया** वर्षों में भारत में कार्डियोवैस्कुलर डिजीज, डायबिटीज, हाइपरटेंशन, कैंसर, न्यूरोलॉजिकल बीमारियों और सांस की पुरानी बीमारियों जैसे असंचारी रोगों (एनसीडी) में बढ़ोतरी हुई है। अमित कुमार मित्तल, प्रबंध निदेशक, रैपिड इंश्योरेन्स ग्रुप बताते हैं कि इनका मुख्य कारण है तंबाकू का सेवन, अस्वास्थ्यकर आहार, अल्कोहल का सेवन, वायु प्रदूषण और शारीरिक निष्क्रियता। भारत में हर चार में से एक व्यक्ति को 70 साल का होने से पहले एनसीडी से मरने का जोखिम रहता है। इस प्रकार गंभीर रोगों के लिये बीमा और बीमा के ज्यादा कवरेज की जरूरत है। केवल कंपनी ग्रुप इंश्योरेन्स प्लान का होना काफी नहीं है; व्यक्तिगत बीमा से भी अच्छी तरह सुरक्षित होना जरूरी है।

यूनिवर्सल सोम्पोज जनरल इंश्योरेन्स कंपनी द्वारा इस संदर्भ में हाल ही में लॉन्च किया गया कम्पलीट हेल्थ इंश्योरेन्स प्लान (सीएचआई) आपकी स्वास्थ्यरक्षा सम्बंधी सभी जरूरतों के लिये एक व्यापक पैकेज है, जिसके पास अभी उपलब्ध सबसे बड़ा गंभीर बीमारी कवरेज है। इस पॉलिसी में कई नवाचारी खूबियां हैं, जैसे कि पॉलिसीधारकों को बढ़ते मेडिकल खर्च से सुरक्षा देने के लिये 14 बेसिक और 26 ऐड-ऑन कवर्स। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) के अनुसार, एनसीडी के कारण होने वाली मौतों का अनुपात हर कारण से होने वाली मौत के लिहाज से 1990 के 37त्न से बढ़कर 2016 में 61 फीसदी हो गया है। इस प्रकार महामारी विज्ञान तेजी से संक्रामक रोगों से हटकर असंचारी रोगों की ओर गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, भारत में एनसीडी से हर साल लगभग 5.8 मिलियन लोग मरते हैं। इसलिये भारत के हर व्यक्ति को स्वास्थ्य बीमा से सुरक्षित करने की जरूरत है।

आज की दुनिया में बदलती जीवनशैली, स्वास्थ्यरक्षा के बढ़ते खर्च, अस्पतालों के बढ़ते बिल, बेहतर वित्तीय योजना की जरूरत, आदि जैसे कारणों से स्वास्थ्य बीमा जरूरी हो जाता है। सीएचआई, पॉलिसी की अवधि के दौरान हुई किसी भी बीमारी या आकस्मिक बीमारी, दुर्घटना में बीमित व्यक्ति की जरूरी सर्जरी के लिये उसके अस्पताल में भर्ती होने और भर्ती रहने के कारण होने वाले चिकित्सा सम्बंधी खर्च का भुगतान करती है। पॉलिसीधारक को किफायती दाम पर ज्यादा बीमित राशि और कवरेज मिलता है। यह पॉलिसी आपको पूरी तरह से कवर करती है और इसे हमेशा के लिये नवीकृत किया जा सकता है। यह सस्ते दाम पर बीमित राशि के व्यापक विकल्प देती है, 1 लाख से 50 लाख रुपये तक, वह भी कम प्रीमियम पर। कम्पलीट हेल्थ इंश्योरेन्स प्लान के लिए नामांकन की आयु वयस्कों के लिये 18 से 75 वर्ष और बच्चों के लिये 91 दिन से लेकर 25 वर्ष तक है। न्यूनतम 4 लाख रूपये और अधिकतम 50 लाख रूपये की बीमित राशि के साथ यह पॉलिसी एक, दो या तीन वर्ष के लिये खरीदी जा सकती है। यह प्लान 50 रिश्तेदारों तक को कवर करता है। इसमें इन-पेशेंट प्रोसीजर्स, जैसे डे-केयर प्रोसीजर्स, अस्पताल में भर्ती होने के बाद, ठहरने का खर्च, अंग दानदाता, एम्बुलेंस का शुल्क और अस्पताल में भर्ती होने से पहले की स्थिति शामिल हैं। आउट-पेशेंट ट्रीटमेंट्स में मदर ऐंड चाइल्ड केयर बेनेफिट, डेंटल ट्रीटमेंट, आयुष बेनेफिट, बच्चे को रखने के लिये रोजाना का खर्च, टीकाकरण और स्वास्थ्यलाभ शामिल हैं।

# मातृ शक्ति के स्वास्थ्य के लिए बांटे सेनिटरी पैड



**गुरुग्राम।** महिलाओं और बेटियों के सम्मान में भाजपा एनआरआई सेल के प्रदेश महामंत्री और युवा नेता एडवोकेट रजत भार्गव ने पीरियड्स के दौरान हाईजीन को लेकर महिलाओं को शिक्षित और जागरूक करने के लिए बड़ा अभियान चलाया। इस अभियान में बड़ी संख्या में महिलाओं, बेटियों और मातृशक्ति ने हिस्सा लिया। इस दौरान गुरुग्राम के वार्ड-26 की स्पेज प्रिवी सोसाइटी में उन्होंने मुफ्त सेनिटरी पैड बांटे। रजत भार्गव ने कहा कि उन्होंने सभी मोहल्लों और गलियों में जाकर मातृशक्ति को जागरुक करने और नि:शुल्क सेनिटरी पैड्स बांटने की जिम्मेदारी उठाई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के मार्गदर्शन और पार्टी के विदेश संपर्क विभाग के हरियाणा प्रमुख संदीप देशवाल के नेतृत्व में वे समाज सेवा की इस मुहिम को आगे बढ़ाते रहेंगे। उनकी कोशिश होगी कि क्षेत्र के लोगों को किसी भी तरह की समस्याओं का सामना ना करना पड़े। स्पेज प्रिवी सोसाइटी में आयोजित कार्यक्रम में रतन सिंह अध्यक्ष, सदस्य रतन ओखंडिअर, भारत भूषण, विकास जैन, राजेश कुमार, संगीता अरोड़ा, नीलम ओखंडिअर, बिबा, सविता भल्ला, मीना मल्होत्रा, स्वीटी तगड़ा, मीना भट्ट, सुचित्रा भल्ला आदि मौजूद रहे।

# लैब ग्रोन डायमंड एंड ज्वैलरी एग्जीबिशन एलडीजेएस के दूसरे संस्करण का आज धूमधाम उद्घाटन हुआ

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**लैब** ग्रोन डायमंड एंड ज्वैलरी एग्जीबिशन एलडीजेएस-2022 के दूसरे संस्करण का उद्घाटन आज पूरे धूमधाम के साथ हुआ। यह आयोजन 5 से 8 अगस्त तक मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में जारी रहेगा। लैब-ग्रोन डायमंड एंड ज्वैलरी प्रमोशन काउंसिल (एलजेडीजेपीसी) द्वारा आयोजित, एलडीजेएस-2022 भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय ज्वैलर्स के लिए भारत की सबसे बड़ी लैब ग्रोन डायमंड्स एंड ज्वैलरी प्रदर्शनी है।

5000 वर्ग मीटर में आयोजित, एलडीजेएस 2022 में 100 से अधिक प्रदर्शकों द्वारा आगंतुकों के लिए डायमंड एवं ज्वैलरी की अपनी विविध रेंज प्रदर्शित की जाएगी। इस प्रतिष्ठित एक्सपो में 45,000 से अधिक व्यापारिक आगंतुकों, खरीदारों और व्यापारी बिरादरी के सदस्यों और लगभग इतनी ही संख्या में देश-विदेश के सामान्य आगंतुकों के भाग लेने की उम्मीद है। एलडीजेएस का पहला संस्करण बेहद सफल रहा था और यह नेस्को, मुंबई में 40,000 वर्ग फीट में आयोजित किया गया था। एलडीजेएस 2022 में 9 देश भाग लेंगे और 12 इंटरएक्टिव ट्रेड सेशन एवं 12 फैशन शो आयोजित होंगे। इसमें मॉडल रैंप वॉक करते हुए देश-विदेश के विभिन्न निर्माताओं और प्रदर्शकों के एलजीडीजेएस की श्रृंखला प्रदर्शित करेंगे। इसका उद्घाटन लैब ग्रोन डायमंड एंड ज्वैलरी प्रमोशन काउंसिल के चेयरपर्सन, शशिकांत दलीचंद शाह ने किया। रॉयल थाई कॉन्सुलेट, मुंबई के महावाणिज्यदूत, महामहिम, श्री डोनविट पूलसावत इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे, जबकि थाई ट्रेड सेंटर की वाणिज्यदूत, सुश्री सुपात्रा सवेंगसरी इस अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित थीं। अन्य विशिष्ट अतिथियों के रूप में भारत शाह, प्रेसिडेंट, एमडीएमए, आशीष पेठे, चेयरमैन, जीजेसी, मेहुल शाह वीपी, बीडीबी, अतुल जोगानी, वीपी, टीजीटीए थाईलैंड, अशोक गजेरा, सीएमडी लक्ष्मी डायमंड, प्रशांत मेहता, प्रेसिडेंट जेएबी, चेतन मेहता, वीपी आईबीजेए, घनश्याम ढोलकिया, एचके ग्रुप, पूर्व सांसद नरसिम्हन और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। एलडीजेएस 2022 भारत डायमंड बोर्स, सूरत डायमंड बोर्स, मुंबई डायमंड मर्चेंट्स एसोसिएशन, द लैब-ग्रोन डायमंड एसोसिएशन-सूरत; और हीरा झवेरात (एचजेड) इंटरनेशनल द्वारा समर्थित है। उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए, शशिकांत दलीचंद शाह, प्रेसिडेंट,लैब ग्रोन डायमंड एंड ज्वैलरी प्रमोशन काउंसिल ने कहा, आज इस प्रमुख प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। काउंसिल का यह निरंतर प्रयास रहा है कि न केवल एलजीडीजे को बढ़ावा मिले बल्कि मिथकों को भी स्पष्ट किया जाए।



# अमेजन डॉट इन के ग्रेट फ्रीडम फेस्ट के साथ मनाएं 10 तक जश्न

## यहां सभी को मिलेगी बड़ी बचत!

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**स्वतंत्रता** दिवस के 75वें वर्ष के साथ ही बहुप्रतीक्षित लॉन्ग वीकेंड बस आने ही वाला है। इस मौके पर, अमेजन इंडिया ने ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल की घोषणा की है। शानदार डील्स और ऑफर के साथ यह शॉपिंग इवेंट 06 अगस्त, 2022 की मध्यरात्रि 12 बजे से शुरू होगा और 10 अगस्त, 2022 तक चलेगा। प्राइम मेंबर्स को 05 अगस्त, 2022 को सुबह 12:00 बजे से 24 घंटे का अर्ली एक्सेस मिलेगा।

इस सेल में सेलर्स स्मार्टफोन, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन एंड ब्यूटी, होम एंड किचन, अप्लायंसेज, टीवी, किराना आदि पर बेहतरीन डील्स एवं ऑफर पेश कर रहे हैं। ग्राहक अमेजन डॉट इन पर विभिन्न कैटेगरी में करोड़ों से अधिक उत्पादों की खरीदारी कर सकते हैं। ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल के दौरान, ग्राहक एलजी, एलजी ओएलईडी, पैम्पर्स, लेगो, टेक्नो जैसे ब्रांडों के शानदार वेल्यू ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। यहां ग्राहक उत्पादों के विशाल कलेक्शन के साथ-साथ घर पर सुकून से बैठकर खरीदारी का आनंद उठा सकते हैं।




ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल के दौरान खरीदारी करने वाले ग्राहक एसबीआई क्रेडिट कार्ड और क्रेडिट ईएमआई के साथ अतिरिक्त 10 फीसदी इंस्टेंट डिस्काउंट प्राप्त कर अधिक बचत कर सकते हैं; बजाज फिनसर्व ईएमआई कार्ड, अमेजन पे आईसीआईसीआई क्रेडिट कार्ड, अमेजन पे लेटर और अन्य डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर नो-कॉस्ट ईएमआई का लाभ उठा सकते हैं।

# सुपर वैल्यू डेज पर दैनिक वस्तुओं की विस्तृत श्रृंखला में से चुनने की आजादी का लें आनंद

## 10 अगस्त, 2022 तक किराना और घरेलू आवश्यक वस्तुओं, पैकेज्ड फूड, व्यक्तिगत देखभाल, शिशु और पेट केयर पर प्राप्त करें 50 फीसदी तक की छूट

## 199 रुपये के न्यूनतम ऑर्डर के साथ प्राइम मेंबर्स के लिए फ्री डिलीवरी

## एसबीआई क्रेडिट कार्ड और क्रेडिट ईएमआई, बजाज फिनसर्व ईएमआई कार्ड का उपयोग कर नो-कॉस्ट ईएमआई, अमेजन पे लेटर, और चुनिंदा डेबिट और क्रेडिट कार्ड पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत की बचत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अमेजन** आपके लिए ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल के दौरान 'सुपर वैल्यू डेज' के साथ 10 अगस्त, 2022 तक बड़ी बचत और दैनिक आवश्यक वस्तुओं की विशाल श्रृंखला में से विस्तृत चयन की आजादी लेकर आया है। प्राइम मेंबर्स को 24 घंटे पहले 05 अगस्त, 2022 को रात 12:00 बजे से सेल के लिए अर्ली एक्सेस मिलेगा। किराना, दैनिक और घरेलू आवश्यक वस्तुओं, पैक्ड फूड्स, पर्सनल केयर, बेबी और पेट केयर उत्पादों आदि पर 50 प्रतिशत तक की छूट का फायदा उठाएं।

उपभोक्ता सिंगल ऑनलाइन डेस्टिनेशन पर सुविधाजनक डिलीवरी विकल्प के साथ दावत, आशीर्वाद, टाटा, केलॉग्स, नीविया, डाबर, हिमालया और पैम्पर्स सहित अन्य लोकप्रिय ब्रांड्स से आकर्षक कीमत और नवीनतम ऑफर्स का भी लाभ उठा सकते हैं। प्राइम मेंबर्स 199 रुपए के न्यूनतम ऑर्डर पर फ्री डिलीवरी और 1500 रुपए की न्यूनतम खरीदारी पर फ्लैट 250 रुपए का कैशबैक का भी फायदा उठा सकते हैं।

पहली बार ऑर्डर करने वाले ग्राहकों को 1000 रुपये के न्यूनतम ऑर्डर मूल्य पर फ्लैट 100 रुपये का कैशबैक मिलेगा। इसके अलावा, वे 10 अगस्त, 2022 तक एसबीआई क्रेडिट कार्ड और क्रेडिट ईएमआई, बजाज फिनसर्व ईएमआई कार्ड का उपयोग कर नो-कॉस्ट ईएमआई, अमेजन पे लेटर और चुनिंदा डेबिट और क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर अतिरिक्त 10 प्रतिशत की बचत कर सकते हैं।

# देशभक्ति की अलख जगाने को पुलिस ने निकाली रैली

## देशभक्ति की धुन में झूमे थाना ओल्ड प्रभारी दिनेश ने छात्रा को कंधे पर बैठाया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

भारतवर्ष में मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत फरीदाबाद पुलिस द्वारा बड़ी संख्या में रैली तथा पद यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। फरीदाबाद पुलिस हर घर तिरंगा के लिए चला रहे जागरूकता अभियान में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। इसी के अंतर्गत आज फरीदाबाद पुलिस ने ओल्ड एरिया में छात्रों तथा आमजन के साथ मिलकर पदयात्रा निकाली जिसमें करीब 600 व्यक्ति मौजूद रहे। एसीपी ओल्ड मोहिंदर वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर पद यात्रा का शुभारंभ किया तो वहीं एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार ने पदयात्रा का नेतृत्व किया। इस अवसर पर थाना ओल्ड प्रभारी दिनेश कुमार, स्टूडेंट पुलिस कैडेट प्रभारी इंस्पेक्टर सविता सहित बहुत बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर पूरे देश में आजादी महोत्सव जोरों शोरों से मनाया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि इस वर्ष 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस तक अधिक से अधिक घरों पर तिरंगा झंडा लहराया जाए। जिसके लिए हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की जा चुकी है। पुलिसकर्मियों द्वारा रैली तथा पदयात्रा निकालकर नागरिकों को अपने घरों पर तिरंगा झंडा लगाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत आज ओल्ड फरीदाबाद में पुलिसकर्मियों ने विद्यालय के छात्र छात्राओं तथा आमजन को साथ लेकर जागरूकता अभियान के अंतर्गत पदयात्रा निकाली। पुलिस थाना ओल्ड प्रभारी इंस्पेक्टर दिनेश ने देशभक्ति की धुन में झूमते हुए पदयात्रा में शामिल हुई एक छात्रा को अपने कंधे पर बैठाया। जिसने भारत की आन बान और शान भारतीय तिरंगे को हवा में लहराते हुए लोगों में देशभक्ति का जोश भर भरकर हजारों लोगों का दिल जीत लिया। पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों ने पदयात्रा का नेतृत्व करते ओल्ड एरिया में आमजन को देश की आजादी के लिए स्वतंत्रता सेनानियों तथा वीरों द्वारा दिए गए किए गए बलिदान का महत्व समझाया। देश भक्ति गीत गाए तथा नारे लगाए जिससे पूरा फरीदाबाद देशभक्ति भावना से विभोर हो गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिसकर्मियों द्वारा निकाली जा रही तिरंगायात्रा का फरीदाबाद के नागरिकों द्वारा भरपूर सहयोग मिल रहा है और वह इस अभियान से जुड़े पुलिसकर्मियों और आमजन का तहे दिल से स्वागत कर रहे हैं। जहां जहां से पुलिस रैली तथा पदयात्रा निकाली जा रही है आमजन फूल बरसाकर उनका अभिवादन कर रहे हैं।

इन रैली तथा पद यात्राओं का उद्देश्य आमजन में देशभक्ति की भावना को बल देना है ताकि वह देश हित में कार्य करने के लिए प्रेरित हों और हमारा देश तरक्की की नई बुलंदियों को छू सकें इसलिए प्रत्येक नागरिक 15 अगस्त अपने घर पर तिरंगा झंडा लगाकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस जागरूकता अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दें।


ओल्ड फरीदाबाद में हर घर तिरंगा अभियान के तहत रैली निकालते पुलिस अधिकारी और छात्र।

# संक्षिप्त समाचार

## जिले में कोरोना के 117 पॉजिटिव

फरीदाबाद। जिले में एक बार फिर कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। शुक्रवार को कोरोना के 117 नए संक्रमित मामले सामने आए। वहीं राहत की बात यह रही कि जिले में 81 रोगियों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 99.11 प्रतिशत पर पहुंच गया। जिले में तेजी से एक बार फिर कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं। जिसे देखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग ने मास्क लगाने के निर्देश दिए है, लेकिन इन निर्देशों की तरफ आम जनता तो क्या, शहर में नेताओं के द्वारा किए जा रहे प्रोग्रामों के अलावा अधिकारी व स्वास्थ्य कर्मी स्वयं ही ध्यान नहीं दे रहे है। जिले में फिलहाल एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 442 पर पहुंच गया है। वहीं जिले में अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या का आंकड़ा भी पिछले कुछ माह के मुकाबले शुक्रवार को बढ़कर 18 पर पहुंच गया। जिसमें चार कोरोना पॉजिटिव मरीज जोकि विभिन्न बीमारियों से भी ग्रस्त है, आईसीयू में भर्ती है। वहीं जिले में 424 मरीज होम आईसोलेशन में है।

## कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने अमृता अस्पताल का किया निरीक्षण

फरीदाबाद। हरियाणा के परिवहन, खनन एवं कौशल विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने शुक्रवार को ग्रेटर फरीदाबाद में बने अम्मा हॉस्पिटल/ अमृता अस्पताल का निरीक्षण किया। आपको बता दें अमृता अस्पताल में आगामी 24 अगस्त को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से पहले हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज अस्पताल का दौरा किया है। परिवहन मंत्री शर्मा ने इस मौके पर अम्मा के नाम से विख्यात आध्यात्मिक माता अमृता अमृतानंदमयी देवी के दर्शन किए और आगामी आयोजित होने वाले प्रोग्राम में सरकार द्वारा पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। कैबिनेट मंत्री पण्डित मूलचंद शर्मा ने आश्वासन दिया है कि अस्पताल शुरू होने के बाद सिटी बस बस सर्विस के रूट भी तय किए जाएंगे। ताकि मरीजों को अस्पताल आने जाने में दिक्कत ना हो।

## मांग पत्र लेकर विधायक से मिले निगम कर्मचारी



फरीदाबाद। विधायक राजेश नागर ने कहा कि बढ़ते शहरीकरण का हमें स्वागत करना चाहिए और शहरी गांवों को भी सेक्टरों में रह रहे लोगों जैसी सुविधाएं देने का प्रयास करना चाहिए। वह नगरपालिका कर्मचारी संघ के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। संघ के सदस्यों ने आज विधायक राजेश नागर को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें राज्य सरकार द्वारा हाल ही में बनाए गए कौशल विकास रोजगार निगम को भंग किए जाने की मांग रखी। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि हमारे पहले के ही कर्मचारियों को पक्का नहीं किया गया है, अब सरकार पूरी तरह से ठेकेदारी प्रथा को अमलीजामा पहनाने पर आमादा है। जिसका हम कड़ाई से विरोध करेंगे। कर्मचारी नेताओं ने सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने और रोजगार निगम को भंग किए जाने की मांग की। उन्होंने 24 गांवों को नगर निगम में शामिल करने के बाद कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के बावजूद उन्हें औजार नहीं दिए जाने की शिकायत भी की। इस पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि हरियाणा की मनोहर सरकार सर्व कर्मचारियों के हित में निर्णय ले रही है। आप लोगों की औजार न मिल पाने की समस्या का बहुत जल्द समाधान कर दिया जाएगा क्योंकि हम चाहते हैं कि इन गांवों में भी शहरों की तर्ज पर लोगों को सुविधाएं प्राप्त हों। मैं इस बारे में जल्द ही निगम आयुक्त से बात करूंगा। इस मौके पर नानक चंद जिला सचिव, दिलीप गुरचरण खांडिया जिला प्रधान, सुदेश जैनवाल, दर्शन सोया, शक्तिसिंह प्रधान, मनोज ग्रामीण प्रधान, रघुवीर चौटाला, महेंद्र कुडिया, राजकुमार, साजन खांडिया व सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

## एनवाईके ने जिलों में हर घर तिरंगा अभियान का आगाज किया

फरीदाबाद। सम्पूर्ण भारत वर्ष में भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव का आगाज 15 अगस्त 2021 को प्रारंभ हुआ था, जिसके अंतर्गत सरकार, प्रशासन व सामाजिक संस्थाओं द्वारा प्रत्येक कार्यक्रम आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में किया गया। जिसके अनुरूप खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग भारत सरकार के उपक्रम नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा देश के प्रत्येक राज्यो की जिला इकाइयों में हर घर तिरंगा अभियान का आगाज किया जा रहा है। आज नेहरू युवा केंद्र जिला फरीदाबाद व जज्बा फाउंडेशन द्वारा ग्राम पंचायत जुनहेड़ा स्थित कौशल विकास केंद्र पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को जिला युवा अधिकारी प्रियंका ने विभाग से जुड़ी हुई जानकारी साझा की। इस अवसर जज्बा फाउंडेशन अध्यक्ष हिमांशु भट्ट ने बताया कि देश भर में आजादी के अमृत महोत्सव का आगाज अलग अलग संगठनों द्वारा अलग-अलग तरीकों से किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नेहरू युवा केंद्र से केशव, राकेश टोंगर, जसवन्त पंवार, आशा रानी, विजयपाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## छात्राओं के लिए बारहवीं के बाद पत्रकारिता

फरीदाबाद। देश के सभी बोर्ड की परीक्षाओं का परिणाम जारी होने के बाद प्रदेश के महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में स्नातक कक्षाओं की दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर 16 ए फरीदाबाद में वर्ष 2006 से जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग चल रहा है। जहां से सैकड़ों छात्राएं पत्रकारिता की पढ़ाई कर देश के विभिन्न प्रतिष्ठित मीडिया संस्थानों में अपनी सेवाएं दे रही हैं। प्राचार्य डा. नरेंद्र कुमार ने कहा कि आधुनिक समय में शिक्षा के साथ कौशल विकास पर अधिक जोर देने की आवश्यकता है। जिसके लिए महाविद्यालय में पत्रकारिता, बीसीए, बीबीए एवं बीटीएम जैसे कोर्स चल रहे हैं। ऑनलाइन फार्म भरने की आखिरी तारीख 8 अगस्त है, पत्रकारिता विभाग में कुल 40 सीटें हैं। उन्होंने बताया कि बारहवीं में किसी भी विषय में 45 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाली छात्राएं पत्रकारिता में दाखिला के लिए आवेदन कर सकेंगी। छात्राओं की सहायता के लिए महाविद्यालय में एडमिशन कमेटी भी बनाई जाएगी, जो छात्राओं की परेशानियों का समाधान करेंगी।

## झूठी शिकायत देने पर 122 लोगों पर कार्रवाई

फरीदाबाद। डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा द्वारा झूठी शिकायत देकर पुलिस को गुमराह करने तथा पुलिस तथा अदालत का कीमती समय बर्बाद करने के मामले में झूठी शिकायत देने वालों खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के दिशा निर्देश के तहत कार्यवाही करते हुए फरीदाबाद पुलिस द्वारा बीते 6 महीनों में झूठी शिकायत देने वाले 122 आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 182 के तहत कारवाई की जा चुकी है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने ऐसे ही एक झूठे मामले का पर्दाफाश करते हुए लूट के झूठे मुकदमे में अपने आप को पीड़ित बताने वाले आरोपी के खिलाफ झूठी शिकायत देने का मुकदमा दर्ज किया है। झूठी शिकायत देने वाले आरोपी का नाम कुणाल है, जो सूरजकुंड के चार्मवुड विलेज का रहने वाला है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022 में फरवरी से जुलाई तक 6 महीनों में झूठी शिकायत देने वालों के खिलाफ 122 मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं। जिसमें फरवरी के 15, मार्च के 25, अप्रैल के 19, मई के 25, जून के 21 तथा जुलाई के 17 मुकदमे शामिल हैं। पुलिस आयुक्त ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा है कि कोई भी व्यक्ति अपने फायदे के लिए इस प्रकार की हरकत ना करें अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

फरीदाबाद। डीसीपी मुख्यालय नीतीश कुमार अग्रवाल द्वारा साइबर ठगी के मामलों में जल्द से जल्द आरोपियों की धरपकड़ के दिशा निर्देश के तहत कार्यवाही करते हुए साइबर पुलिस थाना एनआईटी की टीम ने साइबर ठगी के मुकदमे में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले की जांच अभी जारी है जिसमें अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी बकाया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सत्री तथा आदित्य का नाम शामिल है। दोनों आरोपी दिल्ली के रहने वाले हैं। 19 अप्रैल 2022 को फरीदाबाद के रहने वाले पीड़ित विक्रांत ने साइबर पुलिस थाने में शिकायत दी जिसमें उसने बताया कि आरोपियों ने उसके क्रेडिट कार्ड से 455000 रुपये की धोखाधड़ी की है।

# एनएचएम कर्मियों की हड़ताल से कई डिस्पेंसरियों पर लटके ताले

## एंबुलेंस चालक भी रहे हड़ताल में शामिल मरीज हुए परेशान

कविता। फरीदाबाद


हड़ताल में शामिल एनएचएम कर्मचारी।


हड़ताल के कारण स्वास्थ्य केन्द्र पर लटका ताला।

शहर के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों में अनुबंध पर काम कर रहे एनएचएम के सभी कर्मचारी राज्य व्यापी हड़ताल में शामिल हुए। जिससे प्रदेश के स्वास्थ्य केन्द्रों व सिविल असपतालों में स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई। कुछ स्वास्थ्य केन्द्रों पर सुबह पौने 11 बजे के बाद भी ताला लटका मिला। एम्बुलेंस चालक भी हड़ताल में शामिल रहे। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में हड़ताल का असर देखने को मिला।

केन्द्रों पर डिलीवरी को आई गर्भवती महिलाओं व मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं बीके सिविल अस्पताल के प्रसूति वार्ड और बच्चों की नर्सरी के अलावा कलर्क और डीईआईसी सेंटर में भी स्टाफ की कमी नजर आई। वार्ड में नर्सों का कार्य और बच्चों की नर्सरी में मेडिकल ऑफिसर की देखरेख में नर्सिंग स्कूल की छात्राओं और रेगुलर स्टाफ ने काम किया। डीईआईसी सेंटर के कर्मचारियों के हड़ताल में शामिल होने से रूम खाली पड़े रहे। कर्मचारियों का कहना था कि उनकी हड़ताल तब तक जारी रहेगी, जब तक सरकार उनकी मांगों को मान नहीं लेती और नौकरी से निकाले गए स्टाफ को दोबारा से ड्यूटी पर नहीं रखा जाता है।

बीके अस्पताल में परिसर में जिलेभर में तैनात करीब सात सौ एनएचएम कर्मचारियों ने शुक्रवार को हड़ताल शुरू कर दी। एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रधान और हड़ताली कर्मचारियों ने बताया कि प्रदेशभर में एनएचएम के तहत अनुबंध पर करीब छह से आठ हजार कर्मचारी काम कर रहे हैं। लेकिन विभाग द्वारा सालों से काम कर रहे कर्मचारियों कभी भी नौकरी से निकाल दिया जाता है। पिछले दिनों तीन कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। जिसको देखते हुए गुस्साए कर्मचारियों ने प्रदेशभर के स्वास्थ्य केन्द्रों पर शुक्रवार को हड़ताल शुरू कर दी। जिसका असर अस्पताल व केन्द्रों के जच्चा-बच्चा वार्ड में देखने को मिला। कर्मचारियों के हड़ताल पर होने से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिली।

**यह रहा असर :** जिले में करीब सात सौ कर्मचारियों में से 97 प्रतिशत हड़ताल पर रहे। जिसके कारण कुछ केन्द्रों पर ताले नजर आए, तो वहीं कुछ केन्द्रों पर जांच करते हुए कर्मचारी नजर आए। कर्मचारियों की हड़ताल के कारण गर्भवती महिलाओं और बुजुर्ग मरीज परेशान थे। हड़ताल के कारण बंद स्वास्थ्य केन्द्रों से लोगों को लौटते हुए देखा गया। बीके अस्पताल में अन्य दिनों के मुकाबले अधिक संख्या में इलाज को मरीज पहुंचे। वहीं एम्बुलेंस चालक भी इस हड़ताल में शामिल रहे। जिसके कारण जिले में मरीजों को एम्बुलेंस सेवाओं से वंचित रहना पड़ा।

**निकाले कर्मियों को वापस लें:** हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने कहा कि जब तक निकाले गए कर्मचारियों को वापस नौकरी पर नहीं रखते, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। सालों से स्वास्थ्य विभाग के जच्चा-बच्चा प्रोजेक्ट में काम करने के बाद भी सरकार कर्मचारियों को पक्का नहीं कर रही है।

# बिजली के नंगे तार ने ली महिला की जान


कालोनी में विलाप करती मृत महिला अंगूरी की बेटी और पड़ोसी महिलाएं।

फरीदाबाद। पाली क्रेशर जोन में कबाड़ा बीनकर अपने तीन बच्चों का पालन पोषण कर रही अंगूरी की बिजली के खुले तारों के कारण शुक्रवार की सुबह मौत हो गई। अंगूरी के घर में उसके अलावा उसके तीन बच्चे हैं। जिसमें एक बेटी और दो बेटे हैं। जिसमें एक बेटा दिव्यांग है और एक नाबालिग है। उसके पति की मौत तीन साल पहले हो चुकी है। ऐसे में अनाथ हुए बच्चों के पास मां के अंतिम संस्कार तक को पैसे नहीं थे, जिस पर राहुल कालोनीवासियों ने 10-10 और 20-20 रुपये एकत्रित करके अंगूरी का अंतिम संस्कार उसके दिव्यांग बेटे से करवाया।

जानकारी के मुताबिक राहुल कालोनी निवासियों ने आरोप लगाया है कि बिजली विभाग की लापरवाही से अंगूरी की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि करीब 55 वर्षीय अंगूरी राहुल कालोनी की रहने वाली थी। उसके पति की करीब तीन साल पहले मौत हो चुकी है। जिसके कारण अंगूरी अपनी बड़ी बेटी और दिव्यांग बेटे के अलावा अपने नाबालिग बेटे को कूड़ा बीनकर पाल रही थी। शुक्रवार सुबह भी अंगूरी पाली क्रेशर जोन में कबाड़ा बीनने गई थी। जहां बरसाती पानी में बिजली के नंगे तार से करंट दौड़ रहा था। पानी में आए करंट से अंगूरी बिजली के नंगे तार से टच हो गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जिस पर पुलिस ने उसका पोस्टमार्टम करवा कर दोपहर को परिजनों को शव सौंप दिया।

# विधायक के पत्र के बाद प्रशासन ने वापस लिये आदेश


नीरज शर्मा।

फरीदाबाद। भाजपा सरकार द्वारा चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत एनआईटी फरीदाबाद विधायक नीरज शर्मा ने अपना एक माह का वेतन स्वेच्छा से दिया था, विधायक नीरज शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता को लिखे पत्र कहा था कि चाहे आप मुख्यमंत्री, मंत्री एवं विधायकों की डिस्कनरी ग्रांट कम कर दे, लेकिन तिरंगों की खरीद फरोख्त ना की जाए। जिस प्रकार आज तिरंगों का व्यापार बनाया जा रहा है जैसे सरकार द्वारा राशन डिपो एवं सरकारी विभागों में काम करवाने जाओ तो, लोगों से इसकी जबरदस्ती ना की जाए। विधायक नीरज शर्मा ने कहा था कि फरीदाबाद प्रशासन ने पत्र जारी करके सभी प्राईवेट स्कूल संचालकों से तिरंगा खरीदने के लिए कहा जा रहा है जोकि सरासर गलत है, क्योंकि यह सिर्फ तिरंगा नहीं है। यह हमारे देश की आन बान शान है। इसके लिए हमारी माताओं बहनों ने अपने गहने तो छोड़ो अपने मंगल सूत्र तक दे दिए, माताओं-बहनों की गोदे उजड़ गई, सुहाग उजड़ गए और आज यह सरकार लोगों से जबरदस्ती कर रही है। विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि तिरंगों की खरीद फरोख्त को तुरंत रोका जाए। जैसा मैं अपनी इच्छा से हर घर तिरंगा के लिए एक माह का वेतन दे रहा हूं। उसी प्रकार जो देना चाहता है, उससे लिया जाए। किसी प्रकार की जोर जबरदस्ती ना की जाए। जैसा सरकार अगर यह अभियान चलाना चाहती है तो अपने खर्चे पर चलाए, अगर सरकार मुफ्त राशन दे सकती है तो तिरंगा झण्डा क्यों नहीं।

# एथलीटों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

## मानव रचना स्पोर्ट्स साइंस सेंटर ने प्रशिक्षण, पोषण और फिजियोथेरेपी की आवश्यकताओं के साथ सहयोग किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



मानव रचना शैक्षिक संस्थान और डा. ओपी भल्ला फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते खिलाड़ी।

मानव रचना एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स और डॉ. ओपी भल्ला फाउंडेशन ने पराशर फाउंडेशन की एक पहल, ऑर्गन इंडिया के साथ साझेदारी में, 19 प्रत्यारोपित एथलीटों के लिए, एक बैडमिंटन और फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर की मेजबानी की।

यह अनूठा प्रयास उन एथलीटों के लिए शुरू किया गया था। जो ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में होने वाले वर्ल्ड ट्रांसप्लांट गेम्स 2023 में भारत का प्रतिनिधित्व करने की इच्छा रखते हैं। ऑर्गन इंडिया, पराशर फाउंडेशन की एक पहल है, विश्व प्रत्यारोपण खेलों के लिए भारत की ओर से आधिकारिक सदस्य संगठन है, जो 2023 में पर्थ, ऑस्ट्रेलिया में आयोजित किया जाएगा। शिविर एक अगस्त, 2022 को शुरू हुआ। पांच अगस्त, 2022 को समाप्त हुआ। इसका उद्देश्य विश्व प्रत्यारोपण खेलों 2023 में भाग लेने की उम्मीद कर रहे 19 प्रत्यारोपित एथलीटों की मदद करना था। पूरे भारत के एथलीट मानव रचना शैक्षणिक संस्थानों के परिसर में एकत्र हुए। फरीदाबाद में। खेल विज्ञान केंद्र, मानव रचना खेल अकादमी, व्यवहार विज्ञान संकाय, संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय सभी एक साथ आए और एथलीटों के साथ अपने कौशल को तेज करने और अत्याधुनिक तकनीकी और मानसिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए काम किया क्योंकि वे तैयारी कर रहे हैं वर्ल्ड ट्रांसप्लांट गेम्स 2023 में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ट्रांसप्लांट एथलीटों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करें।

भारत को पारंपरिक रूप से बैडमिंटन में एक मजबूत ताकत के रूप में जाना जाता है, जिसमें पीवी सिंधु और साइना नेहवाल जैसे खिलाड़ी दुनिया के नक्शे पर अपनी छाप छोड़ते हैं। प्रत्यारोपित एथलीट भी वर्षों से भारत को मानचित्र पर ला रहे हैं! हमारे कई प्रतिरोपित एथलीटों ने 2011 से विश्व प्रत्यारोपण खेलों में पदक जीते हैं। बलवीर सिंह और डेविस जोस कोल्लनूर जैसे एथलीट पिछले एक दशक में विश्व प्रत्यारोपण खेलों में सबसे अधिक पदक विजेता रहे हैं। कभी अपंगता और बीमारी के कारण मृत्यु के कगार पर पहुंचे इन एथलीटों को अंग प्रत्यारोपण का उपहार मिला। डॉ. एन सी वाधवा महानिदेशक ने कहा, यह बहुत खुशी और संतोष की बात है कि डॉ ओपी भल्ला फाउंडेशन ने 19 खिलाड़ियों के लिए एक प्रशिक्षण शिविर की व्यवस्था की है।

# महंगाई और भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

## धरनास्थल पर रोटी-सब्जी बनाकर भाजपा सरकार को दिखाया आईना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी लगाने के खिलाफ लघु सचिवालय के समक्ष खाना बनाकर विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसजन।

देश में बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार और आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी कर लगाने के विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिले के कांग्रेसी नेताओं ने आज सेक्टर-12 जिला मुख्यालय पर के समक्ष अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने स्वयं चूल्हा जलाकर रोटी-सब्जी बनाई और अपना रोष जाहिर किया।

बरसात भी कांग्रेसी नेताओं के इरादों को कमजोर नहीं कर पाई और भारी बरसात में भी कांग्रेसी नेता विरोध प्रदर्शन पर डटे रहे। इस मौके पर पूर्व विधायक ललित नागर, पूर्व विधायक रघुवीर तेवतिया, लखन सिंगला, विजय प्रताप सिंह, गिरीश भारद्वाज, विनोद कौशिक, मुकेश शर्मा, राजेंद्र भामला, संजय कौशिक चेयरमैन, खुशवू खान, कमल चंदीला, गंगा राम जाट,मनोज नागर, अनिल शर्मा पूर्व पार्षद, विनय राठौर, विजय भीम बस्ती, लक्ष्मण सिंह तंवर, बाबूलाल रवि, रामअवतार भाटी, सुंदर अगवानपुरिया सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे। इस दौरान कांग्रेसी नेताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने तानाशाह की सभी हदें तोड़ दी हैं। ईडी सहित अन्य जांच एजेंसियों के कठपुतली बनाकर सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आज पेट्रोल-डीजल, सीएनजी, रसोई गैस सिलेंडर सहित आटा, दाल, तेल के साथ-साथ घरेलू उपयोग की वस्तुओं के दाम बेतहाशा बढ़ रहे है, दूध और पनीर तक को सरकार ने जीएसटी के दायरे में ला दिया है।

# एक साल से फरार हत्यारोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा शहर में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा-निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी सेठी मलिक की टीम ने हत्या के आरोप में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम भोलाराम है। आरोपी उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के गांव बलच का तथा वर्तमान में फरीदाबाद की खेड़ी पुल के क्षेत्र में रहता है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से खेड़ी पुल के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी अवैध शराब बेचने का काम करता है। आरोपी ने वर्ष 2021 में शराब के धंधे को लेकर मृतक विक्की को अपने साथियों के साथ मिलकर पीटा था जिसमें विक्की की मृत्यु हो गई थी। जिसमें क्राइम ब्रांच टीम ने 9 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी व मृतक विक्की दोनों शराब बेचने का काम करते थे।

# हर घर तिरंगा अभियान में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम




फरीदाबाद। देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर समस्त देश में मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में 13 से 15 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान के तहत 4 अगस्त वीरवार को फरीदाबाद स्थित ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट में एक सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सशस्त्र सीमा बल के जैज़ व पाइप बैंड द्वारा भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे। गणमान्य अतिथि के रूप में तिगांव विधानसभा से विधायक राजेश नागर, पृथला विधानसभा से विधायक नयनपाल रावत, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, हरियाणा रेडक्रॉस की वाइस चेयरमैन सुषमा गुप्ता ओमैक्स ग्रुप के चेयरमैन रोहतास गोयल, मुख्यमंत्री के मीडिया समन्वयक मुकेश वशिष्ठ व प्रशासन की ओर से उपायुक्त जितेंद्र यादव, नगर निगम कमिश्नर यशपाल यादव, एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोकचंद, सीटीएम नसीब कुमार, नगर निगम के जॉइंट कमिश्नर इंद्रजीत कुलड़िया, एचएसआईआईडीसी के ईओ विकास चौधरी, डीसीपी हेडक्वार्टर नितेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# राजनीतिक बीमारी

## खैरात की संस्कृति

**खैरात** की संस्कृति एक राजनीतिक बीमारी है और इसका राजनीतिक इलाज होना चाहिए। इसमें न्यायपालिका को शामिल करने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी के नेता अश्विनी उपाध्याय ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर पार्टियों को चुनावों के पहले 'अतार्किक खैरातों' की घोषणा से रोकने की प्रार्थना की है। क्या उन्होंने यह मुद्दा पार्टी के किसी मंच पर या कहीं और उठाया है? इसके साथ ही राजनीतिक पार्टियां चुनाव अभियानों के पहले या उसके दौरान जो कुछ करती हैं या उनको करना चाहिए, यह मामला उनके बीच का है। इसमें देश की सर्वोच्च अदालत को घसीटने का क्या औचित्य है? बुधवार को सर्वोच्च न्यायालय ने सुझाव दिया कि एक समिति का गठन किया जाए जिसमें नीति आयोग, वित्त आयोग, सत्तारूढ़ व विपक्षी दलों, भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई तथा अन्य पक्षों के लोग शामिल हों। अदालत ने वरिष्ठ वकील, राज्यसभा सदस्य तथा पूर्व विधि मंत्री कपिल सिब्बल की राय भी मांगी है। राजनेता अक्सर मामले हल करने में विफल होते हैं और इसलिए न्यायपालिका से सहायता मांगते हैं। लेकिन वे न्यायिक क्षेत्र के विस्तार या न्यायपालिका की अति-सक्रियता पर भी सवाल उठाते हैं। इससे भी बुरी बात है कि वे राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर भी काम नहीं करते हैं। यह समझने के लिए किसी को अर्थशास्त्री होने की जरूरत नहीं है कि 'खैरातें' न केवल सरकारी खजाने, बल्कि अर्थव्यवस्था और यहां तक कि राजनीति के लिए भी खतरनाक हैं। इसके बावजूद कोई राजनीतिक पार्टी उनके खिलाफ सैद्धान्तिक दृष्टिकोण अपनाने को तैयार या इसमें सक्षम नहीं है। 16 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'रेवड़ी संस्कृति' के खिलाफ भाषण दिया था। उन्होंने उचित ही संकेत किया था कि यह आर्थिक विकास के लिए 'बहुत खतरनाक' है। राज्यों के स्तर पर यह खतरा चिन्ताजनक आयाम धारण कर रहा है क्योंकि सभी पार्टियों की सरकारें विचारहीन लोकरंजकता में लिप्त होती हैं तथा धड़ल्ले से खैरातें बांटती हैं।




हालांकि, इस परिघटना की ओर ध्यान पहली बार नहीं आकर्षित किया गया है। लोकसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के कुछ सप्ताह पहले आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने राज्यों की राजकोषीय शाहखर्ची पर चिन्ता व्यक्त की थी। नवंबर, 2021 में जारी आरबीआई की रिपोर्ट में इसी तथ्य को रेखांकित किया गया था। उसने कहा था कि हालिया वर्षों में राज्यों के बकाए कर्ज में बढ़ोत्तरी की प्रवृत्ति दिख रही है जिसका कारण उज्जवल डिस्काम एश्योरेंस योजना-उदय, किसानों की कर्ज माफी तथा 2019-20 में आर्थिक सुस्ती है। इन सबके कारण कर्ज-जीएसडीपी अनुपात बढ़ा है। राज्य के लिए जीएसडीपी का वही स्थान है जो देश के लिए जीडीपी का। इस वर्ष अप्रैल में 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एन.के. सिंह ने संकेत किया था कि अर्थव्यवस्था तथा खैरातों की राजनीति में गंभीर गड़बड़ियां हैं। यह 'सबसे निचले स्तर तक गिरावट की दौड़' तथा 'राजकोषीय विभीषिका जल्दी लाने' का रास्ता है। दुर्भाग्य से खैरातों की अर्थनीति और राजनीति तथा लोकरंजकता बेलगाम तरीके से जारी हैं। इस पर पैसा लगता है और उसके खराब नतीजे निकलते हैं। इसका एक उदाहरण महंगे पेट्रोलियम उत्पाद हैं। हमेशा एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने से किसी को और निश्चित रूप से देश को कोई लाभ नहीं होता है। इसलिए आसानी से लाभ प्राप्त करने के बजाय सभी राजनीतिक पार्टियों को लोकरंजकता की सीमायें तय करनी चाहिए और प्रतिज्ञा करनी चाहिए कि वे उनको पार नहीं करेंगी। वे यह काम बिना न्यायपालिका की सहायता के कर सकती हैं। इसके लिए एक ऐसी चीज पुनर्जीवित करनी होगी जो मर चुकी है या मर रही है। सभी पार्टियों को आपस में सार्थक संवाद करना चाहिए और केवल इससे ही 'सबसे निचले स्तर तक गिरावट की दौड़' रोकी जा सकती है।

# संकट बना राज्यों का बेलगाम कर्ज

राज्यों के वित्त पर आरबीआई की रिपोर्ट चिन्ताजनक है। कुछ राज्य कर्ज लेने के असंवैधानिक तरीके भी अपनाने लगे हैं।



**जी. भट्टाचार्जी**
(लेखक, सीएजी कार्यालय के पूर्व महानिदेशक हैं)



भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई की जून बुलेटिन में शामिल आलेख का शीर्षक 'स्टेट फाइनेंस: अ रिस्क एनालिसिस' है। इसमें भारत के 10 सर्वाधिक कर्ज में डूबे राज्यों के सार्वजनिक वित्त का विश्लेषण कर सामान्य रूप से जोखिम के संकेतकों को परिभाषित किया गया है। इसे 'राज्यों की दीवालिया रिपोर्ट' कहना ज्यादा उचित होगा। इस तथ्य को सभी स्वीकार करते हैं कि वैश्विक महामारी के कारण सभी सरकारों की वित्तीय स्थिति पर भयानक नकारात्मक प्रभाव पड़े हैं, लेकिन राज्यों के वित्त पर इनका प्रभाव अत्यधिक गंभीर है। वैश्विक महामारी शुरू होने के पहले जहां अधिकांश राज्यों ने राजकोषीय दायित्व विधायनों-एफआरबीएम के परिपालन में अपना सकल राजकोषीय घाटा-जीएफडी अपने राज्य के घरेलू उत्पाद-जीएसडीपी की तीन प्रतिशत की सीमा में लाने में सफलता प्राप्त की थी। इसके बावजूद चार राज्य-आंध्र प्रदेश, केरल, पंजाब व राजस्थान इस सीमा से 0.5 प्रतिशत ऊपर थे। वैश्विक महामारी ने लंबे लाकडाउन व अन्य सीमाबंधनों के कारण सभी राज्यों का राजस्व सुखा दिया, जबकि उनका खर्च सब्सिडी के कारण बढ़ गया था जो गरीबों व संकटग्रस्त लोगों के जीवनयापन के लिए जरूरी हो गई थी। इसके परिणामस्वरूप लगभग सभी राज्यों ने एफआरबीएमए सीमा तोड़ी। इसके चलते बिहार का जीएफडी- जीएसडीपी अनुपात 11.5 तक पहुंच गया, जबकि यह पंजाब, राजस्थान व उत्तर प्रदेश में क्रमश: 4.6, 5.2 व 4.3 प्रतिशत पहुंच गया था। इसके कारण राज्यों का कर्ज बढ़ा और उनका कर्ज-जीएसडीपी अनुपात सुरक्षित सीमाओं के बाहर निकल गया।

वैश्विक महामारी के कमजोर पड़ने के बाद तेजी से सुधार की आशा और इसके संकेत भी थे। लेकिन इसके बाद फूटे रूस-यूक्रेन युद्ध ने सुधार प्रक्रिया में बाधा डाली। 2022-23 के बजट अनुमानों के अनुसार कर्ज अनुपात 33.3 प्रतिशत से अधिक निकल गया, जबकि 15वें वित्त आयोग ने अनुमान लगाया था कि बिहार, राजस्थान व पश्चिम बंगाल के लिए यह सीमा तय की थी। केवल पंजाब का कर्ज अनुपात 2021-22 में 52.3 प्रतिशत था। लेकिन इससे वे राज्य हतोत्साहित नहीं हुए जो अपना लोकरंजक खर्च बढ़ा रहे थे। इससे निश्चित रूप से वे नीचे जाकर दीवालियापन के स्तर तक पहुंचेंगे जिसका संक्रामक असर दूसरे राज्यों पर भी पड़ेगा। अंधाधुंध कर्ज लेने के नतीजे के रूप में श्रीलंका की घटनायें सामने आई हैं। इससे सबक लेने पर स्पष्ट है कि राज्यों का वित्त भी जोखिम में फंस सकता है।

आरबीआई पेपर में चेतावनी दी गई है कि 'इस संकटग्रस्त स्थिति को देखते हुए सामान्य समय में नकद सब्सिडी देने की प्रवृत्ति, प्रयोगकर्ता सेवाओं को मुफ्त करना, कुछ राज्यों द्वारा वृद्धावस्था पेंशन पुनर्जीवित करने की योजनायें तथा भारत में विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा प्रत्यक्ष या परोक्ष गारंटी सिर पर तलवार की तरह लटकी हैं।' उपरोक्त राज्यों के साथ ही इन दस राज्यों में हरियाणा, झारखंड व मध्य प्रदेश भी शामिल हैं जिनका कुल खर्च राज्यों द्वारा खर्च का आधा है। उनके कुल खर्च में राजस्व खर्च 80 से 90 प्रतिशत है जिससे उनके पास वृद्धि हेतु पूंजीगत आबंटन के लिए बहुत कम पैसा बचता है। राजस्व खर्च में भी वेतन, पेंशन व ब्याज भुगतान पर खर्च हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, केरल व पंजाब के लिए 35 प्रतिशत था। इससे विकास, सामाजिक व आर्थिक सेवाओं पर खर्च और सीमित होता है। अधिकांश अत्यधिक कर्ज वाले राज्यों में केवल पेंशन खर्च राजस्व खर्च के 10 प्रतिशत से अधिक है जो डीएसडीपी का लगभग 3 प्रतिशत है। इसके बावजूद राजस्थान व छत्तीसगढ़ ने अपने जोखिम पर पुरानी पेंशन योजना-ओपीएस लागू करने का निर्णय किया है। उन्होंने स्वयं को नई पेंशन योजना-एनपीएस से अलग कर लिया है जिससे सरकार का पेंशन बोझ काफी सीमा तक कम हुआ है। पश्चिम बंगाल भारत का अकेला ऐसा राज्य है जिसने कभी एनपीएस लागू नहीं की थी। कुछ अन्य राज्य भी बिना फंड वाली ओपीएस लागू करने पर विचार कर रहे हैं। इसकी फंडिंग केवल टैक्सों से होगी और यह भावी पीढ़ी पर बोझ होगी। इसके उलट एनपीएस पेंशन के प्रति सरकार का दायित्व कम करती है, जहां वह कर्मचारी के सेवाकाल में उसके बराबर योगदान करती है और इससे उस पर भविष्य में कोई वित्तीय बोझ नहीं पड़ता है।

रक्षा कर्मियों पर एनपीएस लागू नहीं होती है। मुख्यत: इसके कारण बढ़ते पेंशन खर्च को देखते हुए केन्द्र सरकार को अग्निपथ योजना लागू करने पर मजबूर होना पड़ा है। वर्तमान समय में कुल रक्षा बजट का आधा वेतन व पेंशन पर खर्च हो जाता है और इसे प्रकारान्तर से पागलपन ही कहा जा सकता है।

कर्ज में अत्यधिक डूबे राज्य सब्सिडी पर अत्यधिक निर्भर रहते हैं जिससे उनका कर्ज बोझ और बढ़ता है क्योंकि यह खर्च केवल कर्ज लेकर ही पूरा किया जा सकता है। वैश्विक महामारी के समय में सब्सिडी व खैरात की बात समझ में आती है, पर अब उसे सावधानी से केवल सर्वाधिक जरूरतमंद लोगों पर केन्द्रित किया जाना चाहिए। इसके बावजूद लोकरंजकता के दबाव तथा वोटबैंक तुष्टीकरण की प्रवृत्ति से राज्य अपने कुल राजस्व खर्च का 10 प्रतिशत से अधिक सब्सिडी व खैरातों पर खर्च करने लगे हैं। आंध्र प्रदेश व पंजाब में खैरातें जीएसडीपी के दो प्रतिशत से ऊपर निकल गई हैं, जबकि झारखंड, मध्य प्रदेश व पश्चिम बंगाल में ये जीएसडीपी के एक से दो प्रतिशत के बीच हैं।


केन्द्रशासित क्षेत्र दिल्ली के साथ ही गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक व ओडिशा जैसे राज्यों ने अपने वित्त का बेहतर प्रबंधन किया है। आरबीआई के पेपर में पंजाब की स्थिति सबसे खराब बताई गई है जहां कर्ज अनुपात 2026-27 में 45 प्रतिशत तक पहुंचने की आशा है। राजस्थान, केरल व पश्चिम बंगाल भी 2026-27 में कर्ज-जीएसडीपी अनुपात 35 प्रतिशत से अधिक पर पहुंच सकते हैं। निश्चित रूप से यह अंधकार व दीवालियेपन तक पहुंचने का रास्ता है, पर खर्च पर नियंत्रण के सुधारात्मक कदम उठाने तथा कर्ज पर लगाम लगाने के बजाय और ज्यादा निराशाजनक खबर सामने आई है। इससे संकेत मिलता है कि खर्च पर नियंत्रण में अक्षम और अनिच्छुक ये राज्य बैंकों से भावी राजस्व को बंधक रख कर कर्ज ले रहे हैं। इसके लिए 'इस्क्रो' खाते खोले जा रहे हैं जो स्पष्ट रूप से असंवैधानिक होने के साथ सरकारी परिसंपत्तियों को बंधक रखना है। इस्क्रो खाता सरकारी खातों के बाहर होता है और दायित्व पूरा होने तक इसका प्रबंधन बैंक करता है। संविधान के अनुसार राजस्व राज्यों की समेकित निधि में जाने के बजाय भावी राजस्व इस खाते में सीधे जाता है। कम से कम पांच राज्यों ने इस प्रकार कर्ज लेने के लिए अपने भावी राजस्व को बंधक बनाया है, जबकि हो सकता है कि इनकी संख्या अधिक हो।

2019-20 व 2021-22 के बीच इस प्रकार आंध्र प्रदेश ने 23,899 करोड़, उत्तर प्रदेश ने 17,750 करोड़, पंजाब ने 2,879 करोड़, मध्य प्रदेश ने 2,698 करोड़ तथा हिमाचल प्रदेश ने 90 करोड़ कर्ज लिया है। ऐसा कर वे संविधान के अनुच्छेद 293 के उल्लंघन का प्रयास कर रहे हैं जिसके अनुसार राज्यों को केन्द्र के कर्जदार होने पर बाजार से कर्ज लेने के लिए केन्द्र की अनुमति लेना जरूरी है। यह सारी धनराशि बजटेत्तर कर्ज है जिसके लिए राज्य भावी राजस्व प्राप्तियों से अदायगी न होने पर संप्रभु परिसंपत्तियों को भी बंधक बना रहे हैं। हालांकि, इसमें कोई वित्तीय समझदारी नहीं है क्योंकि कर्जदाता ऐसी परिसंपत्तियों को बेचने की स्थिति में नहीं होंगे क्योंकि इसका अर्थ किसी सरकारी बैंक द्वारा कर्ज अदा न होने पर सरकारी संपत्ति, जैसे कोई कार्यालय या पार्क बेचना होगा। इनमें से अधिकांश कर्ज एसबीआई समेत सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों द्वारा दिए गए हैं। हालांकि, आरबीआई ने फौरन यह व्यवहार समाप्त करने के निर्देश दिए हैं तथा तीन महीने में आदेश क्रियान्वयन को कहा है। लेकिन केन्द्र ने भी अतीत में अधिकांशत: सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों के माध्यम से बड़े पैमाने पर बजटेत्तर कर्ज लिए हैं, हालांकि पिछले दो साल में यह व्यवहार मोटेतौर से बंद कर दिया गया है।

चूंकि लोकरंजक सरकारों को संवैधानिक प्राविधानों या वित्तीय व्यावहारिकता के बावजूद अंधाधुंध खर्च करने से रोका नहीं जा सकता है, इसलिए संभवत: समय आ गया है कि न्यायपालिका इस मामले में हस्तक्षेप करे।

# छात्र केंद्रित कक्षाओं से बेहतर परिणाम

**राधिका जाहिदी**
(लेखिका, ग्रीन एकर्स अकादमी की निदेशक हैं)



विभिन्न तरीके अपनाने वाले इंटरएक्टिव या दूसरे शब्दों में छात्रों व शिक्षकों के बीच परस्पर सवांद वाले शिक्षण दृष्टिकोण से शिक्षण- परिणामों में उल्लेखनीय सुधार हो सकते हैं। अधिकांश वयस्कों ने पढ़ाई के दौरान कक्षाओं में सुस्त ढंग से बैठे रहने का अनुभव किया है, क्योंकि शिक्षक ने मोनोलॉग प्रस्तुत किए होते हैं। इसका अर्थ है कि शिक्षक छात्रों से एकपक्षीय संवाद करते हैं जिसमें छात्रों की कोई भूमिका नहीं होती है।

आज हम जानते हैं कि ऐसा अनुभव सर्वोत्तम नहीं है और इसे इंटरैक्टिव, छात्र-केंद्रित शिक्षण वातावरण से बदला जाना चाहिए। पिछले कुछ दशकों में, शिक्षकों ने इंटरैक्टिव शिक्षण दृष्टिकोण के महत्व को पहचाना है। अनुसंधान ने स्थापित किया है कि एकतरफा व्याख्यान में सीखना शायद ही कभी प्रभावी ढंग से होता है। इंटरैक्टिव शिक्षण के माहौल में, छात्र सक्रिय रूप से भागीदारी करते हैं। इसे विभिन्न तरीकों से किया जा सकता है, छात्रों से प्रश्न पूछना, छात्रों को साथियों के साथ और टीमों में काम करना, व्यावहारिक अनुभवों से परिचय कराना, आदि।

इस प्रकार की इंटरएक्टिव शिक्षण -प्रक्रिया के दौरान छात्र सक्रिय रूप से 'बोलने' या 'करने' में भागीदार बनते हैं। छात्र-केंद्रित कक्षाएं गहन शिक्षण के लिए वैयक्तिक छात्र खूबियों का लाभ उठाती हैं। छात्र-केंद्रित शिक्षा, जिसे शिक्षार्थी-केंद्रित दृष्टिकोण भी कहा जाता है, एक ऐसा शैक्षणिक दृष्टिकोण है, जो महत्व प्राप्त कर रहा है। छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण स्वीकार करते हैं कि छात्र सीखने के लिए विविध रुचियों, शक्तियों और प्राथमिकताओं वाले अनोखे व्यक्ति होते हैं, जबकि यह पुष्टि करते हुए कि कोई एक तरीका सभी के लिए उपयुक्त नहीं होता है। अच्छे शिक्षण के लिए आवश्यक है कि हम विद्यार्थियों को अच्छी तरह से जानें, और इस ज्ञान का उपयोग निर्देशों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए करें। शिक्षण प्रक्रिया की विभिन्न गति और वरीयताओं के अनुरूप शिक्षण पद्धति में अंतर करते हुए, इसे छात्रों की रुचियों को पाठों में शामिल करके, सामग्री को उनके आसपास के संदर्भों से जोड़कर उन्हें प्रासंगिक बनाने के लिए किया जा सकता है, आदि।

जब छात्र-केंद्रित शिक्षाशास्त्र को शामिल किया जाता है, तो अंत:क्रियात्मक शिक्षण के सकारात्मक प्रभाव को और बढ़ाया जा सकता है। यह काम तीन स्तरों पर किया जा सकता है - भौतिक स्तर पर व्यवहारगत, संवेदी जुड़ाव, मन के स्तर पर संज्ञानात्मक/बौद्धिक जुड़ाव, और दिल के स्तर पर भावनात्मक / प्रेरक जुड़ाव इनमें शामिल हैं।

व्यवहारगत जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए, हमारे पास सीखने का माहौल या रणनीतियां होनी चाहिए जो छात्रों को सीखने की प्रक्रिया के दौरान काम पर बने रहने में सक्षम बनाती हैं। इसे इंटरएक्टिव लर्निंग स्ट्रैटेजी द्वारा प्रचारित किया जाता है जैसे कि छात्रों को कक्षा के दौरान चौकस बने रहने में मदद करने के लिए प्रश्न पूछना और सभी इंद्रियों को शिक्षण के दौरान पूरी तरह से जोड़ने के लिए मल्टी-मोडल इंटरेक्टिव मीडिया का उपयोग करना इनमें शामिल हैं। छात्रों को कक्षा के नियमों का सह-सृजन करने के अवसर दिए जा सकते हैं। इसका अर्थ है कि शिक्षक कक्षा संचालन के नियम बनाने में छात्रों से संवाद कर उनकी राय जानें।

यह सीखने को अधिक छात्र-केंद्रित बनाने में मदद करता है, और शिक्षक अपने छात्रों के साथ नियमों या कक्षा -सहमतियों का सह-सृजन कर सकते हैं। यह छात्रों के बीच कक्षा व स्कूल के प्रति स्वामित्व तथो साझा जिम्मेदारी की भावना पैदा करता है।

छात्रों को संज्ञानात्मक रूप से जोड़ने का मतलब है कि छात्र सक्रियतापूर्वक सोच रहे हैं कि वे क्या सीख रहे हैं। छात्रों को भी गहन शिक्षण की प्रक्रिया में बौद्धिक रूप से शामिल होना चाहिए। पूछताछ और समूह कार्य जैसी संवादात्मक रणनीतियां बौद्धिक जुड़ाव को बढ़ावा दे सकती हैं। छात्रों को अपनी सोच को व्यक्त करने के अवसर दिए जा सकते हैं, क्योंकि इंटरैक्टिव अध्यापन तभी अधिक शक्तिशाली होता है जब यह छात्रों की भागीदारी को प्रोत्साहित करता है, उन्हें अपनी राय व्यक्त करने और दूसरों को सुनने के लिए प्रेरित करता है। छात्रों को एक ही समय में अपने विचारों को साझा करने का अवसर देने के लिए समूह कार्य और डिजिटल मतदान उपकरणों का भी उपयोग किया जा सकता है। जब छात्र बौद्धिक रूप से शिक्षक के साथ जुड़ जाते हैं तो उनके साथ यह स्थिति लंबे समय तक बनाए रखने की अधिक संभावना होती है। इससे छात्रों को बेहतर ढंग से सीखने में मदद मिलती है तथा शिक्षक-छात्र संबंध और बेहतर होते हैं। अलग-अलग छात्र अलग-अलग गति से सीखते हैं। एक रूप सबके अनुरूप जैसा तरीका सभी छात्रों को तत्काल प्रक्रिया से पार ले जाता है, जिससे बुनियादी ज्ञान में कमियां रह जाती हैं। निर्देश की गति में अंतर करने से सभी के लिए बेहतर सीखने को बढ़ावा मिल सकता है। प्रौद्योगिकी में प्रगति अब हमें शिक्षण संसाधनों को क्यूरेट करने या उनको सटीक ढंग से निर्धारित करने के विकल्प देती है जिन्हें अलग-अलग ढंग से प्राप्त किया जा सकता है। यह छात्रों को काफी हद तक अपनी गति से सीखने को बढ़ावा दे सकता है।

भावनात्मक स्तर पर भागीदार छात्रों का अर्थ है उन्हें उत्साहित, जिज्ञासु और प्रेरित करना। हम नहीं चाहते कि छात्र सरलता से सीखें, क्योंकि उन्हें केवल रिपोर्ट कार्ड पर ग्रेड के लिए एक शिक्षक द्वारा देखा जा रहा है। शिक्षार्थियों को अपनी जिज्ञासा और जुनून से प्रेरित होना चाहिए। सहयोगी व व्यवहारिक शिक्षण, परियोजना-आधारित शिक्षा जैसी इंटरैक्टिव शिक्षण रणनीतियां इसे बढ़ावा दे सकती हैं।

छात्रों को साथियों के साथ सीखने का अवसर दिया जाना चाहिए, जो उनके बीच बातचीत को बढ़ावा देता है। लेकिन इसके अलावा, हमउम्र शिक्षा, निश्चित रूप से सही कक्षा संस्कृति के साथ, सुरक्षित शिक्षण की जगह बना सकती है जिसमें छात्रों को संदेह व्यक्त करने या स्पष्ट करने के लिए साथियों तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। हमेशा शिक्षक से पूछने के बजाय सहयोग के लिए किसी सहकर्मी से संपर्क करना बहुत कम डराने वाला होता है।

साथ ही, सीखने की प्रक्रिया के दौरान, छात्रों को रुचि-आधारित विकल्प बनाने के अवसर दिए जाने चाहिए। वे जो सीखते हैं उसमें अपनी बात रखने से सीखना अधिक प्रेरक हो जाता है और स्व-निर्देशित शिक्षण-आदतें बनाने में मदद मिलती है।

परियोजना-आधारित शिक्षा जैसा छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण छात्रों को उनकी परियोजनाओं में 'वॉयस एंड च्वाइस' के साथ-साथ निरंतर पूछताछ व आत्ममंथन प्रदान करता है। छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण अनुपालन या भागीदारी से परे जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए एक-रूप-सबके अनुरूप, इंटरैक्टिव शिक्षण दृष्टिकोणों को बढ़ा सकते हैं। यह संज्ञानात्मक जुड़ाव (मन) तक पहुंचता है जो बौद्धिक स्तर पर जगाता है और भावनात्मक जुड़ाव (हृदय) तक भी, जो प्रेरित करता है। जुड़ाव का यह उच्च स्तर छात्रों को गहन, स्थायी शिक्षण की ओर ले जाता है।

## आप की बात

### बिखरा विपक्ष

**राष्ट्रपति** के चुनाव में तो बिखरा ही था विपक्ष, साथ ही क्रास वोटिंग भी हो गई। द्रौपदी मुर्मू ने बेहतर जीत हासिल कर ली थी। अब उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जगदीश धनखड़ के चुनाव के समय भी विपक्ष बिखरने लगा है। बीजद के बाद बसपा ने भी पाला बदल लिया है और एनडीए के उम्मीदवार के पक्ष में वोटिंग करने की बात कह दी है। मोदी सरकार आने के बाद से ही विपक्ष एकजुट होकर सत्ता का विरोध करने में लगा हुआ है और हर समय फिर चाहे राज्यों के विधानसभा के चुनाव हों या लोकसभा के चुनाव अथवा उपचुनाव, हर समय वो एकजुट होने की तैयारी करता है और हर बार कभी कोई, तो कभी कोई, मतदान होने से पहले ही महागठबंधन से हाथ छुड़ाकर नौ दो ग्यारह हो जाता है। इस तरह की स्थिति के चलते आने वाले लोकसभा चुनाव में वे कितना प्रयास कर सकेंगे जिससे उनकी मंशा पूरी हो सके? माना कि कोशिश करने वालों की हार नहीं होती। परन्तु जब प्रारम्भ में ही बिखराव हो जाए तो परिणाम तो उल्टा आना ही है। एकजुटता और बिखराव सब देख चुके और देख रहे हैं जिससे विपक्ष का भविष्य भी स्पष्ट दिख रहा है।

-**शकुंतला महेश**, इंदौर

### कट्टरपन का रोग

**'हर-हर शम्भू'** भजन गाने वाली फरमानी नाज़ पर देश को नाज़ है, किन्तु कट्टरपंथी मुल्लाओं ने फतवे जारी कर दिए। वैसे तो अब शिक्षित मुसलमानों पर इन फतवेबाजों के फतवों का कोई प्रभाव नहीं होता, फिर भी कुछ समय के लिए ये गैंग देश का माहौल खराब करने में सफल तो हो ही जाते हैं। जब किसी घटना से देश की एकता, अखण्डता व सद्भाव को चोट पहुंचती है ये फतवेबाज नींद की गोली लेकर कुम्भकर्ण बन जाते हैं। इनके फतवों की एक विशेषता यह भी है कि फ़तवे निर्बल व महिला पर जल्दी निकलते हैं। फिल्मी दुनिया में तमाम ऐसे कलाकार हैं जिन्होंने न केवल भजन गए हैं बल्कि हिन्दू देवी-देवताओं की अर्चना भी की है। तिलक व यज्ञोपवीत भी धारण किये है। किन्तु उन पर कोई फतवा नहीं आया। दूसरी ओर लाखों हिन्दू मजारों पर चादर चढ़ाते हैं, कभी किसी शंकराचार्य ने फतवा जारी नहीं किया। सैकड़ों राजनेता आए दिन मुस्लिम बनकर वोट मांगने सड़कों पर निकलते हैं, कोई शंकराचार्य नहीं बोले कि फलां नेता हिन्दू नहीं रहा। मुस्लिम भाइयों को सोचना होगा कि कट्टरता उनको कितना नुकसान पहुंचा रही है।

-**डॉ नरेन्द्र टोंक**, मेरठ

### अर्थव्यवस्था की स्थिति

**मानसून** सत्र में बहुत जद्दोजहद के बाद, सत्तारूढ़ दल, महंगाई पर चर्चा को तैयार तो हुआ। मगर उनके एक भी सदस्य ने माना ही नहीं, कि महंगाई है। बल्कि इसके उलट, वित्तमंत्री महोदया ने भारत की आर्थिक स्थिति को दुनिया में सर्वोत्कृष्ट बताने में तनिक भी देरी नहीं की। कहा कि मंदी की यहां दूर दूर तक कोई संभावना नहीं है। भाजपा जबसे सत्ता में आयी है तबसे उसका ये स्लोगन बन गया है कि भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। मगर क्या हकीकत में ऐसा है? क्योंकि वित्तीय वर्ष 2022-23 भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक के बाद एक विपरीत परिस्थितियां पैदा कर रहा है। पहले उच्च राजकोषीय घाटा, फिर रुपये में गिरावट और अब चालू खाता घाटा, मुद्रा स्फीति, जिसके एक बड़े हिस्से के लिए बढ़ता व्यापार घाटा जिम्मेदार है। जुलाई में भारत का व्यापार घाटा 31 अरब डॉलर के उच्च स्तर पर पहुंच गया है। इससे हमारा विदेशी मुद्रा भण्डार भी कम होता जा रहा है। हम अपनी अर्थव्यवस्था को लेकर आश्वस्त नहीं हो सकते।

-**जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**अगले** दस साल में स्कूलों से स्नातक का सफर करने वाली पीढ़ी के लिए गंभीर खतरे वाली स्थिति है।

– **रघुराम राजन**
पूर्व आरबीआई गवर्नर



**भाजपा** की कर्नाटक सरकार गुरु बासवन्ना के सिद्धान्तों के विपरीत काम कर रही है, जिनके अनुसार ईमानदारी और काम ही पूजा है।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**हम** रोमा व सिर्ती समुदायों के साथ है जिनका नाजियों ने घोर दमन किया था।

– **जस्टिन त्रूदो**
कनाडा के प्रधानमंत्री

# रामभक्तों के अपमान पर माफी मांगे कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## सीएम बोले 5 अगस्त हर भारतीय के लिए गर्व का दिन



**काले** कपड़े पहनकर कांग्रेस के प्रदर्शन पर नाराजगी जताते कर हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पांच अगस्त दिन हर भारतीय के लिए गर्व का दिन है, क्योंकि इसी दिन ही श्रीराम जन्मभूमि के मंदिर निर्माण का शुभारंभ हुआ था।

सीएम योगी ने कहा कि यह सोचने वाली बात है कि कांग्रेस ने काले कपड़े पहनकर प्रदर्शन करने का दिन आज का ही क्यों चुना जबकि रोजाना प्रदर्शन सामान्य कपड़ों में होता था। यह सभी राम भक्त और राम मंदिर निर्माण के लिए आंदोलन में बलिदान देने वालों का अपमान है। इसके साथ ही यह सुप्रीम कोर्ट का अपमान है और कांग्रेस को इसके लिए देश से माफी मांगना चाहिये।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज अयोध्या दिवस है सैकड़ों वर्षों से हर भारतीय जन मानस को इस दिवस का इंतजार था। श्रीराम जन्म भूमि मंदिर निर्माण के कार्य के शुभारंभ का दिन भारत के लोकतंत्र को सम्मान देने वाला दिवस है। भारत की न्यायपालिका की ताकत को दुनिया के सामने अहसास कराने वाला दिवस है। भारत के उच्चतम न्यायालय के सम्मान का दिवस है। सैकड़ों वर्षों से हर भारतीय को इस दिन की तमन्ना थी। हर आस्थावान भारतीय इस दिवस का इंतजार कर रहा था। उन सबके मन में एक ही भाव था कि भारत की आस्था का सम्मान हो उच्चतम न्यायालय के फैसले से एक समान अनुमति मिली, जिसके बाद पांच अगस्त 2020 को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्म भूमि पर मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। प्रातकाल से ही अयोध्या में लाखों की संख्या में श्रद्धालुजन आकर अपनी आस्था वहां व्यक्त कर रहे हैं। इस दिवस पर भारत की आस्था को अपमानित करने वाले कांग्रेस के नेताओं का आचरण अत्यन्त निंदनीय है।

सीएम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी कई दिनों से प्रदर्शन अपने सामान्य कपड़ों में कर रही थी,लेकिन पांच अगस्त को श्रीराम जन्म भूमि मंदिर निर्माण कार्य के शुभारंभ दिवस के दिन उसने काले कपडों में प्रदर्शन किया। काले कपड़े पहनकर जो प्रदर्शन किया है यह श्रीरामजन्म भूमि के मंदिर निर्माण की तिथि के दिन यह रामभक्तों का अपमान है। अयोध्या दिवस का अपमान है, भारत के लोकतंत्र का अपमान है और भारत की न्यायपालिका के सम्मान का अपमान है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इस कृत्य की हम निंदा करते हैं और कांग्रेस पार्टी जिस तरह का आचरण कर रही है मुझे लगता है कि कोई भी भारत का आस्थावान व्यक्ति कांग्रेस के इस आचरण का समर्थन नहीं कर सकता है। यह राम भक्तों का अपमान है। कांग्रेस पार्टी को अपने इस कृत्य के लिए देश की जनता से माफी मांगनी चाहिये।

# पांच साल में हासिल करेंगे वन ट्रिलियन अर्थव्यवस्थाः योगी

● अर्थ व्यवस्था को मानक बनाने के लिए सीएम ने तय किया रोडमैप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य** की अर्थ व्यवस्था को वन ट्रिलियन का बनाने के लिये सीएम योगी आदित्यनाथ ने रोडमैप तय कर दिया है। इस रोडमैप में अगले 5 वर्षों में प्रदेश की अर्थ व्यवस्था को 1 ट्रिलियन का आंकड़ा पार करने का प्रावधान किया गया है। रोडमैप को आकार देने के लिये विश्व प्रसिद्ध कंसल्टेंट एजेंसी डेलॉयट इंडिया और सरकार के बीच आज अनुबंध हुआ।

प्रदेश को 1 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी फ़ॅार यूप, यूपी फ़ॅार इंडिया, यूपी फ़ॅार ग्लोबल की परिकल्पना की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यूपी अपने पोटेंशियल का पूरा लाभ उठाते हुए देश के बहुआयामी विकास का सबसे महत्वपूर्ण आधार बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए वर्ष 5 वर्ष की समय-सीमा निर्धारित की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि वर्ष 2027 तक उत्तर प्रदेश को .1ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था के साथ सबका साथ-सबका विकास की नीति का मानक बनेगा।

सीएम ने कहा कि रउत्तर प्रदेश की समृद्धि के लिए सरकार ने डेलॉयट इंडिया को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। राज्य सरकार के सभी विभागों की ओर से कंसल्टेंट एजेंसी को पूरा सहयोग प्राप्त होगा। सीएम ने कहा कि अगले 90 दिनों के भीतर डेलॉयट इंडिया संस्था सेक्टरवार अध्ययन करते हुए गहन विवेचना के साथ भावी कार्ययोजना प्रस्तुत करे। कार्ययोजना का परीक्षण मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति द्वारा किया जाएगा। मंत्री समूह द्वारा इसकी समीक्षा भी की जाएगी। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश संभावनाओं वाला प्रदेश है। इसके पोटेंशियल को आगे बढ़ाने के लिए कभी सही प्रयास नहीं हुए। कोरोना काल में प्रदेश की क्षमता और संकल्प को सबने देखा और सराहा है। लॉकडाउन की अल्प अवधि को छोड़ दें तो कोविड काल में प्रदेश कभी रुका नहीं। हमारी औद्योगिक इकाइयां लगातार चलती रहीं। सीएम ने कहा कि प्रदेश में कनेक्टिविटी के लिहाज से बीते 5 वर्ष में बड़ा सुधार हुआ है। आज यहां 5 एक्सप्रेसवे बन रहे हैं तथा 9 एयरपोर्ट शुरू हो चुके हैं। पहला इन लैंड वाटर-वे वाराणसी से हल्दिया तक संचालित हो रहा है। प्रदेश के हर जनपद में कुछ न कुछ खास है। इसकी पहचान और प्रोत्साहन आवश्यक है। विकास में क्षेत्रीय असंतुलन न हो। हर क्षेत्र में हर वर्ग को प्रदेश की तरक्की का सीधा लाभ मिलना चाहिए। ऐसे में रीजन आधारित आर्थिक रणनीति तैयार किया जाना आवश्यक है। सीएम ने कहा कि समग्र विकास के लिए हमने 10 सेक्टर बनाये हैं। प्रत्येक सेक्टर की जिम्मेदारी अपर मुख्य सचिव स्तर के अनुभवी अधिकारी को दी गई है। हर सेक्टर के लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक कार्ययोजना तय की गई है। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री ने समग्र विकास के लिए हमें रिफ़ॉर्म, परफ़ॉर्म, ट्रांसफ़ॉर्मश का मंत्र दिया है। इस मंत्र को अपनी कार्ययोजना में उतारने का ही परिणाम है कि बीते 5 साल में अर्थव्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ है। देश-विदेश के निवेशकों के लिए सर्वश्रेष्ठ गंतव्य के रूप में उत्तर प्रदेश की पहचान है। उन्होने कहा कि अगले वर्ष जनवरी माह में उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर समिटश् का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। यह हमारी कार्ययोजना का हिस्सा है। इस बार हमारा लक्ष्य 10 लाख करोड़ के निवेश का है। यह ग्लोबल इन्वेस्टर समिट वर्ष 2027 तक प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की पूर्ति में सहायक होगा।

# कॉमन वेल्थ गेम में पदक जीतने पर राज्यपाल ने दी बधाई



**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कॉमन वेल्थ गेम्स 2022 में मुरली श्री शंकर को 8.08 एम लूप जम्प प्रतिस्पर्धा में रजत पदक जीतने पद हार्दिक बधाई व उज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं राज्यपाल ने सुधीर को पावर लिफ्टिंग प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पद हार्दिक बधाई व उज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है और उनकी यह जीत हमारे देश के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी साबित होगी।

## बाईपास रिंग रोड व फ्लाई ओवर के लिए 98 करोड़ 78 लाख की धनराशित अवमुक्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने शहरों के बाईपास रिंग रोड व फ्लाई ओवर व्यवस्था योजना के चालू कार्यों के लिए 98 करोड़ 78 लाख 48 हजार रुपए की धनराशि का आवंटन किया है। इस संबंध में लोक निर्माण विभग की ओर से शासनादेश जारी कर दिया गया है। जारी शासनादेश के अनुसार इन 9 गतिशील कार्यों में जनपद अयोध्या में 2, बांदा, गोरखपुर, सहारनपुर, बिजनौर, रामपुर, कुशीनगर तथा सम्भल में एक-एक कार्य शामिल हैं। जारी शासनादेश में निर्देशित किया गया है कि आवंटित धनराशि का उपयोग अंकित परियोजनाओं पर ही मानक विशिष्टियों के अनुरूप एवं वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों-ज्ञापों तथा बजट मैनूअल और वित्तीय हस्तपुस्तिका के नियमों-स्थाई आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए व्यय की जाए तथा जारी शासनादेशों में उल्लिखित किया गया है की वित्तीय-भौतिक प्रगति का सक्षम स्तर पर सम्यक निरीक्षण-सत्यापन कर प्रगति रिपोर्ट प्रत्येक माह शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम को भव्य तरीके से मनाने के लिए 3.75 करोड़ आवंटित

● प्रत्येक जिलाधिकारी को आवंटित की गई पांच लाख रुपए की धनराशि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ


**आजादी** का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम को पूरे प्रदेश में भव्य रूप से मनाये जाने के लिए प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियों को 3.75 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित की गई है। इसमें से 5 लाख रुपए की धनराशि प्रत्येक जिले में जिलाधिकारियों द्वारा अयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों पर खर्च की जाएगी।

प्रदेशे पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम को शानदार ढंग से आयोजित किए जाने के लिए प्रमुख सचिव संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम की ओर से 3 अगस्त 2022 को 3.75 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित करते हुए सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जयवीर सिंह ने बताया कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम आजादी के अमृत महोत्सव के परिप्रेक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। इसलिए इसमें व्यापक जनसहभागिता के लिए विभिन्न कार्यक्रम कराए जाएंगे। इस कार्यक्रम की व्यापक सफ लता के लिए जनपद स्तर पर विश्व विद्यालय, शिक्षण संस्थानों को उपयोग में लिया जाएगा। जहां पर ध्वनि-प्रकाश से युक्त सभागार-प्रेक्षागृह उपलब्ध होंगे, वहां पर ये कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पर्यटन मंत्री ने बताया कि जिला स्तरीय आयोजन समिति द्वारा आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों का अपने स्तर से निर्धारण किया जा सकता है, जिनमें तिरंगा जल यात्रा, कठपुतली एवं जादू शो, आदि का भी कार्यक्रम रखा जा सकता है।

# स्वतंत्रता दिवस पर 5 करोड़ पौधों का रोपण व अमृत वन की होगी स्थापना

● 8 अगस्त से 15 अगस्त तक मनाया जाएगा हरिशंकरी सप्ताहः अरुण सक्सेना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के वन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि आगामी 8 अगस्त से 15 अगस्त तक हरिशंकरी सप्ताह मनाया जाएगा। साथ ही 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 5 करोड़ पौधों का रोपण व अमृत वन की स्थापना करायी जाएगी। उन्होंने कहा कि अमृत वन की स्थापना के लिए 43003 स्थल चयनित किए जा चुके हैं। इन स्थलों पर 34 लाख 23 हजार 911 पौधों का रोपण किया जाना है। उन्होंने निर्देश दिए कि पौधरोपण के साथ ही पौधों की सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता दी जाए।

सक्सेना ने शुक्रवार को वन मुख्यालय पर हरिशंकरी सप्ताह एवं अमृत वन की स्थापना की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त को झण्डारोहण और राष्ट्रगान के पश्चात समस्त ग्राम पंचायतों में आजादी के अमृत महोत्सव के लिए चयनित स्थलों पर पौधरोपण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम सभा व शहरी निकाय में अमृत वन की स्थापना करायी जानी है। अमृत वन में 75 स्थानीय प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जायेगा। जिसमें पीपल, पाकड़, नीम, बेल, आंवला, आम, कटहल एवं सहजन के पौधों के रोपण को वरीयता दी जाए। वन मंत्री ने निर्देश दिए कि अमृत वन के स्थापना के लिए स्वतंत्रता संग्राम की घटनाओं-सेनानियों से संबंधित स्थलों एवं अमृत सरोवर के आस पास पौधरोपण को विशेष प्रमुखता दी जाए। प्रत्येक विधानसभा में भव्य कार्यक्रम का आयोजन कराया जाए। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि स्कूली बच्चों एवं स्काउट गाइड के विद्यार्थियों को खासतौर से आमंत्रित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के समस्त चिड़ियाघरों में स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान पेंटिंग, निबंध लेखन, स्लोगन लेखन, प्रभात फे रियों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए।

# कारागारों में भी आजादी का अमृत महोत्सव यादगार ढंग से मनाने की तैयारी



● बंदियों को दिया जा रहा राष्ट्रगान गाने का प्रशिक्षण, सभी जेलों की बैरकों पर भी होगा झंडारोहण, 15 अगस्त तक बंदी तैयार कर लेंगे 2 लाख झंडे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की कारागारों में भी आजादी के अमृत महोत्सवका जश्न कुछ खास और यादगार तरीके से मनाए जाने की तैयारियां हैं। सभी कारागारों में विशेष साफ सफ ाई अभियान चल रहा है। कारागार मुख्यालय, संपूर्णानंद कारागार प्रशिक्षण संस्थान, सभी रेंज डीआईजी कार्यालयों में तैनात अधिकारी कर्मचारी स्वच्छता कार्यक्रमों में श्रमदान करेंगे।

कारागार मुख्यालय के प्रवक्ता संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि कारागार विभाग के सभी सरकारी भवनों एवं अधिकारियों कर्मचारियों के आवासों पर झंडारोहण किए जाने की व्यवस्था की जा रही है। प्रदेश की सभी कारागारों की बैंरकों पर भी झंडारोहण कार्यक्रम कराया जाएगा।

बंदियों को राष्ट्रगान गाए जाने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है प्रदेश में सभी कारागार भवनों पर लाइटिंग द्वारा सजावट की व्यवस्था किया जा रहा है सभी आवासीय भवनों पर 30 इंच गुणा 20 इंच आकार का राष्ट्र ध्वज लगाया जाएगा। मुख्यालय तथा कारागारों में निर्मित शहीद स्मारकों तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के स्मारकों पर एक सप्ताह तक सांयकाल राष्ट्रीय धुन बजाने की व्यवस्था की जा रही है।

जिन कारागारों में टेलरिंग में प्रशिक्षित बंदी व टेलरिंग यूनिट हैं वहां के बंदियों को झंडा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कारागार के अधिकारी बंदियों को स्वतंत्रता तथा झंडारोहण के बारे में जानकारी दे रहे हैं और उन्हें भक्ति भाव जागृत करने का प्रयास कर रहे हैं। कारागारों में खेलकूद कार्यक्रम जैसे बैडमिंटन कैरम वालीबाल आदि आयोजित कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय एवं सराहनीय कार्य करने वाले जेलकर्मियों को चिन्हित करके उन्हें प्रशस्ति पत्र देने की व्यवस्था की जा रही है। कारागारों मे देशभक्ति से संबंधित पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित किए जाने तथाआजादी के अमृत महोत्सव सप्ताह में शहीद कार्मिकों के परिवार को बुलाकर सम्मानित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। कारागारों में बाहर से आने वाले मुलाकातियों में आजादी के अमृत महोत्सव के बारे में जागरूकता अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रवक्ता ने बताया कि जिला जेल आगरा, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, शाहजहांपुर, लखनऊ, बरेली, उरई व बहराइच में बन्दीगण झंडे बना रहे हैं। अनुमान है कि 15 अगस्त के दिन तक बंदीगण लगभग दो लाख झंडे बनाकर तैयार कर लेंगे। ये झंडे स्वयंसेवी संस्थाओं व जिला प्रशासन के माध्यम से आमजन को दिए जाएंगे।

# तिरंगा यात्रा के साथ दंगा भी करा सकती है भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## जनेश्वर मिश्र की 89वीं जयंती पर सपा अध्यक्ष ने उनकी प्रतिमा पर माल्यर्पण कर अर्पित की श्रद्धांजलि




**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आशंका जतायी है कि भाजपा तिरंगा यात्रा के साथ दंगा भी करवा सकती है। उन्होंने कहा कि कासगंज में पिछले समय तिरंगा यात्रा में दंगा हुआ था। यह दंगा हिन्दू-मुस्लिम के नाम पर भाजपा ने ही कराया था। भाजपा ने हमेशा पिछड़ों, दलितों और खासकर मुसलमान भाइयश को धोखा देने का काम किया है। भाजपा बांटने की राजनीति करती है। समाजवादी सरकार बनने के बाद जातीय जनगणना कराई जाएगी।

अखिलेश शुक्रवार को समाजवादी नेता जनेश्वर मिश्र की जयंती पर गोमती नगर स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर अखिलेश ने कहा कि 15 हजार करोड़ की लागत से बने जिस बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे का प्रधानमंत्री ने उद्घाटन किया था वह पहली बारिश में ही ढह गया। इसकी जांच ईडी या सीबीआई से कब होगी? उन्होंने कहा कि पूरे देश को समझना चाहि कि आरएसएस और भाजपा एक ही है। नागपुर में आरएसएस के मुख्यालय पर पांच दशक तक राष्ट्रीय ध्वज नहीं फहराया गया। समाजवादियों ने जनेश्वर मिश्र पार्क में सबसे ऊंचा तिरंगा झंडा सम्मान के साथ लगवाया था। जनेश्वर मिश्र की 89 वीं जयंती पर जनेश्वर मिश्र पार्क में स्थापित उनकी आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ ही अखिलेश यादव ने जनेश्वर मिश्र ट्रस्ट में उनकी प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। यादव ने कहा कि श्री मिश्र आजीवन गरीबोंए किसानों और नौजवानों के लिए संघर्ष करते रहे। उन्होंने सभी के साथ समानता का व्यवहार किया। संसद में उनको सभी शांति से सुनते थे। समाजवादी पार्टी उनके ही आदर्शो पर चल रही है।

सपा प्रवक्ता ने बताया कि जनेश्वर मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात अखिलेश यादव ने लगभग 4 सौ एकड़ में फैले जनेश्वर मिश्र पार्क का भ्रमण किया।

# महाराष्ट्र से हत्या कर फरार हुए दो अभियुक्तों को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपी** एसटीएफ और महाराष्ट्र पुलिस की टीम ने रायगढ़ में हुई हत्या की एक घटना में शामिल और फरार चल रहे दो अभियुक्तों अमन सिंह व दिलीप शुक्ला को आजमगढ़ से गिरफ्तार किया। दोनों आजमगढ़ जिले के ही रहने वाले हैं। एसटीएफ के अनुसार बीती 28 जुलाई 2022 को जनपद रायगढ़, महाराष्ट के थाना नवीन पनवेल क्षेत्रान्तर्गत जंगल में बुरी तरह से जला हुआ एक शव मिला था। इस संबंध में थाना नवीन पनवेल पर हत्या का मुकदमा हुआ था। स्थानीय पुलिस की विवेचना से शव की शिनाख्त प्रवीण शान्ताराम सेलार पुत्र शान्ताराम निवासी उषावली गांव थाना नवीन पनवेल जनपद रायगढ़ के रूप में हुई।।हत्याकाण्ड में नरेश के साथ-साथ अमन सिंह एवं दिलीप शुक्ला निवासी खेमीपुर थाना पवई जनपद आजमगढ के शामिल होने की बात प्रकाश में आई। जो घटना के बाद से ही फरार चल रहे थे। दोनों अभियुक्तों के जनपद आजमगढ़ में छिपे होने की सूचना प्राप्त होने पर रायगढ़ पुलिस द्वारा अभिसूचना को साझा करते हुए यूपी एसटीएफ से सहयोग मांगा गया। एसटीएफ की वाराणसी इकाई ने महाराष्ट्र पुलिस के साथ मिलकर सटीक सूचना के आधार पर आजमगढ़ क्श पवई थाना क्षेत्र से दोनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी की। पुलिस विवेचना एवं पूछताछ से पाया गया कि प्रवीण शान्ताराम सेलार की शादी नही हुई थी। प्रवीण शान्ताराम के परिचित नरेश ने शादी कराने के नाम पर 40 हजार रुपए लिए थे लेकिन पैसा लेने के उपरान्त भी शादी न कराने पर प्रवीण शान्ता राम अपने 40 हजार रुपए वापस माँगने लगा।

# महंगाई व बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

● राहुल व प्रियंका की गिरफ्तारी के खिलाफ कांग्रेस मुख्यालय में धरने पर बैठे कांग्रेसी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कांग्रेस** ने बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ प्रदेशभर में प्रदर्शन किया। लखनऊ में प्रदर्शन कर रहे उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्यों को पुलिस ने शुक्रवार को राजभवन की ओर जाने से रोक दिया। लखनऊ में पुलिस ने राज्यपाल के आधिकारिक आवास राजभवन की ओर जाने वाले मार्गों पर बैरिकेड लगा दिया है।

कांग्रेस के कार्यकर्ता काली पट्टी बांधकर तिरंगा लहराते हुए सुबह पार्टी मुख्यालय पर एकत्रित हुए और करीब 11.30 बजे जब उन्होंने राजभवन की तरफ कूच करने का प्रयास किया तो पुलिस द्वारा उन्हें रोक दिया गया। सभी को बसों में बिठाकर ईको गार्डेन ले जाकर छोड़ दिया गया। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में महंगाई एवं बेरोजगारी के खिलाफ आन्दोलन और पदमार्च किया गया। पदमार्च में शामिल नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए विधायक चौधरी बीरेंद्र सिंह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने पिछले आठ वर्षों में यूपी को पीछे धकेल दिया है। उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार एक तानाशाही सरकार है। जिसने देश की संवैधानिक और विधिक संस्थाओं पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया है। इन विधिक संस्थाओं के संरक्षण में ही विपक्ष और जनता की आवाज मजबूत होती है, लोकतंत्र मजबूत रहता है। कांग्रेस के नेताओं को ईडी का डर दिखाया जा रहा है और जनता के मुद्दों पर आंदोलन करने से रोका जा रहा है। मगर कांग्रेस डरने वाली नहीं है।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता संजय सिंह ने बताया कि बेतहाशा महंगाई, चिंताजनक बेरोजगारी और जनता को लूटने वाली जीएसटी के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन के तहत कांग्रेस ने राजभवन तक मार्च निकाला, जिसे पुलिस ने बर्बरतापूर्वक रोकने का प्रयास किया और काफी संख्या में कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। इधर दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की गिरफ्तारी की जानकारी होते ही कांग्रेसी प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में धरने पर बैठ गए। इनमें प्रमुख रूप से विधायक चौधरी बीरेंद्र सिंह, प्रमोद पांडे, दिनेश सिंह, डॉ. सुधा मिश्रा, प्रज्ञा सिंह, अशोक सिंह, सुबोध श्रीवास्तव आदि

# आबकारी विभाग में नहीं बर्दाश्त किया जाएगा किसी प्रकार का भ्रष्टाचारः नितिन अग्रवाल

## आबकारी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार ने छह माह की कार्ययोजना के संबंध में की समीक्षा बैठक

● जुलाई 2022 तक आबकारी विभाग को हुई 12974.32 करोड़ रुपए राजस्व की प्राप्ति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के आबकारी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने कहा है कि आबकारी विभाग द्वारा छह माह में वार्षिक राजस्व लक्ष्य 42500 करोड़ रुपए के सापेक्ष 20500 करोड़ रुपए राजस्व अर्जित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उनहोंने कहा कि निर्धारित लक्ष्य से अधिक राजस्व प्राप्त करना हमारी प्राथमिकता है। विभाग में किसी प्रकार का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि किसी अधिकारी के खिलाफ वित्तीय अनियमितता, भ्रष्टाचार या कार्यो में लापरवाही की शिकायत प्राप्त होती है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। अग्रवाल शुक्रवार को गन्ना संस्थान में आयोजित आबकारी विभाग की छह माह की कार्ययोजना के संबंध में समीक्षा बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। आबकारी मंत्री ने कहा कि 100 दिवस की कार्ययोजना के अन्तर्गत जो राजस्व की प्राप्ति हुई है वह अत्यंत सराहनीय है। मुख्यमंत्री को विभाग से बहुत अपेक्षाएं हैं। राजस्व अर्जन में आबकारी विभाग का प्रमुख स्थान है और सरकार की प्रंभावी नीतियों के तहत पिछले पांच वर्षों में आबकारी विभाग द्वारा उल्लेखनीय राजस्व अर्जित किया गया है।

अग्रवाल ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पॉश मशीन द्वारा बीयर की सेलिंग 15 अगस्त तक करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसको पूर्ण कराना सुनिश्चित करें अन्यथा कड़ी कार्यवाही होगी। समीक्षा बैठक के दौरान आबकारी मंत्री ने कहा कि प्रवर्तन के कार्य को और कारगर बनाया जाऐ तथा अवैध मदिरा के उत्पादन पर पूरी तरह से अंकुश लगाते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने दूसरे पड़ोसी राज्यों से बिना सीमा शुल्क दिये आ रही मदिरा के व्यापार पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही दुकानों की नियमित चेकिंग सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव आबकारी संजय आर. भूसरेड्डी ने राजस्व प्राप्तियों की जानकारी देते हुए बताया कि माह जुलाई 2022 तक 12974.32 करोड़ रुपए की प्राप्ति हुई है जो गत वर्ष की तुलना में 16.21 प्रतिशत राजस्व की वृद्धि हुई है। उन्होंने 6 माह की कार्ययोजना के संबंध में मंत्री को विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सभी विभागीय अधिकारी 6 इकाइयों की आसवनी स्थापित करने, 7 आसवनियों का कन्सट्रक्सन पूर्ण कराकर उत्पादन प्रारम्भ कराया जाना, 1 ब्रेवरी का कन्सट्रक्सन पूर्ण कराकर उत्पादन प्रारम्भ कराया जाना, 1 इकाई को वाइनरी स्थापित करने, बीयर की 6 माइक्रो ब्रेवरी की स्थापना करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य करेंगें। उन्होंने प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप दिये गये लक्ष्य को पूरा करने के लिए मंत्री को आश्वस्त किया।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 6 अगस्त, 2022



# नदी के उफान से अखरी गांव का अस्तित्व खत्म होने के कगार पर

● नदी के आगोश में आकर 12 घर पानी में समा चुके हैं

संवाददाता। रामपुरमथुरा सीतापुर



**अभी तक** तो एक ही गांव का अस्तित्व खतरे में था लेकिन अब दो गांव का अस्तित्व खत्म होने को है आपको बता दें कि अखरी गांव का अस्तित्व खत्म होने को है अभी तक वहां पर 12 घर नदी की आगोश में समा चुके हैं जिसमें अखरी निवासी रामनरेश पुत्र राम उदित राम ,राम सुहावन पुत्र राम उदित, ओमप्रकाश पुत्र राम उदित, तीरथ पुत्र जनार्दन ,उषा पत्नी राजेश, धनंजय पुत्र रामनरेश, धर्मपाल पुत्र रामनरेश, राकेश पुत्र ओमप्रकाश, राम गोविंद पुत्र स्वामी दयाल ,शिव कुमार पुत्र सीताराम ,शांति पत्नी मुंनवा, इनके सबके घर नदी की कटान में खत्म हो चुके हैं और अब अखरी गांव में लगभग 11 घर बचे हैं जिसकी आबादी लगभग 100 लोगों की है जिसमें चारों तरफ से पानी फिर गया है आवागमन का रास्ता भी करने की कगार पर है बाबा कुटी के 4 घर नदी के आगोश में समा चुके हैं जिसमें शंभू पुत्र राम जीवन ,वीरेंद्र पुत्र राम जीवन, शिवमंगल पुत्र रामजीवन ,खुली कहार, का घर नदी में कट गया है और इसमें अब लगभग 12 घर बचे हैं जिसकी आबादी 120 लोगों की है आपको बताते चलें कि एक गांव का अस्तित्व खतरे में था लेकिन अब दोनों गांव ही करने की कगार पर हैं बहुत ही प्राचीन स्थल बाबा नन्हे दास की कुटी भी कटान के आगोश में है लेकिन अभी समय पानी पड़ने की वजह से कटान बंद हुआ है लेकिन ग्रामीणों को डर सता रहा है सभी लोग अपना अपना घर छोड़ कर के इधर उधर चले गए हैं शासन प्रशासन द्वारा अभी तक कोई भी जमीन नहीं मुहैया कराई गई है इस बाबत जब राजस्व निरीक्षक रमाकांत अवस्थी से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत रायसेन पुर में सभी कटान वालों को जगह मुहैया कराई जा रही है।

# बाघ की दहाड़ से दहशत में पूरा गांव, छत पर काट रहे रात

● ऐलिया के अटरिया कीरतपुर गांव में भयभीत ग्रामीण

संवाददाता। ऐलिया सीतापुर



**इमलिया** सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में जंगली जानवर का आतंक अभी कम नहीं हुआ है। 25 जुलाई को क्षेत्र के नौवा अम्बरपुर में देखा गया था। जिसके बाद बुधवार की शाम अटरिया कीरतपुर गांव निवासी वकील मौर्या व दिनेश अपने कुछ साथियों के साथ गांव के बाहर खड़े थे। तभी झाड़ी से कुछ आवाज सुनाई पड़ी इस पर इन लोगों ने पत्थर चला दिया। तभी अचानक झाड़ी से एक जानवर निकलकर इन लोगों को दौड़ा लेता है। वहीं इसी गांव के रामपाल को गांव के उत्तर एक बछड़े के अवशेष पड़े मिले थे। जिसके बाद बृहस्पतिवार को समय करीब 11 बजे देवई गांव निवासी कमरुद्दीन गांव के उत्तर तालाब पर बकरी चरा रहे थे। तभी अचानक गन्ने के खेत से एक जानवर छलांग लगाकर निकला और बकरी के बच्चे को गन्ने में उठा ले गया। जिस पर कमरुद्दीन गांव की तरफ चिल्लाते हुए भागा और ग्रामीणों को लाठी डंडे के साथ लेकर गन्ने में गए। जहां जाकर देखा कि वह जंगली जानवर बच्चे का पेट फाड़कर खा चुका था। जिसके बाद ब्रहस्पतिवार की शाम 9 बजे के करीब धेनापुर गांव में नहर के किनारे सुखदेव, प्रथम सिंह के घर बने हैं वहीं पर एक जानवर दहाड़ लगाता है और ग्रामीण डर जाते हैं। सभी अपनी छतों पर लाठी टार्च लेकर आ जाते हैं तो कुछ खेतों की तरफ व गांव में आग जलाने लगते हैं। ग्रामीणों का कहना था यह बाघ की आवाज है। जिसके बाद वह दहेलिया गांव होकर बख्तावरपुर एक गुड़ बेल के पास दहाड़ लगाता है। जिस घर मे खाना खा रहे प्रमोद गुप्ता डर जाते हैं खाना छोड़कर शोर मचाने लगते हैं। इसी दौरान किसी ने इमलिया पुलिस को सूचना दे दी। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह बिना देर किए बीट दरोगा बाबू खान,आरक्षी अश्वनी त्यागी,राहुल यादव को मौके पर भेजा। जहां पुलिस ने ग्रामीणों के साथ पीपा बजाते हुए लाठी डंडा टार्च लेकर पहले काम्बिंग की। उसके बाद दरोगा ने ग्रामीणों को पीपा बजाने को कहा सभी लोग ऐसे ही पीपा बजाते रहो। तथा एलाउंस करते हुए कहा इमलिया पुलिस आपकी सेवा में 24 घण्टे ततपर है। आप लोग सावधान होकर घरों में रहे। शुक्रवार को धेनापुर, कुसुमा, बख्तावरपुर, ललतूपुरवा आदि गांवों में पहुंचकर वन क्षेत्राधिकारी लहरपुर (अतिरिक्त चार्ज) हरगांव अभय कुमार मलह ने कांबिंग करते हुए मिले पगचिह्न के आधार पर बताया कि यह लकड़बग्घा के पगचिह्न हैं। मेरी टीम लगी हुई है। आसपास के ग्रामीणों को सावधान रहने की जरूरत है।

## क्विक न्यूज

### माह के द्वितीय व चतुर्थ गुरुवार को की जाएगी सुनवाई: मंडलायुक्त

**बरेली।** मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे ने बताया कि मंडल में कार्यरत शासकीय एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के संबंध में माह अगस्त, 2022 से प्रत्येक माह के द्वितीय व चतुर्थ गुरुवार को मंडलायुक्त द्वारा कमिश्नरी कार्यालय में मध्यान्ह 12 से 1 बजे तक सुनवाई की जाएगी। उन्होंने मंडलीय अधिकारियों से कहा है कि अपने अधीनस्थ कार्यरत जनपद के समस्त शासकीय एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सूचित करें कि यदि किसी कर्मचारी की कोई समस्या है तो वह निर्धारित दिवस को उनके समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्या से अवगत करा सकते हैं।

### इमामबाड़े की हाजरी के वक्त तिरंगा फहराने का पैगाम

**बरेली।** हर घर तिरंगा फहराने का संदेश,आज मलूकपुर स्थित फ्रोहनशीन पर समाजसेवी अहमद उल्लाह वारसी के नेतृत्व में हजरत इमाम हुसैन के अकीदतमंदों को इमामबाड़े की हाजरी के वक्त तिरंगा फहराने का पैगाम देते हुए मुल्क की सलामती,तरक्की, कामयाबी के लिये खुसूसी दुआ की गई,और सभी लोगों से अपील की गई,देश की आजादी का जश्न मनाते हुए घर घर तिरंगा फहराया जाएं।इस मौके पर मुतावल्ली जाफर नियाजी,समाजसेवी पम्मी खान वारसी,फहीम वारसी,नासिर हुसैन,राजू कुरैशी, आसिफ वारसी, सादिक खान नूरी, कलीम बशीरी,आबिद नियाजी,फरमान साबरी, इमरान वारसी आदि सहित बड़ी तादात में अकीदतमन्द शामिल रहे।

### आजादी के अमृत महोत्सव पर 11 से 17 अगस्त तक प्रत्येक घर फहराया जाए तिरंगा: डीएम

**बरेली।** पूरे देश में आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर आजादी के अमृत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें महत्वपूर्ण है कि देश के हर नागरिक के घर पर तिरंगा फहराया जाए।इस कार्यक्रम को अमलीजामा पहनाने के लिए बरेली के जिला अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी ने आज मीडिया से बात करते हुए बताया कि 11 से 17 अगस्त तक प्रत्येक घर पर तिरंगा फहरा हुआ होना चाहिए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। 13 अगस्त से 15 अगस्त तक विभिन्न प्रतियोगिताएं की जाएंगी जिसमें खेलकूद चित्रकला आदि भी शामिल है। पहले तिरंगा सिर्फखादी वस्त्र का ही बनाया जाता था मगर अब पॉलिस्टर सूती ऊनी वस्त्रों से तिरंगा बनाया जा सकता है। तिरंगे को लेकर जिलाधिकारी ने उसका साइज भी बताया है जो कि 3 ध्2 का अनुपात होना चाहिए। इसके अलावा तिरंगे को लगाने का और उसके उतारने तक सारी प्रक्रिया को बताया गया है ताकि तिरंगे का सम्मान बरकरार रहे। साथ ही उन्होंने बताया कि आज आजादी के अमृत महोत्सव पर लगाया जाने वाला तिरंगा लोग सहेज कर अपने घर पर रख सकते हैं ताकि वह अपनी पीढ़ियों को बता सके कि आजादी के अमृत महोत्सव पर यह तिरंगा फहराया गया था। आम नागरिक 11 से 17 अगस्त तक अपने घरों पर प्रॉपर तिरंगा लगा सकते हैं जबकि सरकारी कार्यालयों पर इसका समय अलग है जहां समय से तिरंगा लगाया और उतारा जाएगा।

### डीएम की अध्यक्षता में जिला नियामक समिति की बैठक सम्पन्न

**बरेली।** जिला अधिकारी श्री शिवाकान्त द्विवेदी ने समिति के सचिव को निर्देश दिए कि उन सभी विद्यालयों की सूची तैयार करें, जिन्होंने इस वर्ष अपने विद्यालय के शुल्क में वृद्धि की हो और जिन विद्यालयों के अभिभावकों द्वारा शिकायत प्राप्त होती हैं या हो रही हैं उनसे स्पष्टीकरण समिति द्वारा मांगा जाए, जिसके उपरांत संबंधित विद्यालय पर उचित कार्रवाई की जाए।जिलाधिकारी को सचिवध्जिला विद्यालय निरीक्षक ने अवगत कराया उत्तर प्रदेश शोभित पोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम 2018 के अंतर्गत समस्त उपबंधों को लागू किया जाना है। समिति के सदस्यों द्वारा शुल्क अधिनियम 2018 में अंकित बिंदुओं के आधार पर वर्तमान में विद्यालयों द्वारा यह जाने वाले शुल्क के संबंध में विचार विमर्श किया गया, जिसमें प्रमुखता से अभिभावक संघ अध्यक्ष द्वारा मई के महीने में विद्यालय द्वारा अचानक से फीस वृद्धि का मुद्दा उठाया गया और बताया कि अधिनियम 2018 के अंतर्गत नए सत्र के प्रारंभ होने से 30 दिन पूर्व सभी विद्यालयों को अपना शुल्क विवरण विद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करना होता है। मार्च माह 2022 में सत्र प्रारंभ हो चुका था और शैक्षिक वर्ष के मध्य में फीस वृद्धि पूर्ण रूप से शुल्क विनियमन 2018 का उल्लंघन है और ऐसे विद्यालयों को नोटिस प्रेषित किया जाए, जिन विद्यालयों द्वारा नियामक समिति के अनुमोदन के बिना फीस वृद्धि की है, वृद्धि को अमान्य घोषित कर वापस कराएं साथ ही विद्यालयों के द्वारा जमा की गई बढ़ी हुई फीस अगले माह में मायोजित कराई जाए। चार्टर्ड एकाउंटेंट ने बताया कि विद्यालयों से 3 वर्ष के सभी प्रकार के आय व्यय का ब्यौरा मंगाया जाए, जिससे यह जांच हो सके 5 प्रतिशत वार्षिक शुल्क वृद्धि की अनुमति जिस आधार पर दी गई है उसके सापेक्ष शिक्षकों का वेतन कितना बढ़ा है। इसी आधार पर 5 प्रतिशत तक अधिकतम वृद्धि की जा सकती है।

### मंडलीय नोडल अधिकारी ने अस्थाई गौआश्रय स्थल महोली का किया औचक निरीक्षण

**कमलापुर सीतापुर।** जनपद की गौशालाओं के निरीक्षण के लिए शासन द्वारा नामित मंडलीय नोडल अधिकारी एसके अग्रवाल ने विकासखंड कसमंडा की ग्राम पंचायत महोली में बने नंदिनी अस्थाई को आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण किया । उन्होंने गौशाला परिसर में गोवंशों की उपस्थिति, चारा, भूसा, पानी व गौशाला की साफसफाई आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी वहां की व्यवस्थाएं देख प्रसन्नता व्यक्त की तथा प्रधान धर्मेंद्र सिंह व सचिव दिनेश वर्मा की सराहना की । इस मौके पर ग्राम पंचायत महोली के रोजगार सेवक पति अरुण कुमार तथा गौ आश्रय स्थल के केयरटेकर मौजूद रहे।

### एलपीएस लखीमपुर ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट



**लखीमपुर-खीरी।** सीआइएससीई नेशनल स्पोर्ट्स एंड गेम्स द्वारा जोनल लेवल पर आयोजित हुए क्रिकेट टूर्नामेंट में लखनऊ पब्लिक स्कूल लखीमपुर की टीम विजयी रही। यह टूर्नामेंट का मैच चिल्ड्रन कैरियर एकेडमी, कन्नौज के मध्य दो दिवसीय सीपी विद्या निकेतन, कायमगंज फर्रुखाबाद में आयोजित किया गया था। मैच बारह ओवर का था। जिसमें सर्वप्रथम एलपीएस टीम ने बल्लेबाजी करके 81 रन का लक्ष्य बनाया । लखनऊ पब्लिक स्कूल टीम के आशुतोष गौरव ने अपनी टीम के लिए 45 रन बनाये एवं नाट आउट रहे। अभिनव सिंह एवं सूरज ने शानदार बैटिंग की। स्वेतार्थ ने अच्छी बॉलिंग करके 2 ओवर में 4 विकेट लेकर टीम को मजबूती प्रदान की। वहीं सीसीए अकेडमी कन्नौज की टीम 67 रन पर सिमट गई। लखनऊ पब्लिक स्कूल की टीम 14 रनों से विजयी घोषित हुई। टीम का चयन आगामी रीजनल लेवल पर हुआ है। प्रधानाचार्य विजय सचदेवा ने क्रिकेट टीम एवं उनके कोच आरएन मिश्रा को बधाई दी एवं आगामी रीजनल लेवल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए भी प्रेरित किया।

# महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

संवाददाता। सीतापुर

● एसडीएम सदर को जिलाध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन



**सीतापुर** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में एक बैठक जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर आहूत की गई जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षगण, फ्रंटल संगठनों के अध्यक्षगण एवं जिले के कांग्रेसजनों ने शिरकत की। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने कहा कि जिस तरीके से हिटलर शाही करके भाजपा सरकार लोकतंत्र की आवाज को दबाने का काम कर रही है वह अलोकतांत्रिक है। हम कांग्रेसजन हमेशा जनता के हक और हुकूक की लड़ाई लड़ते रहेंगे। उन्होंने आए हुए सभी कांग्रेस जनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज महंगाई चरम पर है। अनर्गल टैक्स लगाकर जनता से धन उगाही की जा रही है। लोकतंत्र को खत्म करने का प्रयास भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस की विचारधारा के लोग कर रहे हैं एवं जनता के बीच झूठा राष्ट्रवाद दिखाकर भोली-भाली जनता को ठगने का काम केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार कर रही है। उसके पश्चात महंगाई के विरोध में आज कांग्रेस को प्रदर्शन करना था। कांग्रेसजनों को जिला कांग्रेस कमेटी पर पुलिस द्वारा बेरीकेटिंग कर रोकने का प्रयास किया गया परन्तु कांग्रेसजन पुलिस को दांव देते हुए कलेक्ट्रेट धरना स्थल पर जा पहुंचे तथा हंगामी प्रदर्शन कर सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध करते हुए खाद्य पदार्थों की वस्तुओं पर अनर्गल लगाए गए जीएसटी को वापस लेने, महंगाई को कम करने, डीजल पेट्रोल, रसोई गैस के दाम कम करने एवं सरकार की अग्निवीर योजना को वापस लेने की मांग की एवं सरकार विरोधी नारे लगाए। धरना स्थल पर भारी संख्या में पुलिस की मौजूदगी के बीच एसडीएम सदर पहुंचे तथा ज्ञापन लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पीसीसी सदस्य सतीश अग्निहोत्री, आमोद मिश्र, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष राज किशोर सिंह, विनीत दीक्षित, चोक्ष विभु, शिशिर बाजपेई, धीरेश कश्यप, शैलेन्द्र सिंह, संजय सनी, कमला रावत, सुभाष राजवंशी, अनुपमा द्विवेदी, सुधीर पांडे, रामाश्रय अवस्थी, श्रेष्ठ तिवारी, कन्हैया मेहरोत्रा, पुनीत शुक्ला, गंगासागर मिश्र, अजय कुमार शुक्ला, रामसहारे पाल, मीना मिश्रा, शकील खान, विनय यादव, दिलेर सिंह, नीलम बहेलिया, आशीष शुक्ला, अमरकांत मिश्रा, पुष्पेंद्र सिंह चौहान, लवकुश मिश्रा, शुभम अवस्थी, कान्हा बाजपेई, रामजी बाजपेई, सचिन राजवंशी, अक्षय श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# सवा लाख तिरंगा ध्वज फहराये जाने का महमूदाबाद में लक्ष्य: आशा मौर्या

● तहसील सभागार में बैठक कर विधायक ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**महमूदाबाद सीतापुर।** तहसील क्षेत्र के प्रत्येक घर में लगभग सवा लाख तिरंगा ध्वज फहराए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें हर विभाग सहयोग कर जनजागरण करते हुए हर घर में तिरंगा लगवाने का सफल प्रयास करें। हर घर तिरंगा अभियान को लेकर शासन पूरी तरह से सक्रिय और सतर्क है और आमजनमानस में भी भरपूर उत्साह देखने को मिल रहा है। यह बात विधायक आशा मौर्या ने तहसील सभागार में अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ हर घर तिरंगा को लेकर बैठक करते हुए कही। उन्होने कहा कि देश की आजादी के 75 वर्ष 15 अगस्त को पूरे हो रहे हैं। लोगो में आजादी के सम्बंध में सम्पूर्ण जानकारी मिल सके और लोग उसका उत्सव मना सकें इसीलिए हर घर तिरंगा कार्यक्रम का लेकर केन्द्र व प्रदेश सरकार काम कर रही है। उपजिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी ने बताया कि जिले से विभिन्न विभागों पंचायत, राजस्व, बाल विकास, स्वास्थ्य, नगर निकायों को लगभग एक लाख बारह हजार तिरंगा घर-घर फहराने का लक्ष्य दिया गया है। जिसे हर हाल में एक लाख 25 हजार पहुँचा दिया जायेगा। खण्ड विकास अधिकारी विवेकमणि त्रिपाठी ने बताया कि महमूदाबाद को 27 हजार तथा पहला को 32 हजार ध्वज लगवाने का लक्ष्य मिला है। जिस पर ग्राम विकास विभाग द्वारा कार्य शुरू कर दिया गया है। सभी गांवों में ग्राम विकास से जुड़े कर्मचारियों के माध्यम से ध्वज वितरण कराने का कार्य जारी है। नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी शैलेन्द्र दुबे ने बैठक में बताया कि 6608 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। किन्तु लगभग 10,000 ध्वज नगर क्षेत्र में वितरित किये जाएंगे तथा विभिन्न चौराहों पर तिरंगा लाइटिंग की सजावट भी की जायेगी। इसके अतिरिक्त रामकुण्ड चौराहे स्थित सरदार पटेल प्रतिमा के निकट 15 अगस्त को 100 मीटर ऊंचा तिरंगा लहराया जायेगा। बैठक में तहसीलदार मनीष कुमार ने कर्मचारियों से तन-मन से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। इस अवसर पर पशु चिकित्सक डा. आरसी चौधरी, नगर पंचायत पैंतेपुर ईओ बबलू कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी करूणेश, अम्बुज वर्मा, अनुज उमराव, चंदन सिंह, सुनील वर्मा, अंकुर यादव आदि उपस्थित रहे।

## जल लेने कांवड़ियों का जत्था फर्रुखाबाद रवाना



**मोहम्मदी-खीरी।** चौथे व अंतिम सोमवार से पूर्व कांवड़ियों की गोला कांवड़ चढ़ाने वाले हजारों भक्तों की भीड़ हरदिन लगातार बढ़ती ही जा रही है। क्षेत्र से कांवड़ियों का जत्था फर्रुखाबाद से जल लेकर गोला कांवड चढाने के लिए हर रोज रवाना हो रहा है। वहीं क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुड़िया चूड़ामणि गोना से कांवड़ियों का एक जत्था कांवड़ लेकर फरूखाबाद मां गंगा से जल लेकर छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ चढाने के लिए निकला। कांवडियों का जत्था बम बम भोले के जयकारे करता हुआ निकला। जिससे पूरा गांव बम बम भोले के जयकारों से गुंजायमान हो गया। जत्थे को रवाना करने से पूर्व राजपाल सिंह एडवोकेट व उनकी पत्नी पूर्व सभासद पूनम सिंह के द्वारा अंगवस्त्र व तिलक लगाकर सभी भक्तों को शुभकामनाएं देकर विदा किया गया। इस दौरान अनूप सिंह, जिला पंचायत सदस्य बुधपाल सिंह, चक्रपाल सिंह, रणधीर सिंह, जसवीर सिंह, शैलेन्द्र सिंह, सुरजीत सिंह, रामाधार, पुनीत सिंह एड, धीरेन्द्र सिंह, अमतेश शुक्ला, आलोक सिंह, कुन्दन सिंह, अशुतोष सिंह, उरदीप सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

## मोईन खान को पीएचडी की उपाधि

**लखीमपुर-खीरी।** मोहम्मदी के शोध छात्र डा. मोईन खान ने ग्रामीण आजीविका संवर्धन एवं विविधीकरण जिले में सामाजिक एवं आर्थिक विकास की रणनीति विषय पर पीएचडी थीसिस लिखकर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के भूगोल विभाग से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। डा. मोईन खान ने प्रोफेसर अतीक़ अहमद के निर्देशन में काम करते हुए खीरी जिले के ग्रामीण रोजगार की समस्यायों और उनके विभिन्न आयामों को अति सूक्ष्मता से समझाने का प्रयास किया है। बाढ़, भूमिहीनता, जोत की लघुता, कृषि पर अत्यधिक निर्भरता, असाक्षरता और ग़रीबी लखीमपुर के लोगों के आजीविका की प्रमुख समस्याएं हैं। इन समस्यायों से निपटने के लिएए शोधार्थी ने कुछ मॉडल्स और रणनीतियां सुझाई हैं। कृषिक और गैर.कृषिक क्षेत्रों में आजीविका विविधीकरण एवं उन्नयन उनमें से एक हैं।

# प्रिकॉशन डोज को लेकर 96 सेंटर पर चलेगा महा अभियान

● रविवार को होगा महा आयोजन

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**शासन के** निर्देश पर जनपद में 7 अगस्त को प्रिकॉशन डोज को लेकर महा अभियान चलाया जाना हैए इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। जिले के सभी 96 सेंटर पर महा अभियान चलाया जाएगा।

जानकारी देते हुए जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा आम जनमानस को को कोविड से सुरक्षित करने के लिए यह महा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रिकॉशन डोज को बढ़ावा देने के लिए शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग महा अभियान चलाने जा रहा है। 7 अगस्त दिन रविवार को महा अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान जिला पुरुष अस्पताल, जिला महिला अस्पताल, समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप केंद्रों पर यह अभियान चलेगा। कुल मिलाकर जनपद के 96 सेंटर पर प्रिकॉशन डोज लगाई जाएगी। दोनों ही वैक्शीनों की प्रिकॉशन डोज लगवाई जाएगी। जिन लोगों को दूसरी खुराक लिए छह माह पूरे हो गए हैं।

## प्रदर्शन कर कांग्रेसियों ने दी गिरफ्तारी

**लखीमपुर-खीरी।** कांग्रेस ने महंगाई, बेरोज़गारी व ईडी के दुरूपयोग को लेकर आयोजित राष्ट्रव्यापी आंदोलन को लेकर जिलाध्यक्ष प्रह्लाद पटेल के नेतृत्व में प्रदर्शन कर गिरफ्तारी दी गई। सबसे पहले आम बैठक में नौ से पंद्रह अगस्त तक आठों विधानसभाओं में होने वाली अनवरत पद यात्रा को लेकर चर्चा हुई। अंबेडकर पार्क स्थित डा. अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर प्रदर्शन किया। सदर कोतवाली चौराहे पर पहुंचने पर सदर कोतवाली पुलिस ने सभी को गिरफ्तार करके पुलिस लाइंस भेज दिया। कार्यक्रम में रामकुमार वर्मा, दीपक बाजपेयी, जिला प्रवक्ता अमित गुप्ता, जिला महासचिव प्रेम वर्मा, जिला उपाध्यक्ष सहजेंद्र दीक्षित, संजय गोस्वामी, चंद्र प्रभा अवस्थी, रामकुमार मिश्र, यतीश शुक्ल, रीतू राज, सोनी राज, केके मिश्र, शरीफ अहमद, सचिन शाह, अब्दुल बारी, रवि तिवारी, अमित राठौर, शरीफ अहमद, देवेंद्र पंकज, अजय शुक्ल, राहुल मिश्रा, राजू पंकज, सतीश मिश्र, अनंत राम गौतम, बलराम वरुण, अनिल गुप्ता, नीरज बाजपेयी व रवि गोस्वामी आदि सैकड़ों कांग्रेसजनों ने सहभागिता कर गिरफ्तारी दी।

## पेज एक का शेष

### महंगाई के खिलाफ कांग्रेस...

इससे पहले राहुल गांधी ने कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि भारत लोकतंत्री मृत्यु होते हुए देख रहा है और जो कोई भी तानाशाही के खिलाफ बोलता है, उस पर चौतरफा हमले किए जाते हैं। देश में लोकतंत्र और सांप्रदायिक सौहार्द की पैरवी करने के लिए गांधी परिवार पर हमले किए जा रहे हैं। उन्होंने नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई का परोक्ष रूप से हवाला देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा और कहा कि जो डरता है वही धमकाता है तथा गांधी परिवार विचारधारा के लिए लड़ता है, इसलिए उस पर हमला किया जा रहा है। नेशनल हेराल्ड मामले में उन्होंने कहा कि इस केस में कुछ नहीं है, यह सब जानते हैं। हम ऐसे साजिशों के सामने झुकने वाले नहीं हैं। राहुल गांधी ने संवाददाताओं से बातचीत में यह दावा भी किया कि मौजूदा समय में देश की हर संस्था पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है और संस्थाओं के स्वतंत्र नहीं होने से विपक्ष के संघर्ष का वह असर नहीं दिख रहा जो दिखना चाहिए। पार्टी के महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान में लोकतंत्र की मौत हो रही है। जो इस देश ने 70 साल में ईंट-ईंट जोड़कर बनाया, उसे आठ साल में खत्म कर दिया गया। आज देश में लोकतंत्र नहीं है। आज चार लोगों की तानाशाही है। इसे पूरा देश जानता है। यह पूछे जाने पर कि विपक्ष की आवाज का असर क्यों नहीं हो रहा है, राहुल गांधी ने कहा कि जो विपक्ष में लड़ता है, वह संस्थाओं के बल पर लड़ता है। देश का न्यायिक ढांचा होता है, निर्वाचन का ढांचा होता है और मीडिया होता है, उसके बल पर विपक्ष खड़ा रहता है। आज देश की कोई संस्था स्वतंत्र नहीं है। वह आरएसएस-भाजपा के कब्जे में है। हर संस्था में आरएसएस का एक व्यक्ति बैठा हुआ है। उन्होंने कहा कि विपक्ष खड़ा हो रहा है, लेकिन संस्थाओं के स्वतंत्र नहीं होने के कारण जो असर दिखना चाहिए, वह नहीं दिख रहा है। सत्तापक्ष की ओर से महंगाई होने की बात को खारिज किए जाने को लेकर भी राहुल गांधी ने निशाना साधा और आरोप लगाया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को इस बारे में कुछ नहीं पता कि देश की अर्थव्यवस्था में क्या चल रहा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया कि आज सबसे ज्यादा बेरोजगारी और महंगाई भारत में है। आज किसी कस्बे और गांव में चले जाइए, लोग बता देंगे कि महंगाई की हालत क्या है। संसद भवन से पार्टी सांसदों का मार्च शुरू होने से पहले कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी भी इसमें थोड़ी देर के लिए शामिल हुईं। संसद के गेट नंबर एक पर महिला सांसदों के साथ काले कपड़े पहने और हाथ में बैनर लिए खड़ीं सोनिया गांधी ने सरकार के खिलाफ नारे लगाए और जरूरी सामान पर बढ़ाई गई जीएसटी वापस लेने की मांग की। संसद भवन से राष्ट्रपति भवन की ओर मार्च कर रहे राहुल गांधी को हिरासत में ले लिया गया। इसके बाद काले रंग की सलवार-कमीज ओर दुपट्टा पहने प्रियंका गांधी ने मोर्चा संभाला। वह पार्टी मुख्यालय के सामने पुलिस द्वारा लगाए गए अवरोधक को लांघकर दूसरी तरफ पहुंचीं और सड़क पर धरने पर बैठ गईं। कुछ देर बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट कर कहा कि पिछले तीन महीनों से जब से कांग्रेस अध्यक्ष ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा की घोषणा की है, धमकी-जीवी ने कांग्रेस पार्टी एवं हमारे नेताओं के खिलाफ प्रतिशोध और डर की जहरीली राजनीति तेज कर दी है। यह सिर्फ संयोग नहीं है। कांग्रेस ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा का ऐलान किया है। इसके तहत देशभर में कांग्रेस को पुन: स्थापित करने की योजना तो है ही, राहुल गांधी को दोबारा पार्टी अध्यक्ष पद के लिए तैयार करने की भी रणनीति है। यह पदयात्रा 148 दिन तक 3500 किलोमीटर का सफर तय करेगी।

### शाह ने तुष्टिकरण तो योगी ने...

लेकिन उन्होंने शुक्रवार के आंदोलन के लिए विशेष रूप से काले कपड़े को क्यों चुना, क्योंकि मोदी ने 550 साल से अधिक के समय से चल रहे राम मंदिर विवाद को शांतिपूर्वक सुलझा लिया, जो करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा था। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस मंदिर निर्माण पर अपना विरोध व्यक्त कर रही है, जबकि ईडी की कार्रवाई और मूल्य वृद्धि के मुद्दे केवल बहाने हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि विपक्षी दल खुले तौर पर मंदिर का विरोध नहीं कर सकता था, इसलिए उसने इसे छुपाने की कोशिश की है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कांग्रेस के विरोध को राम भक्तों का अपमान करार दिया। उन्होंने कहा कि अब तक, कांग्रेस सामान्य पोशाक में विरोध कर रही थी, लेकिन आज उन्होंने काले कपड़े पहनकर विरोध किया। यह राम भक्तों का अपमान है। उन्होंने इस दिन को आज के अयोध्या दिवस के रूप में चुना जो राम जन्मभूमि के निर्माण की शुरुआत का प्रतीक है। योगी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के इस तरह के कृत्यों ने भारत के विश्वास का अपमान किया है। कांग्रेस के रवैये ने भारत के लोकतंत्र और न्यायपालिका का अपमान करने के साथ-साथ अयोध्या दिवस का अपमान किया है। हम पार्टी के ऐसे कृत्यों की निंदा करते हैं। इससे पहले, भाजपा ने कांग्रेस नेतृत्व द्वारा किए गए विरोध की निंदा करते हुए कहा कि मूल्य वृद्धि, जीएसटी और बेरोजगारी के मुद्दे सिर्फ एक दिखावा थे और आंदोलन के पीछे असली कारण गांधी परिवार को नेशनल हेराल्ड मामले में भ्रष्टाचार के आरोपों से बचाना था। लोकतंत्र की मृत्यु कहकर राहुल गांधी द्वारा मोदी-सरकार पर हमला करने के बाद कांग्रेस पर पलटवार करते हुए भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने विपक्षी दल को उसके इतिहास की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की दादी ने देश में आपातकाल लगा दिया था।

### रिजर्व बैंक ने रेपो दर...

केंद्रीय बैंक ने हालांकि वैश्विक स्तर पर नरमी के संकेत के बावजूद आर्थिक वृद्धि और मुद्रास्फीति के अनुमान में कोई बदलाव नहीं किया गया है। दास ने कहा, मुद्रास्फीति दबाव चौतरफा है और मुख्य मुद्रास्फीति उंची बनी हुई है। मुद्रास्फीति 2022-23 की पहली तीन तिमाहियों में छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से ऊपर बनी रहने का अनुमान है। आरबीआई ने कहा कि वैश्विक बाजार में उतार-चढ़ाव से आयातित मुद्रास्फीति का जोखिम है। दास ने कहा, मौद्रिक नीति समिति ने आने वाले समय में मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप काबू में लाने के साथ आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने के इरादे से नरम नीतिगत रुख को वापस लेने पर ध्यान देने का भी फैसला किया है।

### उपराष्ट्रपति चुनाव: आंकड़े राजग...

इसमें मनोनीत सदस्य भी मतदान करने के पात्र होते हैं। संसद में सदस्यों की मौजूदा संख्या 788 है, जिनमें से केवल भाजपा के 394 सांसद हैं। जीत के लिए 390 से अधिक मतों की आवश्यकता होती है। धनखड़ यदि उपराष्ट्रपति निर्वाचित होते हैं, तो यह एक इत्तेफाक ही होगा कि लोकसभा के अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति एक ही राज्य के होंगे। वर्तमान में ओम बिरला लोकसभा अध्यक्ष हैं और वह राजस्थान के कोटा संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। उपराष्ट्रपति राज्यसभा के पदेन सभापति भी होते हैं। चुनाव आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार एकल संक्रमणीय मत के माध्यम से होगा और चुनाव गुप्त मतदान के द्वारा होगा। इस प्रणाली में, निर्वाचक को उम्मीदवारों के नामों के सामने वरीयताएं अंकित करनी होती हैं। इस चुनाव में खुले मतदान की कोई अवधारणा नहीं है और राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति के चुनाव में किसी भी परिस्थिति में किसी को भी मतपत्र दिखाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। वर्ष 1974 के नियमों में निर्धारित मतदान प्रक्रिया में यह प्रावधान है कि मतदान कक्ष में वोट पर निशान लगाने के बाद मतदाता को मतपत्र को मोड़कर मतपेटी में डालना होता है।

### मोदी से मिलीं दीदी...

केंद्र सरकार की ओर से राज्य को 31 जुलाई, 2022 तक जो राशि बकाया है, वह लगभग।,00,968.44 करोड़ रुपए होने का अनुमान है। बनर्जी ने कई दफा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर राज्यों, विशेषकर विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों को माल और सेवा कर (जीएसटी) के भुगतान में देरी करने का आरोप लगाया है। बैठक के बाद बनर्जी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने गईं। चार दिवसीय दौरे पर बृहस्पतिवार को यहां पहुंचीं बनर्जी के सात अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में होने वाली नीति आयोग संचालन परिषद की बैठक में शामिल होने की संभावना है। पिछले साल वह बैठक में शामिल नहीं हुई थीं। बनर्जी की प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात ऐसे वक्त हुई है जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी और उनकी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी को गिरफ्तार किया और कथित स्कूल नौकरी घोटाले के सिलसिले में भारी नकदी और आभूषण बरामद किए। गिरफ्तारी के बाद चटर्जी को मंत्री पद से हटा दिया गया था। हालांकि, यह पता नहीं चल पाया है कि बैठक में इस मुद्दे पर बात हुई या नहीं। बनर्जी की मोदी से मुलाकात इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि छह अगस्त को उप राष्ट्रपति चुनाव होगा, जिससे उनकी तृणमूल कांग्रेस पार्टी ने दूर रहने का फैसला किया है। भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल जगदीप धनखड़ को उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया है, जबकि विपक्षी दलों ने मार्गरेट अल्वा को उम्मीदवार बनाया है।

### राजधानी में पतंग उड़ाने पर...

दिल्ली पुलिस के वकील संजय लाव ने सुनवाई के दौरान कहा कि दिल्ली सरकार ने पहले ही एक अधिसूचना जारी की है कि चीनी मांझा 2017 से ही प्रतिबंधित है और इसके उल्लंघन के लिए भारतीय दंड संहिता तथा पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 255 व्यक्तियों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस उपायुक्त चीनी मांझे के इस्तेमाल पर प्रतिबंध से संबंधित दूसरा आदेश भी जारी करने जा रहे हैं। केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा एवं सरकारी वकील अनिल सोनी ने कहा कि पतंग उड़ाने पर प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता है, क्योंकि इससे धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्य जुड़े हैं।

# झारखंड के 1800 स्कूलों में हो रही शुक्रवार को छुट्टी, एनआईए जांच करे: सांसद

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय जनता पार्टी** के सांसद निशिकांत दुबे ने शुक्रवार को लोकसभा में दावा किया कि झारखंड में 1800 स्कूलों में रविवार की बजाय शुक्रवार को छुट्टी हो रही है जो इसका प्रमाण है कि देश इस्लामीकरण की तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने सदन में शून्यकाल के दौरान यह विषय उठाते हुए कहा कि इस मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआई) से कराई जाए ताकि कड़ा संदेश दिया जा सके। दुबे ने कहा, मैं झारखंड राज्य में हो रहे इस्लामीकरण की ओर ध्यान दिला रहा हूं। राज्य के कुछ जिलों में जनसंख्या का संतुलन बदल गया है। बांग्लादेश निकट है और इसलिए ऐसा हो रहा है। उनके मुताबिक, अचानक देखने में आया कि झारखंड में 1800 ऐसे स्कूल हैं जिन्होंने अपने नाम में उर्दू शब्द लगा लिया। इन स्कूलों में रविवार को छुट्टी नहीं होती है, बल्कि शुक्रवार को हो रही है। भाजपा सांसद ने कहा, देश इस्लामीकरण की तरफ बढ़ रहा है। झारखंड उसे रास्ता दे रहा है। इसकी एनआईए से जांच कराई जाए। यह कड़ा संदेश जाना चाहिए कि किसी भी कीमत पर इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

भाजपा सांसद जयंत सिन्हा ने झारखंड के पिछड़ेपन का विषय उठाया और दावा किया कि विकास के कई मानकों पर राज्य बहुत पिछड़ा हुआ है। उन्होंने कहा, राज्य अपने लोगों को अनुसंधान, अवसर और कौशल विकास मुहैया कराने में विफल है। झारखंड में सिर्फ सात-आठ नए स्टार्ट-अप पंजीकृत हुए हैं। केंद्र सरकार निर्देश दे कि राज्य सरकार अपनी कार्य प्रणाली में सुधार करे।

बहुजन समाज पार्टी के सांसद दानिश अली ने उत्तर प्रदेश में गन्ना किसानों के बकाए का मुद्दा उठाया और कहा कि केंद्र सरकार सुनिश्चित करे कि किसानों को बकाया मिले और ब्याज भी मिले। एआईएमआईएम के इम्तियाज जलील ने दावा किया कि महाराष्ट्र के एक इलाके में सात महीने में 700 किसानों ने आत्महत्या की है। उन्होंने कहा कि सरकार इसकी जांच कराए और परिवारों की मदद करे। भारतीय जनता पार्टी के सुशील कुमार सिंह, बीजू जनता दल के चंद्रशेखर साहू, तृणमूल कांग्रेस की मिमी चक्रवर्ती और कुछ अन्य सदस्यों ने लोक महत्व के अलग-अलग विषय उठाए।

# ईडी ने पार्थ चटर्जी, अर्पिता की न्यायिक हिरासत का अनुरोध किया

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने स्कूल सेवा आयोग नियुक्ति घोटाले में धन शोधन की जांच के संबंध में शुक्रवार को यहां एक विशेष पीएमएलए अदालत में पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी और उनकी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी की 14 दिन की न्यायिक हिरासत का अनुरोध किया। ईडी के वकील ने मामले में नए खुलासे को लेकर जेल में दोनों आरोपियों से पूछताछ करने के लिए अदालत की अनुमति के लिए भी आग्रह किया। धन शोधन निवारण कानून (पीएमएलए) के तहत विशेष अदालत के न्यायाधीश जिबोन कुमार साधु ने मामले में सभी पक्षों को सुनने के बाद अपना आदेश सुरक्षित रख लिया।

चटर्जी और मुखर्जी 23 जुलाई को पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा प्रायोजित और सहायता प्राप्त स्कूलों में शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की अवैध नियुक्तियों में शामिल कथित धनशोधन की जांच के संबंध में ईडी की हिरासत में हैं। चटर्जी की जमानत के लिए अनुरोध करते हुए उनके वकील ने कहा कि अब वह एक सामान्य व्यक्ति हैं और फरार नहीं होंगे। चटर्जी के वकील ने कहा, वह अब प्रभावशाली व्यक्ति नहीं हैं और अपनी विधायकी छोड़ने पर भी विचार करने को तैयार हैं।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चटर्जी को मंत्री पद से बर्खास्त कर दिया है, जबकि तृणमूल कांग्रेस ने उन्हें पार्टी के सभी पदों से हटा दिया है। ईडी ने दावा किया कि चटर्जी की हिरासत में 15 दिनों में से कम से कम दो दिन यहां के सरकारी एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती होने के कारण बर्बाद हो गए।चटर्जी को कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर चिकित्सीय जांच के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भुवनेश्वर भेजा गया था और वहां के चिकित्सकों ने कहा था कि उन्हें तत्काल भर्ती करने की आवश्यकता नहीं है।



नई दिल्ली में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मानसून सत्र में संसद भवन जाते हुए।

# सीएए दिसंबर तक लागू होने की संभावना पश्चिम बंगाल के भाजपा विधायक

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल से भाजपा के विधायक असीम सरकार ने शुक्रवार को दावा किया कि संशोधित नागरिकता कानून दिसंबर तक लागू होने की संभावना है। पश्चिम बंगाल में भाजपा के शरणार्थी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सरकार ने कहा कि लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए राज्य में सीएए को लागू करने की जरूरत है। राज्य शरणार्थी प्रकोष्ठ का प्रमुख होने के नाते, मुझे लगता है कि सीएए आखिरकार इस दिसंबर तक लागू हो जाएगा। उस समय तक प्रक्रिया गति पकड़ने लगेगी।

लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए खासकर सीमावर्ती जिलों में हिंदू शरणार्थियों के लिए सीएए को पश्चिम बंगाल में लागू करने की जरूरत है। नदिया जिले के हरिणघाटा के विधायक सरकार ने पूर्व में कहा था कि अगर 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले सीएए को लागू नहीं किया गया तो बांग्लादेश से आए हिंदू शरणार्थियों के बीच असंतोष को कभी दूर नहीं किया जा सकेगा। तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राज्य में सीएए को कभी लागू नहीं होने देंगी। राज्य के वन मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक ने कहा, असीम सरकार जैसे लोग इस तरह के झूठे दावे करके पिछड़े मतुआ समुदाय समेत प्रवासियों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने पिछले चुनावों में मतदान किया, वे देश के सच्चे नागरिक हैं। मल्लिक ने कहा, केवल पश्चिम बंगाल में ही नहीं, देश में कहीं भी सीएए लागू नहीं किया जा सकता। 300 मामले अदालत में लंबित हैं। असीम सरकार और उनके जैसे नेताओं को महज वोट बैंक के लिए इस तरह के झूठे दावे करने से बचना चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने बंगाल विस में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को आश्वासन दिया था कि सीएए के संबंध में नियम कोविड की एहतियाती खुराक देने की कवायद समाप्त होने के बाद तैयार किए जाएंगे।

# पिछले साल मोदी से भेंट के बाद ठाकरे मुख्यमंत्री पद छोड़ने की सोच रहे थे: शिवसेना का बागी खेमा

**भाषा।** मुंबई

**शिवसेना** के बागी धड़े ने शुक्रवार को दावा किया कि उद्धव ठाकरे पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की सोच रहे थे। शिवसेना के बागी विधायकों के प्रवक्ता दीपक केसरकर ने कहा कि ठाकरे के लिए मोदी के साथ उनके संबंध शीर्ष पद पर बने रहने से ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। हालांकि, शिवसेना के ठाकरे खेमे ने केसरकर की टिप्पणियों पर कहा कि वह विरोधाभासी बयान दे रहे हैं और भ्रमित लगते हैं।

केसरकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद और केंद्रीय मंत्री नारायण राणे द्वारा सुशांत सिंह राजपूत की मौत मामले में तत्कालीन मंत्री आदित्य ठाकरे की छवि को खराब करने के प्रयासों से शिवसेना के बहुत से नेता आहत थे। केसरकर ने कहा कि उन्होंने मोदी से संपर्क स्थापित किया और संवाद शुरू हुआ। केसरकर ने दावा किया, उद्धव जी के मोदी जी (पिछले साल जून में) से मिलने के बाद, यह तय किया गया था कि वह अगले 15 दिनों में (मुख्यमंत्री के रूप में) पद छोड़ देंगे क्योंकि उनके लिए (प्रधानमंत्री के साथ) संबंध (पद धारण करने से) अधिक महत्वपूर्ण थे, लेकिन यह महसूस किया गया कि उन्हें अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को समझाने के लिए और समय चाहिए। अतीत में, मोदी ने शिवसेना अध्यक्ष ठाकरे को अपना छोटा भाई कहा था। नई दिल्ली में ठाकरे-प्रधानमंत्री मोदी की बैठक के बाद जुलाई 2021 में महाराष्ट्र विधानसभा से एक दर्जन भाजपा विधायकों को एक साल के लिए निलंबित कर दिया गया था, एक ऐसा कदम जिसने शिवसेना और उस समय विपक्षी दल भाजपा के बीच संबंधों को और तनावपूर्ण बना दिया था। केसरकर ने कहा कि बाद में ठाकरे के कट्टर विरोधी राणे को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने के बाद बातचीत रुक गई, जिससे शिवसेना अध्यक्ष नाराज हो गए। केसरकर ने कहा कि अहंकार के कारण वार्ता आगे नहीं बढ़ी।

केसरकर ने कहा कि बातचीत के दौरान वह शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे को तमाम जानकारी देते रहे, जो अब मुख्यमंत्री हैं। केसरकर के दावों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, ठाकरे खेमे की सदस्य और शिवसेना प्रवक्ता मनीषा कायंदे ने कहा, वह हर दिन कुछ नया खुलासा कर रहे हैं। वह विरोधाभासी बयान दे रहे हैं और भ्रमित लगते हैं।

# जम्मू-कश्मीर में कानून व्यवस्था संबंधी घटनाओं में 88 प्रतिशत से अधिक की कमी : पुलिस

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद-370 के निरस्त होने के बाद पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रदेश में कानून व्यवस्था संबंधी घटनाओं में 88 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। प्रदेश पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक घाटी में पांच अगस्त 2016 से चार अगस्त 2019 के दौरान कानून-व्यवस्था संबंधी कुल 3,686 घटनाएं दर्ज की गईं। हालांकि, पांच अगस्त 2019 के बाद से तीन वर्षों के दौरान घाटी में कानून-व्यवस्था संबंधी केवल 438 घटनाएं दर्ज की गईं जो 88 प्रतिशत से अधिक की गिरावट है।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने पांच अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा समाप्त कर उसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने की घोषणा की थी। पुलिस ने कहा कि पांच अगस्त, 2019 से पहले के तीन वर्षों में कश्मीर में कानून-व्यवस्था संबंधी घटनाओं में कुल 124 नागरिक मारे गए थे जबकि उसके बाद से किसी भी नागरिक की मौत नहीं हुई है।

पुलिस की ओर से साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक इसी प्रकार पांच अगस्त 2016 से चार अगस्त 2019 तक ऐसी घटनाओं में पुलिस और सुरक्षाबलों के छह जवानों की जान चली गई, लेकिन उसके बाद से किसी जवान की मौत नहीं हुई। पुलिस ने कहा कि पांच अगस्त, 2019 से पहले तीन वर्षों के दौरान 930 आतंकी घटनाएं दर्ज की गईं थीं जबकि अगले तीन वर्षों में यह संख्या घटकर 617 हो गई।

## जम्मू-कश्मीर पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती मामला: सीबीआई ने 30 स्थानों पर की छापेमारी

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने जम्मू-कश्मीर सेवा चयन बोर्ड द्वारा उपनिरीक्षकों की भर्ती में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में शुक्रवार को 30 स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मामले में जेकेएसएसबी के सदस्य नारायण दत्त, बिचौलियों और उम्मीदवारों सहित 32 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के बाद जम्मू में 28 स्थानों और श्रीनगर तथा बेंगलुरू में एक-एक स्थान पर छापेमारी की गई। सीबीआई ने प्राथमिकी में जम्मू में पदस्थापित एक चिकित्सा अधिकारी करनैल सिंह, अखनूर स्थित एक कोचिंग सेंटर के मालिक अविनाश गुप्ता और बेंगलुरु की एक कंपनी को भी नामजद किया है। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने अनियमितताओं की शिकायतों के बाद पिछले महीने जम्मू-कश्मीर पुलिस में उपनिरीक्षकों (एसआई) की भर्ती रद्द कर दी थी और चयन प्रक्रिया की जांच सीबीआई को सौंपी थी।

# भाजपा सांसद ने राष्ट्रीय दलों की मान्यता की शर्तों को सख्त बनाने की पैरवी की

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय जनता** पार्टी के सांसद गोपाल शेट्टी ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि राजनीतिक दलों को राष्ट्रीय दल के रूप में मान्यता दिए जाने की शर्तों को सख्त बनाया जाना चाहिए। उन्होंने एक गैर सरकारी विधेयक सदन में चर्चा और पारित कराने के लिए रखते हुए यह भी कहा कि सरकार को चुनावी खर्च पर अंकुश लगाने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए। शेट्टी ने कहा कि उन्होंने जो लोक प्रतिनिधित्व (संशोधन) विधेयक, 2019 पेश किया है उसमें यह प्रावधान किया गया है कि किसी भी दल को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा देने के लिए शर्तों को सख्त किया जाए। मसलन, उसी दल को राष्ट्रीय पार्टी की मान्यता दी जाए जिसने 25 प्रतिशत राज्यों से लोकसभा की 54 सीटें जीती हों या फिर 25 प्रतिशत प्रदेशों के विधानसभा चुनावों में कम से कम 16 प्रतिशत वोट हासिल किए हों। उन्होंने कहा, राजनीतिक दलों के लिए कोई न कोई बंधन होना चाहिए। हम देखते हैं कि हमारे देश में स्थानीय चुनाव में कई उम्मीदवार होते हैं, खर्च बहुत होता है। इस पर हमें विचार करने की जरूरत है। इस गैर सरकारी विधेयक पर चर्चा अधूरी रही।



हुब्बाली में 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय झण्डे की सिलाई करती हुई वर्कर।

# कैबिनेट सचिव राजीव गौबा को एक साल का सेवा विस्तार मिला

**भाषा।** नई दिल्ली

**कैबिनेट सचिव राजीव गौबा** को केंद्र सरकार ने शुक्रवार को एक साल का सेवा विस्तार दिया। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में यह जानकारी दी गई। यह इस पद पर उन्हें दिया गया दूसरा सेवा विस्तार है। पूर्व केंद्रीय गृह सचिव गौबा को 2019 में दो साल के लिए देश के शीर्ष नौकरशाही पद पर नियुक्त किया गया था। उन्हें पिछले साल अगस्त में एक साल का सेवा विस्तार दिया गया था। शुक्रवार को जारी आदेश में कहा गया कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने झारखंड कैडर के 1982 बैच के आईएएस अधिकारी गौबा को 30 अगस्त 2022 के बाद एक और साल के लिए कैबिनेट सचिव के पद पर सेवा विस्तार देने की मंजूरी दी है। कहा जाता है कि गौबा की जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 को तैयार करने में अहम भूमिका थी। इस अधिनियम के जरिए तत्कालीन जम्मू कश्मीर राज्य को संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत मिले विशेष दर्जे को रद्द कर राज्य को दो केंद्र शासित क्षेत्रों में बांटा गया था। वह केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय में सचिव, गृह मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव समेत कई अन्य जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। पंजाब में जन्मे गौबा पटना विश्वविद्यालय से भौतिकी में स्नातक हैं। वह 2016 में केंद्र सरकार में सेवा देने के लिए आने से पहले 15 महीनों तक झारखंड के मुख्य सचिव भी रहे। उन्होंने चार वर्षों तक अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के बोर्ड में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

## क्विक न्यूज

### अगले सीजेआई की नियुक्ति पर रीजीजू ने कहा : उम्मीद है सब कुछ सहजता से हो सम्पन्न हो जाएगा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को कहा कि नए सीजेआई की नियुक्ति से पहले सभी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं और उम्मीद है कि सब कुछ सहज तरीके से सम्पन्न हो जाएगा, क्योंकि सरकार नियमों और परिपाटियों को लेकर हमेशा सतर्क रहती है। नए सीजेआई की नियुक्ति को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में रीजीजू ने संसद के बाहर पत्रकारों से कहा कि उन्हें भारत के प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण का वह पत्र प्राप्त हो गया है, जिसमें उन्होंने नए सीजेआई के नाम की अनुशंसा की है। (हर चीज की) एक प्रक्रिया होती है। हम प्रक्रिया का पालन कर रहे हैं और आने वाले समय में हम सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा, औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं और मैं उम्मीद करता हूं कि सब कुछ सहज तरीके से संपन्न हो जाएगा, क्योंकि हम अपनी ओर से नियमों और परिपाटियों को लेकर हमेशा सतर्क रहते हैं। छब्बीस अगस्त को सीजेआई पद से सेवानिवृत्त हो रहे न्यायमूर्ति रमण ने अगले सीजेआई के लिए न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित के नाम की सिफारिश की है। वह सीजेआई के बाद वरिष्ठतम न्यायाधीश हैं।

### बीएसएफ ने एक पाक मछुआरे को पकड़ा, पांच नौकाएं जब्त

**अहमदाबाद ( गुजरात )।** सीमा सुरक्षा बल के कर्मियों ने गुजरात के कच्छ जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास हरामी नाला इलाके से शुक्रवार को एक पाकिस्तानी मछुआरे को पकड़ा और पांच नौकाएं जब्त कीं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बीएसएफ ने एक दिन पहले ही यहीं से पाकिस्तानी मछुआरों द्वारा छोड़ी गईं दो नौकाएं जब्त की थीं। बीएसएफ की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, आज सुबह गश्त के दौरान बीएएफ के कर्मियों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास मछली पकड़ने वाली कुछ नौकाओं को देखा। उच्च ज्वार के कारण पानी की मात्रा बढ़ी होने के बावजूद बीएसएफ कर्मी मौके पर पहुंचे। दो मछुआरे पाक की ओर भाग निकले, बीएसएफ ने एक पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ लिया और वहां छोड़ी गईं पांच नौकाओं को जब्त किया। कुछ औजारों और मछली पकड़ने के जाल के अलावा नौकाओं पर से कुछ भी संदिग्ध बरामद नहीं हुआ है। बीएसएफ ने पिछले महीने इसी इलाके से चार पाकिस्तानी मछुआरों को गिरफ्तार किया था और 10 नौकाएं जब्त की थीं।

### त्रिपुरा में एनएलएफटी के चार उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया

**अगरतला।** प्रतिबंधित संगठन नेशनल लिब्रेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (विश्वमोहन देबवर्मा) के चार सदस्यों और उसके दो सहयोगियों ने शुक्रवार को पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उग्रवादियों ने एक एके-47 राइफल, दो मैगजीन, दो पिस्तौल और उगाही की जानकारियों वाली एक डायरी के साथ आत्मसर्मपण किया। पिछले एक साल में यह उग्रवादियों के आत्मसमर्पण की सबसे बड़ी संख्या है। उमेश कोलोई (42) के नेतृत्व में उग्रवादी 21 जुलाई को बांग्लादेश से धलाई जिले के गंगानगर होते हुए त्रिपुरा में दाखिल हुए थे। इन उग्रवादियों का इरादा ग्रामीणों का अपहरण करना था और उन्होंने उन्हें जबरन वसूली के नोटिस भेजे थे। वे धलाई जिले के गंगानगर, खोवाई जिले के मुंगियाकामी और गोमती जिले के ओमपी के जंगल क्षेत्रों में चले गए थे। खुफिया विभाग को राज्य में उग्रवादियों के आने की सूचना मिली थी, पुलिस और त्रिपुरा स्टेट राइफल ने विशेष अभियान चलाए। सुरक्षा बलों के दबाव के चलते उग्रवादियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

### वर्ष 2020-21 से 1.83 लाख करोड़ रुपए के सैन्य साजो-सामान की खरीद को मंजूरी दी गई: सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने 2020-21 से 1,83,778 करोड़ रुपए की सैन्य साजो-सामान की खरीद को आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) या सैद्धांतिक रूप से स्वीकृति प्रदान की है। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। भारत के रक्षा खरीद नियमों के तहत किसी भी सैन्य साजो-समान की खरीद के लिए एओएन पहला कदम होता है। 2020-21 से 2022-23 (30 जून तक) के दौरान 1,83,778.34 करोड़ रुपए के एओएन को मंजूरी दी गई और 1,19,045.3 करोड़ रुपए के अनुबंधों को पूरा किया गया।

# खुद को कामयाबी की किसी दौड़ में नही मानता क्योंकि मै कोई घोड़ा नही हूं : अक्षय कुमार

**इंदौर ( मप्र )।** फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार ने शुक्रवार को कहा कि वह खुद को पेशेवर सफलता की किसी भी प्रतिस्पर्धा से दूर मानते हैं और अदाकारी के मामले में किसी खास छवि में कैद भी नहीं होना चाहते। कुमार ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा, मुझे (सफल अभिनेताओं की फेहरिस्त में) कभी नम्बर एक, कभी नम्बर दो, तो कभी नम्बर तीन पर बताया जाता है। मैं खुद को किसी प्रतिस्पर्धा में मानता ही नहीं हूं। अपनी बात में जोड़ा, मैं कोई घोड़ा नहीं हूं जो दौड़ में पहले, दूसरे या तीसरे नम्बर पर आता है। कुमार ने कहा कि बतौर अभिनेता उनकी हमेशा कोशिश रहती है कि वह किसी खास छवि में कैद होकर न रह जाएं। मैं अलग-अलग तासीर के किरदार निभाना चाहता हूं।

54 वर्षीय अभिनेता ने कहा कि उन्होंने कई सितारों वाली फिल्मों में काम करने से कभी गुरेज नहीं किया क्योंकि वह पेशेवर तौर पर खुद को हमेशा सुरक्षित मानते हैं। कुमार अपनी फिल्म रक्षाबंधन के प्रचार के लिए इंदौर आए थे जो 11 अगस्त से सिनेमाघरों में लगने वाली है। इसी तारीख को आमिर खान की मुख्य भूमिका वाली फिल्म लालसिंह चड्ढा भी बड़े परदे पर उतर रही है। उन्होंने एक सवाल पर खान की इस फिल्म का नाम लिए बगैर कहा कि वह दोनों फिल्मों के बीच कोई प्रतिस्पर्धा महसूस नहीं कर रहे हैं और दिल से चाहते हैं कि दोनों फिल्में टिकट खिड़की पर अच्छा प्रदर्शन करें ताकि फिल्म उद्योग को फायदा हो सके। सोशल मीडिया पर फिल्म रक्षाबंधनै के बहिष्कार का हैशटैग प्रचलित होने के बारे में पूछे जाने पर कुमार ने कहा कि उन्हें इस बारे में कुछ भी नहीं पता है। उन्होंने हालांकि कहा, अगर आप जैसे पढ़े-लिखे लोग (प्रश्न करने वाला पत्रकार) इन चीजों पर ध्यान देने लगेंगे, तो हमारे देश में सबकुछ बायकॉट (बहिष्कृत) हो जाएगा। मैं तो यही कहूंगा कि हम अपने दिमाग का इस्तेमाल करें और आपको जो पसंद आता है, वह करें और जो नापसंद है, वह ना करें।

# ईडी ने रिश्वत मामले में जेल में बंद आईएएस अधिकारी के राजेश को हिरासत में लिया

**अहमदाबाद।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा(आईएएस) के गुजरात कैडर के निलंबित अधिकारी के राजेश को हिरासत में ले लिया, जिन्हें पूर्व में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया था। ईडी ने कोई बयान जारी नहीं किया है। हालांकि, यहां साबरमती केंद्रीय कारागार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि राजेश को एक अदालत के निर्देश के अनुसार केंद्रीय एजेंसी के हवाले कर दिया गया। राजेश को इसी जेल में रखा गया था। पिछले महीने, सीबीआई ने अपात्र लोगों को हथियार लाइसेंस जारी करने के लिए रिश्वत लेने, अपात्र लाभार्थियों को सरकारी भूमि आवंटित करने और अन्य अवैध लाभ देने के संबंध में राजेश के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था, जब वह सुरेंद्रनगर के जिलाधिकारी थे। ईडी ने राजेश और उनके साथी मोहम्मद रफीक मेमन के खिलाफ मई में दर्ज सीबीआई की प्राथमिकी के आधार पर कथित धन शोधन की जांच शुरू की। सीबीआई ने 2011 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी राजेश को जुलाई में गिरफ्तार किया था। राजेश उस वक्त गुजरात सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग में संयुक्त सचिव के रूप में कार्यरत थे। बाद में राज्य सरकार ने उन्हें निलंबित कर दिया। मई में सीबीआई ने सूरत निवासी मेमन को गिरफ्तार किया था, जो कथित तौर पर बिचौलिए का काम करता था और राजेश की

# मप्र सरकार ने भोपाल में नेशनल हेराल्ड को आवंटित भूमि की जांच के आदेश दिए

**भाषा।** भोपाल

**मध्य प्रदेश** के एक मंत्री ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार ने भोपाल के प्रेस कॉम्पलेक्स में नेशनल हेराल्ड अखबार को आवंटित जमीन की जांच के आदेश दिए हैं क्योंकि वहां नियमों का उल्लंघन कर व्यावसायिक भवन बनाए गया है। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी नेता राहुल गांधी से कांग्रेस द्वारा प्रवर्तित कंपनी यंग इंडियन में कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर पूछताछ कर चुका है। यंग इंडियन कंपनी नेशनल हेराल्ड अखबार की मालिक है।

मध्य प्रदेश में नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा, नेशनल हेराल्ड को प्रेस कॉम्पलेक्स, भोपाल में आवंटित भूखंड में शर्तों का उल्लंघन कर व्यावसायिक निर्माण के मामले में आज मैंने जांच समिति के गठन के आदेश दे दिए हैं। आवंटित भूखंड के प्रयोजन का उल्लंघन किनके द्वारा किया गया, भूखंडों का विक्रय किनके द्वारा किया गया, व्यावसायिक निर्माण किसने किया, न्यायालय में इतने लंबे समय से प्रकरण में ठोस कार्यवाही के लिए कौन जिम्मेदार है, इत्यादि बिन्दुओं पर समिति जांच करेगी और अपना प्रतिवेदन एक माह में प्रस्तुत करेगी।

भोपाल में नेशनल हेराल्ड की जमीन के बारे में पूछे जाने पर सिंह ने एक समाचार चैनल को कहा, हम इसकी जांच करा रहे हैं। अगर कोई अनियमितता पाई जाती है तो हम कार्वाई करेंगे और उसे सील कर देंगे। भोपाल विकास प्राधिकरण (बीडीए) द्वारा प्रेस कॉम्पलेक्स में समाचार पत्र घरानों को आवंटित भूमि का उपयोग व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा, व्यावसायिक उपयोग नहीं किया जा सकता है। इस तरह (व्यावसायिक) का उपयोग नियमों के तहत नहीं है, यह गलत है, हम कार्वाई करेंगे। नेशनल हेराल्ड की लीज डीड रद्द करने के सवाल पर उन्होंने कहा, पट्टा रद कर दिया गया है। मामला अदालत में है। हमने मामले की स्थिति और इस संबंध में पूरी जानकारी मांगी है। अगर आवश्यक हुआ तो हम अदालत जाएंगे और यदि अदालत में कोई मामला नहीं है तो हम सीधी कार्वाई करेंगे।

# चीन ने पेलोसी पर प्रतिबंध लगाया

## ताइवान के पास बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास किया

एपी। बीजिंग

**चीन ने** इस सप्ताह की शुरुआत में ताइवान की यात्रा किए जाने को लेकर अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी पर शुक्रवार को प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। उसने यह भी कहा कि पिछले दो दिनों में ताइवान के आसपास 100 से अधिक लड़ाकू विमानों और 10 युद्धपोतों ने बड़े पैमाने पर हुए सैन्य अभ्यास में हिस्सा लिया है।

चीन की आधिकारिक समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, ताइवान के तट के पास छह क्षेत्रों में चलाए जा रहे संयुक्त अवरोध अभियान में लड़ाकू विमानों से लेकर बमवर्षक विमानों, विध्वंसक जहाजों और युद्धपोतों तक का इस्तेमाल किया गया। चीनी सेना की पूर्वी थिएटर कमान ने कुछ मिसाइलों के नए संस्करण भी दागे। सैन्य अधिकारियों ने दावा किया कि इन मिसाइलों ने ताइवान जलडमरूमध्य क्षेत्र में अज्ञात लक्ष्यों को पूरी सटीकता के साथ निशाना बनाया। इनमें ताइवान के ऊपर से प्रशांत क्षेत्र में दागी गई मिसाइलें भी शामिल हैं। शिन्हुआ के अनुसार, चीन पेलोसी के ताइवान दौरे के जवाब में अभूतपूर्व पैमाने पर सैन्य अभ्यास कर रहा है। पेलोसी पिछले 25 वर्षों में ताइवान की यात्रा करने वाली अमेरिका की सबसे शीर्ष अधिकारी हैं। चीन ताइवान को अपना क्षेत्र बताता है और विदेशी सरकारों के साथ उसके संबंधों का विरोध करता है। चीन ने शुक्रवार को पेलोसी और उनके परिवार पर अनिर्दिष्ट प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। ए प्रतिबंध आमतौर पर मुख्यत: प्रतीकात्मक प्रकृति के होते हैं। चीनी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि पेलोसी ने स्व-शासित द्वीप की अपनी यात्रा को लेकर चीन की चिंताओं और विरोध की अवहेलना की है। बयान में पेलोसी के ताइवान दौरे को उकसावे वाली कार्वाई करार दिया गया है। इसमें कहा गया है कि यह कदम चीन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ है। ताइवान जलडमरूमध्य क्षेत्र के पास पिंगटन द्वीप पर शुक्रवार को पर्यटक अभ्यास क्षेत्र की तरफ जाने वाले सैन्य विमानों की एक झलक पाने की कोशिश में इकट्ठे हुए। लड़ाकू विमानों को उड़ान भरते देखा जा सकता था और उनकी तस्वीरें ले रहे पर्यटक चलो, ताइवान को वापस लेते हैं कहते नजर आ रहे थे। चीन का यह दावा कि ताइवान उसका क्षेत्र है और इसे बल प्रयोग के जरिए अपने नियंत्रण में लेने की उसकी धमकी पिछले सात दशक से सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी के प्रचार, शिक्षा प्रणाली और पूरी तरह से राज्य-नियंत्रित मीडिया में प्रमुखता से दर्शाई गई है। दोनों पक्ष 1949 में गृहयुद्ध के बीच विभाजित हुए थे। हालांकि, ताइवान के निवासी स्व-शासित द्वीप की यथास्थिति बनाए रखने का जबरदस्त समर्थन करते हैं। वे ताइवान को कम्युनिस्ट शासन के तहत मुख्य भूमि चीन में शामिल करने की बीजिंग की मांग के खिलाफ हैं। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि शुक्रवार को चीन ने सैन्य जहाजों और लड़ाकू विमानों को ताइवान जलडमरूमध्य क्षेत्र के बीचोंबीच भेजा। इसी के साथ उसने चीन और ताइवान के बीच वर्षों से मौजूद आधिकारिक बफर जोन को लांघ दिया। उधर, जापान के रक्षा मंत्री नोबुओ किशी ने कहा कि बृहस्पतिवार को सैन्य अभ्यास शुरू होने के बाद चीन द्वारा दागी गई पांच मिसाइलें जापान के सुदूर दक्षिण में स्थित हेतेरुमा के पास विशेष आर्थिक जोन में गिरीं। उन्होंने बताया कि जापान ने इन मिसाइलों को जापान की राष्ट्रीय सुरक्षा और जापानी नागरिकों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा करार देते हुए चीन के समक्ष कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। जापान के रक्षा मंत्रालय ने बाद में कहा कि उसका मानना है कि चीन के दक्षिण-पूर्वी तट फुजियान से दागी गई चार अन्य मिसाइलों ने ताइवान के ऊपर से उड़ान भरी थी। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने शुक्रवार को कहा कि ताइवान के लिए लक्षित चीन का सैन्य अभ्यास एक गंभीर समस्या का प्रतीक है, जो क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। वहीं, पेलोसी ने अपने एशिया दौरे के अंतिम पड़ाव तोक्यो में कहा कि चीन अमेरिकी अधिकारियों को ताइवान जाने से नहीं रोक सकता। पेलोसी और उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ नाश्ते के बाद संवादाताओं से मुखातिब किशिदा ने कहा कि मिसाइल प्रक्षेपणों को तुरंत रोका जाना चाहिए। इस बीच, चीन ने कहा कि उसने सात देशों के समूह (जी-7) और यूरोपीय संघ (ईयू) द्वारा ताइवान के आसपास चीनी सैन्य अभ्यास की आलोचना करने वाले बयानों का विरोध करने के लिए बीजिंग में तैनात यूरोपीय राजनयिकों को तलब किया।

## जापानी प्रधानमंत्री किशिदा ने पेलोसी से मुलाकात की, चीन के अभ्यास को गंभीर समस्या बताया

एपी। तोक्यो



**जापान के** प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने शुक्रवार को कहा कि ताइवान की ओर लक्षित चीन का सैन्य अभ्यास एक गंभीर समस्या के दिखाता है, जिससे क्षेत्रीय शांति एवं सुरक्षा को खतरा है। दरअसल, अभ्यास के तौर पर चीन द्वारा दागी गई पांच बैलिस्टिक मिसाइलें जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र में गिरीं। किशिदा ने अमेरिकी संसद की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी और कांग्रेस के उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ सुबह के नाश्ते के बाद कहा कि मिसाइल प्रक्षेपणों को तुरंत रोके जाने की आवश्यकता है। गौरतलब है कि ताइवान पर अपना दावा जताने वाले चीन ने पेलोसी की यात्रा को उकसावा बताया था और बृहस्पतिवार को ताइवान के आसपास के छह क्षेत्रों में मिसाइल दागने समेत सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया था। उसने धमकी दे रखी है कि अगर जरूरत पड़ी तो वह ताइवान पर बलपूर्वक कब्जा जमा लेगा। पेलोसी ने बुधवार को ताइपे में कहा था कि स्व-शासित द्वीप तथा दुनिया में कहीं भी लोकतंत्र के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता अटल है। जापान के रक्षा मंत्री नुबुओ किशी ने कहा कि जापान के मुख्य द्वीप के सुदूर दक्षिण में स्थित हातेरुमा में बृहस्पतिवार को पांच मिसाइलें गिरीं। उन्होंने कहा कि जापान ने यह कहते हुए चीन के समक्ष विरोध दर्ज कराया है कि मिसाइलों से जापान की राष्ट्रीय सुरक्षा और जापानी लोगों की जिंदगियों को खतरा है, जिसकी हम कड़ी निंदा करते हैं। जापान के विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी ने कहा कि चीन के कदम क्षेत्र तथा अंतरराष्ट्रीय समुदाय में शांति एवं स्थिरता को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं तथा हम सैन्य अभ्यास को तत्काल रोके जाने की मांग करते हैं। हयाशी कंबोडिया में एक क्षेत्रीय बैठक में भाग ले रहे हैं। किशिदा ने कहा कि शुक्रवार को सुबह के नाश्ते पर पेलोसी और कांग्रेस के उनके प्रतिनिधिमंडल ने चीन, उत्तर कोरिया और रूस को लेकर अपनी साझा सुरक्षा चिंताओं पर चर्चा की तथा ताइवान में शांति एवं स्थिरता के लिए काम करने की अपनी प्रतिबद्धता जताई।

## ताइवान यात्रा की प्रतिक्रिया में चीन ने जलवायु परिवर्तन, सैन्य मुद्दों पर वार्ता रोकी

**बीजिंग।** अमेरिकी प्रतिनिधिसभा की अध्यक्ष नैसी पेलोसी की हालिया ताइवान यात्रा की प्रतिक्रिया में चीन ने जलवायु परिवर्तन, सैन्य मुद्दों, मादक पदार्थ रोधी प्रयासों पर अमेरिका के साथ वार्ता को स्थगित अथवा रद्द करने की घोषणा की। चीन ने पेलोसी की ताइवान यात्रा का विरोध जताते हुए अमेरिका को परिणाम भुगतने की चेतावनी दी थी, जिसके बाद बीजिंग का यह कदम शुक्रवार को सामने आया है। चीन, ताइवान के अपना क्षेत्र होने का दावा करता है। पेलोसी की यात्रा के बाद चीन ने ताइवान के आसपास सैन्य अभ्यास तेज कर दिए थे। रक्षा अधिकारियों ने सरकारी मीडिया से कहा कि ताइवान पर मिसाइल भी दागी गई थी। चीन विदेशी सरकारों के साथ ताइवान के किसी भी तरह के संबंधों का विरोध करता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सैन्य समुद्री सुरक्षा पर बातचीत के साथ-साथ क्षेत्रीय कमांडरों और रक्षा विभाग के प्रमुखों के बीच वार्ता रद्द रहेगी।

## अमेरिका ने ताइवान में चीन के उकसावे वाले सैन्य अभ्यास की निंदा की

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ताइवान के आसपास चीन के उकसावे वाले सैन्य अभ्यास की निंदा की और इसे गैरजिम्मेदाराना कृत्य बताया, जो ताइवान जलडमरूमध्य और क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बनाए रखने के उसके दीर्घकालिक लक्ष्य के विपरीत है। गौरतलब है कि चीनी सेना ने अमेरिकी संसद की प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइपे की ऐतिहासिक यात्रा के जवाब में बृहस्पतिवार को चार दिवसीय युद्धाभ्यास शुरू किया और ताइवान जलडमरूमध्य में मिसाइले दागी। पेलोसी ने चीन के कड़े विरोध के बावजूद ताइवान की यात्रा की थी। सामरिक संचार के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के समन्वयक जॉन किर्बी ने बृहस्पतिवार को यहां पत्रकारों से कहा, चीन ने रातभर ताइवान की ओर लगभग 11 बैलिस्टिक मिसाइले दागी, जो द्वीप के उत्तरपूर्व, पूर्व और दक्षिणपूर्व क्षेत्र में गिरी।

# ब्रिटेन प्रधानमंत्री चुनाव : ऋषि सुनक ने टीवी बहस में मतदाताओं का समर्थन हासिल किया

भाषा। लंदन



**ब्रिटेन में** प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल ऋषि सुनक ने टेलीविजन पर हुई आमने-सामने की बहस में कंजर्वेटिव पार्टी की अपनी प्रतिद्वंद्वी लिज ट्रस को पछाड़ते हुए दर्शकों का समर्थन हासिल कर लिया। स्काई न्यूज पर बृहस्पतिवार रात को बैटल फॉर नंबर 10 बहस में कंजर्वेटिव पार्टी के दोनों उम्मीदवारों ने उन सदस्यों को रिझाने की कोशिश की, जो चुनाव में वोट डालने के योग्य हैं, लेकिन जिन्होंने अभी यह निर्णय नहीं लिया है कि वे किसे वोट देंगे।

पूर्व वित्त मंत्री सुनक और विदेश मंत्री ट्रस ने इस पर अपनी-अपनी दलीलें रखी कि 10 डाउनिंग स्ट्रीट (ब्रिटिश प्रधानमंत्री का आवास व कार्यालय) में बोरिस जॉनसन के स्थान पर उन्हें क्यों होना चाहिए। बहस में दर्शकों के तौर पर शामिल हुए कंजर्वेटिव सदस्यों को यह बताने के लिए कहा गया कि कौन बहस जीता तथा उन्होंने हाथ उठाकर सुनक के पक्ष में फैसला दिया। यह जीत भारतीय मूल के पूर्व ब्रिटिश मंत्री के लिए मनोबल बढ़ाने वाली है जो हाल में हुए ज्यादातर जनमत सर्वेक्षणों में ट्रस से पीछे चल रहे थे। एक सदस्य एवं मतदाता ने जब सुनक के समक्ष मतदान के आंकड़ों को रखते हुए पूछा कि क्या वह किसी भी चरण में प्रधानमंत्री पद की दौड़ से बाहर होने की योजना बना रहे हैं, इस पर सुनक ने कहा, त्वरित जवाब है नहीं। ऐसा इसलिए है क्योंकि मैं उस चीज के लिए संघर्ष कर रहा हूं जिस पर मुझे भरोसा है और मैं अपने विचार पूरे देश में प्रसारित कर रहा हूं। उन्होंने कहा, मैं इस अभियान के अंतिम दिन तक और एक-एक मत के लिए संघर्ष करने जा रहा हूं। दांव वाकई बहुत ऊंचा है। जब उनसे पूछा गया कि आखिर इतने सारे पार्टी के वरिष्ठ सदस्य और आंकड़े लिज ट्रस को तरजीह क्यों दे रहे हैं, सुनक ने कहा, संसदीय प्रक्रिया के प्रत्एक चरण में मुझे व्यापक और सबसे अधिक समर्थन मिला है। उन्होंने कहा, हम सभी एक टीम हैं, हम एक परिवार की तरह हैं, इसके बाद हम एकसाथ होंगे और अगला चुनाव भी जीतेंगे, क्योंकि यही वास्तविक इनाम होगा।

## अमेरिका में भारतीय नागरिक ने बुजुर्गों को ठगने का जुर्म किया स्वीकार

**वाशिंगटन।** यहां रह रहे एक भारतीय नागरिक ने अमेरिकी बुजुर्गों को ठगने का जुर्म स्वीकार कर लिया है। आशीष बजाज (29) को अधिकतम 20 साल तक की सजा हो सकती है। अदालत के दस्तावेजों के अनुसार, अप्रैल 2020 से अगस्त 2021 तक बजाज और उसके कुछ साथियों ने खुद को विभिन्न बैंकों, ऑनलाइन खुदरा विक्रेताओं तथा ऑनलाइन भुगतान कंपनियों का धोखाधड़ी निवारण विशेषज्ञ बताते हुए अमेरिका के बुजुर्ग नागरिकों को निशाना बनाया। दस्तावेजों के अनुसार, बजाज और उसके साथियों ने बुजुर्ग लोगों को अपने बैंक खातों से बजाज और अन्य द्वारा नियंत्रित खातों में पैसे भेजने के लिए कहा और कथित स्टिंग ऑपरेशन के कुछ दिन बाद उनके पैसे वापस करने का झूठा वादा किया। पीड़ितों ने उनकी बातों में आकर पैसे स्थानांतरित किए। ए पैसे भारत, चीन, सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात स्थित विभिन्न बैकों में भेजे गए।

## अमेरिका ने मंकीपॉक्स को लेकर जन स्वास्थ्य आपात स्थिति घोषित की

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने तेजी से फैल रहे मंकीपॉक्स को लेकर बृहस्पतिवार को जन स्वास्थ्य आपात स्थिति घोषित कर दी, ताकि इससे निपटने के प्रयास तेज किए जा सकें। देश में 7,100 से अधिक लोग इस बीमारी की चपेट में आ चुके है। इस घोषणा से इस संक्रामक रोग से निपटने के लिए संघीय धन एवं संसाधनों को जुटाने में मदद मिलेगी। बुखार, शरीर में दर्द, ठंड लगना, थकान और शरीर पर कई जगह फोड़े होना इस बीमारी के लक्षण है। अमेरिकी स्वास्थ्य एवं मानव सेवा मंत्रालय के प्रमुख जेवियर बेसेरा ने कहा, हम इस वायरस से निपटने की अपनी तैयारियों को अगले स्तर पर ले जाने को तैयार है और हम हर अमेरिकी से मंकीपॉक्स को गंभीरता से लेने का आग्रह करते है।

**PUBLIC NOTICE**

General Public is hereby informed that my clients, Mohd. Ikram Khan R/o A-188, A-Block, Buland Masjid, Shastri Park, North East Delhi, Delhi - 110053 have disowned and debarred their son Mohd. Inamul Haque from all their movable and immovable assets. Any person dealing with them shall do so at his/her own risk and responsibilities and my clients shall have no responsibility or liability of any kind whatsoever arising out of act(s) and/or omission(s) of Mohd. Inamul Haque.

Kushagra Azad (Advocate)
Ch. No. D-218, Karkardooma
Court Delhi

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सूचित करना है कि भूखण्ड संख्या बी-45, सेक्टर-12, नोएडा जी.बी.नगर उ0प्र0 (ऐरिया 202.5 वर्गमीटर) जिसके मूल आंवटी श्री महेन्द्र सिंह चौहान पुत्र स्व. श्री रामचन्द्र सिंह चौहान निवासी एम-61, सेक्टर-12, नोएडा है, जिनके द्वारा श्री सुरेश सिंह चौहान पुत्र स्व. श्री रामचन्द्र सिंह चौहान के पक्ष में एस.पी.ए पंजीकृत करायी गयी थी, जो उप निबन्धक कार्यालय नोएडा में बुक नं.-4, जिल्द नं.-97, पृष्ठ सं. 685-688 दस्तावेज संख्या-1740, दिनांक 16-09-1997 को रजिस्टर्ड है। तथा विक्रय संविदा पंजीकृत नही है। अतः अब उपरोक्त भूखण्ड का अंतरण एस.पी.ए के आधार पर श्री मनोज सिंह चौहान पुत्र श्री सुरेश सिंह चौहान निवासी बी-30, सेक्टर-12, नोएडा जी.बी.नगर उ0प्र0 के पक्ष में अंतरण (Transfer) होने के लिए प्राधिकरण में प्रस्तुत किया जा रहा है। यदि इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति है तो कृपया अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित नोएडा प्राधिकरण के भूखण्ड विभाग में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अंदर दाखिल कर दें।

मनोज सिंह चौहान

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा बड़े पैमाने पर जनता को सूचित किया जाता है कि फ्रीहोल्ड सोसाईटी की संपत्ति फ्लैट नंबर 151, फर्स्ट फ्लोर, रास को - ऑपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसाईटी लिमिटेड, जिसे वर्तमान में आर. ए. एस विहार के नाम से जाना जाता है, प्लॉट नंबर 99, आई. पी. एक्सटेंशन पटपड़गंज दिल्ली, वर्तमान में श्री त्रिभवन सिंह स्वामित्व और अधिकार में बतौर कन्वेन्स डीड के आधार पर क्रमांक संख्या 9139, दिनांक 11.06.2019 पर विधिवत पंजीकृत है, एवं एसबीआई, आरएसीपीसी, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा नई दिल्ली के साथ बंधक होने का प्रस्ताव है और वर्तमान मालिक (ओ) संस्करण के अनुसार उक्त संपत्ति सभी प्रकार के भारों से मुक्त हैं, सोसाईटी द्वारा जारी किए गए मूल शेयर प्रमाण पत्र को एलआर नंबर 627606/2022, दिनांक 25.07.2022 के तहत खोया/गुम बताया गया है और सभी गंभीर प्रयासों के बावजूद नहीं मिला

एतद्द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, आटॉर्नी और/या पीओए के निष्पादक विल और/या संस्था, फर्म/कंपनी, सोसाईटी और/या समाज के किसी भी सदस्य, बैंक, एचयूएफ/एचयूएफ के सदस्य, वित्तीय संस्थान का कोई भी दावा करने वाला लाभार्थी, किसी भी आरोप, ब्याज या ग्रहणाधिकार या दावे और/ या उस पर आपत्ति है, तो वह इस सार्वजनिक नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के भीतर दस्तावेजी सबूत / अदालत के फैसले के साथ अधोहस्ताक्षरीं को इसकी सूचना दे सकता है। ऐसा न करने पर किसी भी आगे भविष्य के दावे /आपत्तियों को अस्वीकार कर दिया जायेगा और मेरे ग्राहक/संभावित खरीदार (ओ) को एक वास्तविक खरीदार के रूप में मेरे ग्राहक/संभावित खरीदार (ओ) उसके पक्ष में या उसके / उनके नामंकित व्यक्ति को /पर प्रस्तावित बिक्री विलेख का निष्पादित कर दिया जाएगा और प्रस्तावित बिक्री विलेख बिना किसी दोष, भार, दोष और बाधा के स्पष्ट और विपणन योग्य माना जाएगा और मेरा ग्राहक किसी भी बैंक/वित्तिय संस्था के साथ न्यायसंगत/पंजीकृत बंधक करने के लिए स्वतंत्र है/हैं।

Sahil Arora (Advocate)
Off. No. 107, 1st Floor, M.S. Chambers,
Aruna Park, Laxmi Nagar, Delhi-92

# शेयर बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 89 अंक चढ़ा

भाषा। मुंबई



**घरेलू शेयर** बाजारों के दोनों मानक सूचकांक शुक्रवार को वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख और नीतिगत ब्याज दर में बढ़ोतरी के फैसले के बीच हल्की बढ़त लेकर बंद हुए। कारोबारियों ने कहा कि पूंजी बाजारों में विदेशी पूंजी की आवक बनी रहने और कच्चे तेल के दाम में नरमी से भी सेंसेक्स और निफ्टी को समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 89.13 अंक यानी 0.15 प्रतिशत बढ़कर 58,387.93 अंक पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान सेंसेक्स में एक समय 350.39 अंक की तेजी भी दर्ज की गई थी। हालांकि, अंतिम घंटे में काफी उतार-चढ़ाव रहा लेकिन सेंसेक्स हल्की बढ़त बनाए रखने में सफल रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 15.50 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की हल्की बढ़त के साथ 17,397.50 अंक पर बंद हुआ।

बाजार की गतिविधियों पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से नीतिगत दर में वृद्धि की घोषणा का भी असर पड़ा। आरबीआई ने रेपो दर को 0.50 प्रतिशत बढ़ाकर 5.40 प्रतिशत कर दिया है जो बीते तीन महीनों में की गई तीसरी बढ़ोतरी है। महामारी आने के पहले फरवरी, 2020 में रेपो दर 5.15 प्रतिशत थी। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने यह संकेत भी दिया कि ब्याज दर में बढ़ोतरी का सिलसिला आगे भी जारी रह सकता है। मुद्रास्फीति लगातार छह प्रतिशत के सुविधाजनक स्तर से ऊपर बनी हुई है और उसपर काबू पाने के लिए आरबीआई तीन महीने में रेपो दर में कुल 1.40 प्रतिशत की वृद्धि कर चुका है। आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स के मुख्य अर्थशास्त्री एवं कार्यकारी निदेशक सुजन हाजरा ने कहा, रिजर्व बैंक की तरफ से रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा मोटे तौर पर मान्य अपेक्षाओं के अनुरूप ही है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से अल्ट्राटेक सीमेंट सर्वाधिक 2.86 प्रतिशत की मजबूती पर रहा। आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, पावरग्रिड, इन्फोसिस, विप्रो और एक्सिस बैंक के भी शेयर बढ़त में रहे। वहीं महिंद्रा एंड महिंद्रा को पहली तिमाही के नतीजे उम्मीद के मुताबिक नहीं होने से 2.04 प्रतिशत का नुकसान उठाना पड़ा। मारुति सुजुकी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, एसबीआई और टाटा स्टील के शेयर भी घाटे में रहे। सेंसेक्स में इस हफ्ते कुल 817.68 अंक यानी 1.42 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं निफ्टी में इस दौरान 239.25 अंक यानी 1.39 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही। कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट (तकनीकी शोध) अमोल अठावले ने कहा, मौद्रिक नीति का दबाव पीछे होने के बाद अब चीन एवं ताइवान के बीच के तनाव पर ध्यान बना रहेगा। इस इलाके में हालात बिगड़ने पर पूरी दुनिया में घबराहट फैल सकती है। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप 0.23 प्रतिशत की बढ़त पर रहा जबकि मिडकैप 0.09 प्रतिशत चढ़ा। वैश्विक बाजारों का रुख मिला-जुला रहा। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजारों में दोपहर के सत्र में गिरावट देखी गई। एक दिन पहले बृहस्पतिवार को अमेरिकी बाजारों में मिला-जुला रुख देखने को मिला था। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.18 प्रतिशत चढ़कर 94.29 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

## मोदी सात अगस्त को नीति आयोग की संचालन परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सात अगस्त को नीति आयोग की संचालन परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि बैठक के दौरान फसल विविधीकरण और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी। बयान के अनुसार, स्थिर, टिकाऊ और समावेशी भारत के निर्माण की दिशा में नीति आयोग की सातवीं प्रशासनिक परिषद की बैठक केंद्र और राज्यों । केंद्र शासित प्रदेशों के बीच सहयोग और सहकार के एक नए युग की दिशा में तालमेल का रास्ता खोलेगी। बयान में कहा गया है कि बैठक में जी-20 मंच पर प्रगति को रेखांकित करने में राज्यों की भूमिका पर भी जोर दिया जाएगा। नीति आयोग के शीर्ष निकाय संचालन परिषद में सभी मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और कई केंद्रीय मंत्री शामिल हैं। प्रधानमंत्री नीति आयोग के चेयरमैन हैं। बयान में कहा गया है कि बैठक की तैयारियों के तहत जून, 2022 में मुख्य सचिवों का राष्ट्रीय सम्मेलन धर्मशाला में आयोजित किया गया था। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रधानमंत्री ने की और इसमें सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों के साथ ही केंद्र और राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। आमतौर पर पूर्ण परिषद की बैठक हर साल होती है।

## यूको बैंक का जून तिमाही का मुनाफा 22 प्रतिशत बढ़कर 123.61 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक का 30 जून को समाप्त चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही का शुद्ध लाभ 22 प्रतिशत बढ़कर 123.61 करोड़ रुपए हो गया। फंसे कर्ज में कमी से बैंक का मुनाफा बढ़ा है। बैंक ने शुक्रवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि उसने वित्त वर्ष 2021-22 की अप्रैल-जून तिमाही में 101.81 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। जून तिमाही में बैंक की कुल आय घटकर 3,796.59 करोड़ रह गई। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसकी आय 4,539.08 करोड़ रुपए रही थी। कोलकाता मुख्यालय वाले बैंक की इस साल 30 जून तक सकल गैर-निष्पादित अस्तियां (एनपीए) घटकर 7.42 प्रतिशत रह गईं। 30 जून, 2021 तक यह 9.37 प्रतिशत पर थीं। मूल्य के संदर्भ में बैंक का सकल एनपीए 11,321.76 करोड़ रुपए से कम होकर 9,739.65 करोड़ रुपए पर आ गया। तिमाही के दौरान बैंक का शुद्ध एनपीए भी घटकर 2.4 प्रतिशत रह गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह 3.85 प्रतिशत था। फंसे हुए कर्ज और आकस्मिक खर्च के लिए बैंक का प्रावधान आलोच्य तिमाही में घटकर 246.83 करोड़ रुपए रह गया, जो एक साल पहले की इसी अवधि में।,127.11 करोड़ रुपए था। पहली तिमाही के अंत में बैंक का प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) 91.96 प्रतिशत था।

## न्यायालय का सेबी को निर्देश, शेयर अधिग्रहण मामले में रिलायंस को दस्तावेज मुहैया कराएं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सेबी) को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) को शेयर अधिग्रहण मामले से जुड़े दस्तावेज मुहैया कराने का आदेश दिया है। रिलायंस को बड़ी राहत प्रदान करते हुए मुख्य न्यायाधीश एन वी रमन की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि बाजार नियामक का काम निष्पक्ष रूप से कार्य करने का है। पीठ ने साथ ही बाजार नियामक को रिलायंस को वे दस्तावेजों मुहैया करने के लिए कहा, जो कंपनी के दोषमुक्त होने का दावा करते हैं। मुख्य न्यायाधीश ने रिलायंस की अपील को मंजूर करते हुए कहा, सेबी एक नियामक है और उसका काम निष्पक्ष रूप से कार्य करने का है। नियामक को निष्पक्षता दिखानी होगी। हम इसकी अनुमति देते हैं और सेबी को आरआईएल द्वारा मांगे गए दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश देते हैं। रिलायंस ने बंबई उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था। उच्च न्यायालय ने आरआईएल की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें कंपनी ने बाजार नियामक से दस्तावेजों तक पहुंच प्रदान करने की अपील की थी।

## अब एनआरआई भारत बिल भुगतान प्रणाली के जरिए कर सकेंगे बिलों का भुगतान

भाषा। मुंबई

**प्रवासी भारतीय** (एनआरआई) अब भारत में अपने परिवार के सदस्यों की ओर से भारत बिल भुगतान प्रणाली के जरिए बिजली, पानी जैसी सुविधाओं और स्कूल, कॉलेज की फीस का भुगतान कर सकेंगे। भारत बिल भुगतान प्रणाली (बीबीपीएस) से करीब 20,000 बिल भेजने वाली इकाइयां जुड़ी हैं। इस प्रणाली पर मासिक आधार पर आठ करोड़ लेनदेन होते हैं।

रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक समीक्षा बैठक के नतीजों की घोषणा करते हुए शुक्रवार को कहा कि बीबीपीएस ने भारत में प्रयोगकर्ताओं के बिल भुगतान के अनुभव को बदला है। अब इसमें सीमापार से बिल भुगतान की प्रणाली को भी शुरू किया जा रहा है। गवर्नर ने कहा, इससे एनआरआई भारत में अपने परिवारों की ओर से बिजली, पानी के बिलों का भुगतान कर सकेंगे। साथ ही इसके जरिए वह शिक्षा से जुड़े शुल्कों का भी भुगतान कर पाएंगे। दास ने कहा कि इससे विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों को काफी फायदा होगा। केंद्रीय बैंक ने बयान में कह कि इस फैसले से बीबीपीएस मंच से जुड़े अन्य बिल भेजने वाली इकाइयों के बिलों का भी भुगतान किया जा सकेगा। केंद्रीय बैंक जल्द इस बारे में आवश्यक निर्देश जारी करेगा। दास ने मुंबई इंटरबैंक आउटरेट रेट (मिबोर) आधारित ओवरनाइट इंडेक्स स्वैप (ओआईएस) अनुबंधों के लिए वैकल्पिक मानक दर तय करने की संभावना के अध्ययन को एक समिति के गठन की भी घोषणा की है। इसका विदेशी बाजार में ब्याजदर डेरिवेटिव्स (आईआरडी) के रूप में व्यापक इस्तेमाल होता है। रिजर्व बैंक द्वारा भागीदारों के आधार में विविधता और नए आईआरडी मध्यमों के लिए कदम उठाने से मिबोर आधारित डेरिवेटिव अनुबंध का इस्तेमाल बढ़ा है।

## आरईसी का पहली तिमाही का मुनाफा आठ प्रतिशत बढ़ा

भाषा। नई दिल्ली

**सार्वजनिक क्षेत्र** की आरईसी लिमिटेड का 30 जून को समाप्त चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ आठ प्रतिशत बढ़कर 2,454.16 करोड़ रुपए रहा है। खर्च घटने से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। वित्त वर्ष 2021-22 की अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी को 2,268.66 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय घटकर 9,506.06 करोड़ रुपए रह गई जो पिछले वर्ष समान तिमाही में 9,555.45 करोड़ रुपए थी। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी का कुल खर्च भी कम होकर 6,556.09 करोड़ रुपए रहा है। एक साल पहले समान तिमाही में यह 6,769.62 करोड़ रुपए था। कंपनी ने एक अलग बयान में बताया कि 30 जून, 2022 तक उसके द्वारा दिया गया कर्ज बढ़कर 3.88 लाख करोड़ रुपए हो गया है।

ESAF
ESAF SMALL FINANCE BANK
REGD. OFFICE: ESAF Bhavan, Mannuthy, Thrissur- 680 651, Kerala.

**GOLD AUCTION NOTICE**

Notice is hereby given for the information of all concerned that Gold ornaments pledged with ESAF Small Finance Bank and not redeemed by borrowers, despite repeated reminders and notices, of our branches, are listed below. This will be auctioned as per the details given below:

DATE OF AUCTION : 09-08-2022  TIME : 10 AM TO 4 PM
AUCTION VENUE : THROUGH E-AUCTION
AUCTION ADDRESS : https://gold.matexnet.org/

To register as bidder for the e-Auction with terms and conditions, and full details of e-Auction please visit the above site

BRANCHES & LOAN ACCOUNT NUMBERS
**New Delhi- Paschim Vihar**: 63210000968332, **New delhi-Mayur Vihar**: 63210000947942, **New Delhi-Rohini:** 63210000946254, 989192, 938320, 984901

Customers who are interested to release the ornaments by paying the total due amount may do so, at the respective branches, on or two days before the date of the auction.
Bidders who wish to participate in the auction shall produce their KYC documents. GST No. is mandatory for registered firms/companies. Bidders shall deposit a sum of Rs.50,000 as EMD before participating in the auction.

Thrissur
Date: 06-08-2022
Sd/-
Authorized Signatory

**एसवीपी हाउसिंग लिमिटेड**
(पूर्वतः महाबीर मेटलेक्स लिमिटेड के नाम से ज्ञात)
पंजीकृत कार्यालय : ए-3, एनडीएसई, पार्ट-1, नई दिल्ली-110049, सीआईएन : एल70100डीएल2003पीएलसी118413
टेलीफोन : 011-41070148, ई-मेल आईडी : info@svphousing.com, वेबसाइट : www.svphousing.com,

ई-वोटिंग एवं मतदान का परिणाम

एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों और तदधीन विरचित नियमों के अनुसरण में, कम्पनी द्वारा ई-वोटिंग की सूचना प्रेषित की गई थी, जिसमें उक्त सूचना में सूचीबद्ध विशेष व्यवसाय के विषय में, विच्छेदन (कट-ऑफ) तिथि अर्थात 22-07-2022 के अनुसार शेयरधारकों की मंजूरी, ई-वोटिंग एवं मतदान के माध्यम से मांगी गई थी।
संवीक्षक (अंकित सिंघल ऐंड एसोसिएट्स, कम्पनी सेक्रेटरीज) की रिपोर्ट दिनांकित 29-07-2022 के आधार पर चेयरमैन द्वारा घोषित ई-वोटिंग एवं मतदान के परिणाम निम्नानुसार हैं :

| क्र. सं. | प्रस्ताव का संक्षिप्त विवरण | संवीक्षक द्वारा प्राप्त किए गए कुल, वैध अथवा अवैध मतों की संख्या | | | शेयरों की संख्या प्रस्ताव के पक्ष में डाले गए कुल मतों का प्रतिशत | | शेयरों की संख्या प्रस्ताव के विपक्ष में डाले गए कुल मतों का प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | डाले गए कुल मतों की संख्या | अवैध मतों की संख्या | वैध मतों की संख्या | शेयरों की संख्या | कुल मतों का प्रतिशत | शेयरों की संख्या | कुल मतों का प्रतिशत |
| 1 | मैसर्स केपीएमसी ऐंड एसोसिएट्स, चार्टर्ड अकाउन्टैंट्स (एफआएन-05359सी) की कम्पनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों के रूप में नियुक्ति | 4894400 | NIL | 4894400 | 4894400 | 100% | - | - |

तदनुसार, उपरोक्त प्रस्ताव कम्पनी के शेयरधारकों द्वारा आवश्यक बहुमत से पारित किए गए हैं।

कृते एवं हिते एसवीपी हाउसिंग लिमिटेड
हस्ता./-
(विजय कुमार)
प्रबंध निदेशक
तिथि : 29-07-2022
स्थान : नई दिल्ली

# आजादी को बचाने व देश को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी हम सभी की: डीएम

● हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने किया जन जागरूकता रैली का शुभारम्भ

संवाददाता। बांदा



**आदर्श बजरंग** इण्टर कालेज बाँदा में देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत शुक्रवार को जन जागरूकता रैली का शुभारम्भ अनुराग पटेल जिलाधिकारी बाँदा द्वारा किया गया। जिलाधिकारी का स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य मेजर मिथलेश कुमार पाण्डेय ने बैच लगाकर किया।

विद्यालय प्रांगण में हाथों में तिरंगा लेकर देश भक्ति की भावना के साथ उपस्थित लगभग 3500 छात्रों को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि हमारे देश की आजादी के लिए अनेक क्रान्तिकारियों ने बलिदान दिया जिनके कारण आज हम आजादी की सांस ले रहे हैं। इस आजादी को बचाने एवं देश को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। विशेषकर युवाओं को अधिक जागरुक रहने की आवश्यकता है। इस अभियान के तहत सभी नागरिक 11 अगस्त से 17 अगस्त तक अपने घरों में तिरंगा फ्हरायें। इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के सभी नागरिकों को राष्ट्र भक्ति की भावना से ओत-प्रोत करना है। हर घर तिरंगा अभियान के तहत जनपद बांदा का 4 लाख 84 हजार तिरंगा फहराने का लक्ष्य निर्धारित है। उन्होंने कहा कि इस रैली में बच्चों के उत्साह को देखकर मुझे आशा ही नहीं अपितू विश्वास है कि हम सभी मिलकर जनपद बांदा में हर घर तिरंगा अभियान के तहत शासकीय भवनों, विद्यालयों, सरकारी/निजी चिकित्सालयों, उन सभी शासकीय/निजी भवनों में 5 लाख से अधिक तिरंगा फहरायेंगे।

तिरंगा रैली में छात्रों को विद्यालय की ओर से राष्ट्रीय ध्वज वितरित किया गया। ध्वजा ऊंचा रहे हमारा विजयी विश्व तिरंगा प्यारिष् गीत के साथ झण्डा लहराते हुए छात्रों की रैली आदर्श बजरंग इण्टर कालेज बाँदा से पीली कोठीए स्टेशन रोडए छावनीए रामलीला मैदानए महेश्वरी देवीए कैथी बाजारए बाबू लाल चौराहा होते हुए विद्यालय प्रांगण में समाप्त हुयी।

# अमरोहा में मृत गायों की संख्या 60 पहुंची कमेटी करेगी जांच

● आश्रय स्थल के प्रभारी ग्राम विकास अधिकारी को किया गया निलंबित

भाषा। अमरोहा

**जिले के** हसनपुर क्षेत्र में एक गो आश्रय स्थल में पिछले 24 घंटों में और छह गायों की मौत होने के कारण ही शुक्रवार को मृत गायों की संख्या 60 पहुंच गई। गायों की मृत्यु की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को इस घटना की जांच का आदेश दिया था और पशुपालन मंत्री धरम पाल सिंह को अमरोहा पहुंचने का निर्देश दिया था। मंत्री धरम पाल सिंह और पशुपालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और आईवीआरआई से पशु विशेषज्ञ और जिला के वरिष्ठ अधिकारी शुक्रवार को घटनास्थल पर मौजूद थे।

जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि बृहस्पतिवार की शाम को गो आश्रय स्थल पर चारा खाने के बाद गाएं बीमार पड़ गई और शुक्रवार सुबह तक 60 गायों की मौत हो चुकी है। इस आश्रय स्थल में 180 से अधिक गाएं हैं। मंत्री धरम पाल सिंह ने कहा, मुख्यमंत्री के निर्देश के मुताबिक पशुपालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और मुरादाबाद क्षेत्र सहित एक तीन सदस्यीय कमेटी को इस मामले की जांच सौंपी गई है। इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। जिलाधिकारी के मुताबिक, गो आश्रय स्थल के ताहिर नाम के व्यक्ति से चारा खरीदा था। ताहिर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसे गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। आश्रय स्थल के प्रभारी ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। अमरोहा के पुलिस अधीक्षक आदित्य लांगेह ने कहा कि इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए चार टीमें बनाई गई हैं और पुलिस ने पूछताछ के लिए कुछ लोगों को हिरासत में लिया है।

# अस्थाई धार्मिक गेट हटाने की मांग को लेकर धरने पर बैठे कुंवर उदय प्रताप सिंह नजरबंद

भाषा। प्रतापगढ़

**कुंडा तहसील** में मोहर्म पर शेखपुर आशिक गांव में निर्मित अस्थाई धार्मिक गेट को हटाने की मांग को लेकर धरने पर बैठे कुंवर उदय प्रताप सिंह को जिला प्रशासन ने शुक्रवार की सुबह उनके भदरी स्थित किले में नजरबंद कर दिया और वहां पुलिस बल तैनात कर दिया।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) सतपाल अंतिल ने बताया कि मोहर्म के त्योहार को देखते हुए जिले में धारा 144 लागू है। कानून व्यवस्था और सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए कुंडा तहसील परिसर में शेखपुर आशिक गांव में मोहर्म पर निर्मित गेट को हटाने की मांग को लेकर धरने पर बैठे बाहुबली विधायक राजा भैया के पिता कुंवर उदय प्रताप सिंह को उनके भदरी गांव स्थित आवास में नजरबंद कर दिया गया है और पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। कुंवर उदय प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री को ट्वीट कर इस अस्थाई धार्मिक गेट को हटाने कि मांग की थी, लेकिन कोई कार्वाई नहीं होने पर वह दो दिन से कुंडा तहसील परिसर में अपने समर्थकों के साथ धरने पर बैठे थे।

जिलाधिकारी नितिन बंसल और पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने धरना स्थल पर पहुंच कर सिंह से धरना समाप्त करने की अपील की थी, लेकिन वह गेट हटाने की मांग पर अड़े रहे और उन्होंने शुक्रवार को इसके समर्थन में कुंडा बंद करने कि अपील की थी।

# व्यापारी की हत्या के आरोप में दो व्यक्ति गिरफ्तार

भाषा। आगरा

**आगरा** के सिकंदरा थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार रात को एक सर्राफा व्यापारी की हत्या के आरोप में पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। आगरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रभाकर चौधरी ने बताया की बृहस्पतिवार रात को गश्त पर निकली पुलिस ने एक संदिग्ध कार को सड़क किनारे देखा। गाड़ी के पास दो युवक भी खड़े थे। पुलिस को कार के पास आता देख वहां खड़े युवकों ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। अधिकारी ने बताया कि कार के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा था जिसका गला कटा हुआ था। गाड़ी में मौजूद दो व्यक्तियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। इनमें से एक लोहामंडी और दूसरा थाना छत्ता का निवासी है। चौधरी ने बताया कि मृतक की पहचान लोहामंडी के निवासी नवीन वर्मा के रूप में हुई है, जिसकी पहले गोली मार कर हत्या की गई फिर उसका गला काटा गया ताकि उसकी पहचान नहीं हो पाए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नवीन वर्मा चांदी का व्यापार करता था। बृहस्पतिवार को वह अपने मित्र टिंकू भार्गव का फोन आने पर दोपहर 3:30 बजे स्कूटर से उससे मिलने निकला था। रात आठ बजे जब नवीन की बेटी ने जब फोन किया तो टिंकू भार्गव ने बताया कि नवीन, उनका दोस्त अनिल साथ में हैं और वह आधे घंटे में घर पहुंच जाएगा। लेकिन एक घंटे बाद संपर्क किए जाने पर नवीन और टिंकू दोनों के फोन स्विच ऑफ हो गए और जब नवीन के भाई प्रवीण वर्मा और परिजनों ने तलाश शुरू की तो कोई जानकारी नहीं मिली। रात में लोहामंडी पुलिस से एक संदिग्ध कार और वहां लाश मिलने की सूचना पर परिजन वहां पहुंचे और नवीन का सिर कटा शव देखा। कटा सिर गाड़ी की पिछली सीट पर रखा हुआ था। पुलिस ने घटनास्थल से पकड़े गए टिंकू भार्गव और अनिल को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से लाइसेंसी रिवॉल्वर और एक चाकू भी बरामद किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही मस्जिद ईदगाह से संबंधित एक विवाद में अगली सुनवाई 26 अगस्त को

**मथुरा।** शाही मस्जिद ईदगाह की इंतेजामिया कमेटी ने शुक्रवार को यहां एक स्थानीय अदालत में श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही मस्जिद ईदगाह विवाद से संबंधित एक मुकदमे की सुनवाई पर सवाल उठाया। जिला शासकीय अधिवक्ता (सिविल) संजय गौड़ ने बताया, सिविल जज सीनियर डिवीजन मथुरा द्वारा मुकदमे में अगली सुनवाई 26 अगस्त को तय की गई है क्योंकि मुकदमे के याचिकाकर्ता प्रतिवादियों द्वारा उठाई गई आपत्तियों का जवाब देने के लिए कुछ समय चाहते थे। इंतजामिया कमेटी ने सीपीसी के नियम 7I11 के तहत एक आवेदन दायर कर मुकदमे की पोषणीयता (मामला सुनवाई योग्य है या नहीं) का मुद्दा उठाया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता नीरज शर्मा ने बताया कि यह मुकदमा स्वीकार किए जाने योग्य नहीं है क्योंकि इसे पूजा स्थल अधिनियम द्वारा प्रतिबंधित किया गया है। हालांकि, याचिकाकर्ता के वकील दीपक शर्मा ने प्रतिवादियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन की एक प्रति ले ली थी और जवाब पेश करने के लिए कुछ समय मांगा था।

# लापरवाह थानाध्यक्षों की जाएगी कुर्सी: आकाश तोमर

● थानों पर ही हो जनशिकायतों का निस्तारण: एसपी

संवाददाता। गोंडा

**फरियादियों की** शिकायतों का निस्तारण यदि थाने पर नही हुआ और शिकायतकर्ता अपनी शिकायत लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उनके पास पहुंच गया तो संबंधित थानाध्यक्ष की लापरवाही मानते हुए उन पर कार्यवाही जरूर होगी। साथ ही थाने पर आने वाले फरियादियों के साथ पुलिस का व्यवहार सरल व मानवीय हो। यह बात पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपने कार्यालय में जनशिकायतों के सुनवाई के दौरान पुलिस अफसरों व थानाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कही।


पुलिस कार्यालय में जनशिकायतों का निस्तारण करते एसपी आकाश तोमर

एसपी ने सख्त लहजे में कहा कि कोई भी शिकायत/समस्या हो उसे थाने के रजिस्टर में अवश्य दर्ज कराया जाये। साथ ही बीट दरोगा या सिपाही को इसकी जानकारी देकर पूरी पारदर्शिता के साथ समस्या का निस्तारण कराया जाए। वहीं गंभीर मामलों में थानाध्यक्ष खुद मौके पर जाएं और निष्पक्षता से समस्या का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अन्यथा की दशा में कठोर कार्रवाई के लिए तैयार रहें। साथ ही उन्होंने त्यौहारों के मद्देनजर सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी तेज करते हुए रात्रि गश्त बढ़ावें, अपराधियों के धरपकड़ के लिए अभियान चलाएं, औचक वाहन चेकिंग अभियान चलाना सुनिश्चित करें। साथ ही साइबर अपराधों के प्रति लोगों में जागरूकता लाने हेतु क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों, स्कूल-कॉलेजों एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस चौपाल लगाकर साइबर अपराध के प्रति लोगों को जागरूक करें। एसपी ने कहा कि हर छोटी से छोटी समस्या को गंभीरता से लिया जाए। किसी भी दशा में हीला-हवाली या लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि जो मानकों पर खरा नहीं उतरेगा उनकी कुर्सी चली जाएगी।

# एक सप्ताह में रूर्बन ऑडिटोरियम प्रपोज कांप्लेक्स का कार्य पूर्ण न होने पर डीएम ने दी कार्रवाई की चेतावनी

संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी अभिषेक** आनन्द ने आज राजकीय निर्माण निगम द्वारा बनाए जा रहे रूर्बन ऑडिटोरियम प्रपोज कांप्लेक्स एवं रूर्बन आजीविका मिशन प्रशिक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान डीएम ने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये।


निरीक्षण करते डीएम

निरीक्षण के दौरान ऑडिटोरियम में पानी भरे होने पर डीएम ने कहा कि बरसात का मौसम है आपको पाइलिंग पहले करा लेना चाहिए, कार्य की प्रगति बहुत धीमी है इसमें तेजी लाई जाए। तत्पश्चात उन्होंने विकास भवन में बन रहे रूर्बन आजीविका मिशन प्रशिक्षण केंद्र सोनेपुर का निरीक्षण किया। प्रशिक्षण केंद्र के कार्य अधूरे रहने पर उन्होंने कहा कि आप लोगों को बारिश से पहले अप्रोच रोड बना लेना चाहिए। जिससे कि रोड चलने के लिए हो जाए। प्रोजेक्ट मैनेजर ने कहा कि अगस्त माह तक प्लिंथ लेवल तक कार्य हो जाएगा। जिलाधिकारी ने परियोजना प्रबंधक से कहा कि जो निर्माण कार्यों में मटेरियल लग रहा है उसकी गुणवत्तापूर्ण की जांच करा लें। उन्होंने कहा कि दोनों जगह कार्य निराशाजनक की स्थिति है एक सप्ताह के अंदर मैन पावर बढ़ाकर कार्य करें नहीं तो मैं आप लोगों के खिलाफकार्रवाई करूंगा। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि समीक्षा प्रतिदिन करते रहें ताकि कार्य में प्रगति हो सके।

इस अवसर पर परियोजना निदेशक ऋषि मुनि उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी राज कुमार त्रिपाठी, प्रोजेक्ट मैनेजर राजकीय निर्माण निगम रामफल, अवर अभियंता विजय कुमार गौतम आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# लोकतंत्र की हत्या कर रही मोदी सरकार: कुशल पटेल

● महंगाई के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

संवाददाता। चित्रकूट

**कांग्रेस के** आह्वान पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में महंगाई के खिलाफ जुलूस निकालकर प्रदर्शन कर तानाशाह मोदी सरकार के दिल्ली में कांग्रेसियों की गिरफ्तारी पर लोकतंत्र की हत्या करार दिया है। शुक्रवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में कांग्रेसियों ने जिला कार्यालय से महंगाई के खिलाफ जुलूस निकालते हुए प्रदर्शन कर तहसील मुख्यालय पहुंचे। यहां



विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी

जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनता के हितों के लिए कांग्रेस ने हमेशा संघर्ष किया है, आगे भी संघर्ष जारी रहेगा। खाद्य पदार्थों में जीएसटी लगाकर सभी वस्तुयें महंगी कर दी हैं। नौजवान रोजगार के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है। कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी रंजना बरातीलाल पाण्डेय ने पूरे जुलूस दौरान सिर में गैस सिलेंडर लेकर विरोध दर्ज कराया। कहा कि जिस तरह से गैस के दाम बढे हैं, वह किसी से छिपा नहीं है। महंगाई पर चर्चा की बजाय सदन में हिटलरशाही मोदी सरकार विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। दिल्ली मुख्यालय में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी को बर्बर ढंग से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसे कांग्रेसी बर्दाश्त नहीं करेंगे। मोदी सरकार लोकतंत्र का गला घोंट रही है।

# शिक्षक संघ के रामनगर अध्यक्ष बने शिवभूषण त्रिपाठी

**मऊ( चित्रकूट )।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्रान्तीय निर्देश पर ब्लाक रामनगर इकाई के त्रिवार्षिक चुनाव बीआरसी रामनगर में सम्पन्न कराये। तीन सौ शिक्षकों की मौजूदगी में हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर से दिनेश सिंह के नामांकन वापस लेने पर शिवभूषण त्रिपाठी निर्विरोध ब्लाक अध्यक्ष चुने गये। शुक्रवार को हुए चुनाव में मंत्री पद पर अखिलेश सिंह के महिलाओं के सम्मान में नामांकन वापस लेने पर श्रीमती उमा देवी को ब्लाक मंत्री पद पर चुना गया। कोषाध्यक्ष पद पर रमाशंकर के नामांकन लौटाने पर अरुण कुमार वर्मा निर्विरोध कोषाध्यक्ष चुने गये। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर छोटा प्रसाद चुने गये। निर्वाचन अधिकारी देव कुमार यादव व पर्यवेक्षक श्रीमती अराधना सिंह की देखरेख में चुनाव



हुए। चुनाव कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक राजनारायण पाण्डेय ने की। बतौर मुख्य अतिथि उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय व विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक गर्ग, संरक्षक शिवकृपाल सिंह, बृजेश शुक्ला, लवलेश सिंह, हरिशंकर तिवारी, डॉ अखिलेश मिश्रा, विजय शुक्ला, शहनाज बानो, रामभूषण पाण्डेय, ज्ञान सिंह, अमित पाण्डेय, कमलेश मिश्रा, संतोष सिंह समेत सैकडों शिक्षक मौजूद रहे।

# नवविवाहिता ने जेठ पर लगाया मारपीट कर घर से भगाने का आरोप

**जालौन ( उरई )।** दो माह पूर्व हुई शादी में विवाहिता ने जेठ व जेठानी पर गाली, गलौज व मारपीट कर घर से निकाल देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोकलपुरा निवासी प्रियंका पुत्री तुलसीराम ने पुलिस को बताया कि उसके पिता ने 2 माह पूर्व उसकी शादी हिंदू रीति रिवाज के साथ आशीष के साथ की थी। शादी के बाद से ही जेठ व जेठानी उसे परेशान करने लगे। किसी न किसी बात को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। बीती 3 जुलाई की सुबह जब वह घर के काम कर रही थी। तभी जेठ वहां आए और अकारण ही गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर मारपीट करते हुए उसे घर से निकाल दिया। किसी तरह वह पिता के घर पहुंची और उन्हें जानकारी दी।

## विवक न्यूज

### फेसबुक पर 70 लाख की रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के निर्देश पर अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना तरबगंज व सर्विलांस/साइबर सेल की संयुक्त टीम ने फेसबुक के माध्यम से रंगदारी मांगने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस दौरान उसके पास से एक लैपटॉप, दो मोबाइल व बारह सौ रुपए बरामद नगद बरामद किया है। यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक श्री तोमर ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति कुलदीप सिंह पुत्र मनोज कुमार सिंह निवासी महराजा अग्रसेन नगर, सीतापुर रोड, लखनऊ द्वारा इस जिले के थाना तरबगंज क्षेत्र के निवासी रामू सिंह से फेसबुक के माध्यम से उसके लड़के की सलामती हेतु 70 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई थी। जिसकी जानकारी होने पर मामले के अनावरण हेतु थाना तरबगंज, सर्विलांस सेल व साइबर सेल की टीम को लगाया गया था। पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना तरबगंज में अभियोग दर्ज कर उसे न्यायालय रवाना कर दिया गया है। गिरफ्तारकर्ता टीम में उ0नि0 कामेश्वर मय पुलिस टीम, क्राइम ब्रांच के हृदय नारायण दीक्षित एवं साइबर सेल के हरिओम टंडन शामिल हैं।

### विद्युत की चपेट में आकर मजदूर की मौत

**करनैलगंज-गोंडा।** मैजापुर चीनी मिल में ट्रैक्टर ट्रॉली से ईंट गिराने गए मजदूर की विद्युत करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। घटना कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत परसा गोंड़री के मजरा मंगलपुरवा से जुड़ा है। यहां के निवासी राहुल शुक्ला 22 की मैजापुर चीनी मिल में करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक के परिवार वालों के अनुसार राहुल शुक्ला परसा गोंड़री स्थित भट्ठे पर श्रमिक रूप में कार्य कर रहा था। गुरुवार को मैजापुर मिल में वह ट्रैक्टर ट्राली के साथ ईंट उतारने गया था। मिल के अन्दर ट्राली धंस गयी। जिसे वह निकालने का प्रयास कर रहे थे नीचे उतर रहा था, विद्युत तार की चपेट में आकर गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। मिल के सिक्योरिटी गार्ड ने तत्काल उसे सीएचसी कटरा बाजार पहुँचाया। जहां चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके पर पहुंचे विधायक बावन सिंह ने पीड़ित परिजनों को सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

### विरवा बभनी गौशाला का डीएम ने किया निरीक्षण

**गोंडा।** शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार ने विकासखंड झंझरी के अंतर्गत विरवा बभनी के गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में संरक्षित सभी गायों को मिलने वाली व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही गौशाला के भूसा बैंक, रोटी बैंक, चारा मैदान, पेयजल, विद्युत व्यवस्था तथा संक्षिप्त गायों के रहने के स्थानों का भी निरीक्षण किया, तथा वहां पर उपस्थित खण्ड विकास अधिकारी झंझरी एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि गौशाला में संरक्षित गायों के हरे चारे की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था एवं टैगिंग आदि सभी व्यवस्थायें ठीक होनी चाहिए तथा गायों को गुड़ खिलाया और कहा कि सभी गायों का विशेष ध्यान रखा जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, उप जिलाधिकारी सदर विनोद कुमार सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी रविंद्र सिंह राठौर, खंड विकास अधिकारी झंझरी, ग्राम पंचायत अधिकारी, संबंधित गांव के लेखपाल, ग्राम प्रधान सहित अन्य सभी लोग उपस्थित रहे।

### जल जीवन मिशन परियोजना निर्धारित समयावधि में कराएं पूर्ण: आयुक्त

**गोंडा।** आयुक्त देवीपाटन मंडल एमपी अग्रवाल ने जल जीवन मिशन योजना की मंडलीय समीक्षा की। उन्होंने कार्यदायी संस्था पी.एन.सी.-एस.पी.एम.एल. (जेवी) आगरा व लारसन एंड टुब्रो, चेन्नई के सदस्यों को भी निर्देश दिया कि वे सभी कार्य व परियोजनाओं की वास्तविक प्रगति की आख्या अपने स्तर से उपलब्ध कराएं। आयुक्त ने कार्यदायी संस्थाओं को आवंटित लक्ष्य को न पूर्ण किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कार्य परियोजनाओं को गुणवत्ता व समयबद्धता के साथ पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं सहित समस्त अवर अभियंताओं को निर्देश दिया कि एक-एक कार्य बिंदुओं की समस्या के मूल में जाएं जिससे अपेक्षित कार्य प्रगति क्यों नहीं है, उसकी जानकारी हो सके व समाधान भी सुनिश्चित करें। कहा कि यह सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है जो आमजन की सुविधाओं से जुड़ी है। इस योजना के तहत पाइप लाइन से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। अतः इसमें किसी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही कदापि नहीं होनी चाहिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गोंडा गौरव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी बलरामपुर संजीव कुमार मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी श्रावस्ती, जिला विकास अधिकारी बहराइच महेंद्र कुमार पांडेय, अधीक्षण अभियंता सौरभ सुमन तथा समस्त अधिशासी अभियंता, कार्यदायी संस्था व सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### दहेज हत्या के दोषी दंपति को आजीवन कारावास

**बलिया।** बलिया जिले की स्थानीय अदालत ने एक विवाहिता की दहेज हत्या के 11 साल पुराने मामले में दंपति को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन विभाग के संयुक्त निदेशक सुरेश पाठक ने बृहस्पतिवार को बताया कि जिले के सुखपुरा थाना क्षेत्र के चंदुकी गांव के राम जी वर्मा ने 23 जून 2006 को अपनी 26 वर्षीय पुत्री संगीता का विवाह बलिया कोतवाली क्षेत्र के सत्यनारायण के साथ किया था। उन्होंने बताया कि शादी के बाद से ही संगीता को दहेज में मोटरसाइकिल लाने के लिए प्रताड़ित किया जाता था। संगीता की 17 मई 2011 को आग में झुलसकर मौत हो गई थी। घटना के समय संगीता का पति मजदूरी करने गया था। इस मामले में संगीता के पिता की शिकायत पर बलिया शहर कोतवाली में संगीता के जेठ राज नारायण और जेठानी कमली देवी के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की संबंधित धाराओ के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने जांच के बाद दोनो आरोपियों के विरुद्ध अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। अपर जिला न्यायाधीश प्रशांत बिलगैयो की अदालत ने बृहस्पतिवार को दोनो पक्षो की दलीलें सुनने के बाद जेठ और जेठानी को दोषी करार देते हुए दोनो को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 35 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।

### बिजनौर में सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मृत्यु

**बिजनौर।** बिजनौर जिले में सड़क दुर्घटना में तीन लोगो की मृत्यु हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, बृहस्पतिवार की रात थाना चांदपुर के सेंधवार में जलीलपुर मार्ग पर आधारशिला स्कूल के पास एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई, जिससे कार में सवार जितेन्द्र (41), मिश्री (40) और विपिन (38) की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में घायल विजयपाल और समरपाल को सीएचसी चांदपुर मे भर्ती कराया गया है।

### विचाराधीन कैदी की मृत्यु के मामले में जेलर और वार्डर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**अंबेडकरनगर।** जिला जेल में विचाराधीन कैदी रामसागर (40) की मृत्यु के संबंध में जेल के जेलर और वार्डर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। रामसागर लूट और हत्या के प्रयास के मामले में पांच जुलाई से इस जेल में बंद था और एक अगस्त को जेल में उसकी मृत्यु हो गई थी। उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह पुष्टि हुई है कि उसकी मौत सिर में चोट लगने की वजह से हुई थी। रामसागर की पत्नी ने आरोप लगाया है कि उसके पति की तेज धारदार हथियार से हत्या की गई है। अंबेडकर नगर के पुलिस अधीक्षक अजित सिन्हा ने इस घटनाक्रम की पुष्टि की है और कहा है कि विचाराधीन कैदी की पत्नी की शिकायत पर जेलर और वार्डर के खिलाफ हत्या का मामला बुधवार को दर्ज किया कर लिया। उन्होने कहा कि इस मामले की जांच की जा रही है और कानून के मुताबिक न्यायिक जांच भी कराई जाएगी।

### प्रेम-प्रसंग के चलते युवक ने जहर खाकर की आत्महत्या

**चित्रकूट।** कामदगिरि मुखारबिन्द आश्रम में रहकर पढाई करने वाले गोलू द्विवेदी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। आश्रम के महंत मदन गोपाल दास युवक को तत्काल अस्पताल ले गये। इलाज दौरान उसकी मृत्यु होने पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। शुक्रवार को कामदगिरि मुखारबिन्द के महंत मदनगोपाल दास ने बताया कि पहाडी थाना क्षेत्र के नांदी गांव के गोलू द्विवेदी व उसका भाई रामदयाल आश्रम में रहकर पढाई करते थे। इनके बाबा पहले मन्दिर में पूजा-पाठ करते थे। उन्हीं के समय से यह दोनों भाई भी यहां रहते थे। गुरुवार को दोपहर गोलू अपने कमरे में प्रेम प्रसंग के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। पता चलते ही जानकीकुण्ड अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने गम्भीर हालत देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में एक घंटे इलाज के बाद हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने प्रयागराज रेफर किया। देर रात प्रयागराज ले जाते समय यमुना पुल के पास गोलू की मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी सुधांशु तिवारी ने बताया कि युवक ने प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या की है।

### ब्लाक क्षेत्र के अन्ना मवेशियों को गौशाला में बंद कराएं: बीडीओ

**कदौरा (उरई)।** अन्ना मवेशियों से किसानों को निजात दिलाने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाना शुरू कर दिए हैं। गुरुवार को ब्लॉक सभागार में ग्राम प्रधानों, सचिवों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में बीडीओ बृजकिशोर कुशवाहा ने कहा की गांव व सड़कों में घूम रहे अन्ना पशुओं को गौशाला में संरक्षित कराए। ताकि किसानों की फसलो को कोई नुकसान न हो। उन्होंने कहा की गौशाला में प्रकाश व्यवस्था, चारा पानी, भूसे का स्टॉक, चरही, केयर टेकर, चौकीदारों की व्यवस्था को दुरुस्त रखें। पशुओं का नियमित स्वास्थ परीक्षण हो, नर मादा व छोटे बछड़ा आदि को रखने के लिए अलग से व्यवस्था की जाए।


# पहलवानों ने दिखाया दम, पदक पर लगाए विजयी दांव

## बजरंग, अंशु, साक्षी व दीपक का जलवा

**भाषा।** बर्मिंघम

**भारत के** स्टार पहलवान और ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक ने राष्ट्रमंडल खेलों की कुश्ती स्पर्धा में शुक्रवार को भारत को स्वर्णिम शुरूआत दिलाई जबकि अंशु मलिक को पदार्पण करते हुए रजत पदक मिला। तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग का 65 किलो वर्ग में इतना दबदबा रहा कि पहले दौर में ही उन्होंने चार में से तीन मुकाबले जीते। उन्होंने फाइनल में कनाडा के लाचलान मैकनील को 9-2 से हराया। इससे पहले इंग्लैंड के जॉर्ज रैम पर तकनीकी श्रेष्ठता (10-0) से जीत दर्ज कर आसानी से फाइनल में जगह बनाई थी। वहीं चार मुकाबले में कैमरून की बर्थे इमिलिएने इटाने एनगोले पर तकनीकी श्रेष्ठता से 10-0 की जीत से फाइनल में पहुंच गईं। साक्षी ने क्वार्टरफाइनल में भी तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की। उन्होंने इस शुरूआती मुकाबले में मेजबान इंग्लैंड की केलसे बार्नेस को मात दी। गत चैम्पियन बजरंग मौरिशस के जीन गुलियाने जोरिस बांडोऊको महज एक मिनट में पटखनी देकर 6-0 की जीत से सेमीफाइनल में पहुंचे। उन्हें क्वार्टरफाइनल में पहुंचने में दो मिनट से भी कम समय लगा जिसके लिए उन्होंने शुरूआती दौर में नौरू के लोवे बिंघम को गिराकर 4-0 से आसान जीत दर्ज की। बजरंग ने एक मिनट अपने प्रतिद्वंद्वी को समझने में लिया और फिर जकड़ने की स्थिति से अचानक बिघंम को पटक कर मुकाबला खत्म कर दिया। बिंघम को इस अचानक से हुए दांव का पता नहीं चला और भारतीय पहलवान आसानी से जीत गया। अंशु को फाइनल में नाईजीरिया की ओडुनायो फोलासाडे एडुकुरोए से 3-7 से हार का सामना करना पड़ा। अंशु ने इससे पहले हर मुकाबले में दबदबा बनाया। उन्होंने क्वार्टरफाइनल में आस्ट्रेलिया की इरेन सिमियोनिडिस और सेमीफाइनल में श्रीलंका की नेथमी पोरूथोटागे पर तकनीकी श्रेष्ठता (10-0) से जीत दर्ज की। पहलवान दीपक पूनिया ने फ्रीस्टाइल 86 किग्रा में कनाडा के एलेक्जेंडर मूर को 3-। से पराजित करके फाइनल में स्थान पक्का किया। वह स्वर्ण पदक के मुकाबले में पाकिस्तान के मोहम्मद इनाम के सामने होंगे।


बजरंग


अंशु

साक्षी मलिक ने 62 किग्रा के फाइनल में कनाडा की एना गोंडिनेज गोंजालेस को चित करके स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह साक्षी का राष्ट्रमंडल खेलों में पहला स्वर्ण पदक है। इससे पहले वह राष्ट्रमंडल खेलों में रजत और कांस्य पदक जीत चुकी हैं। वहीं अंशु मलिक ने 57 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश का कुश्ती में खाता खोला। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक अंतिम

### पदक तालिका

| स्थान | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आस्ट्रेलिया | 50 | 42 | 43 | 135 |
| 2. | इंग्लैंड | 44 | 44 | 34 | 122 |
| 3. | कनाडा | 17 | 22 | 24 | 63 |
| 4 | न्यूजीलैंड | 16 | 11 | 10 | 37 |
| 5. | स्काटलैंड | 8 | 8 | 19 | 35 |
| 6. | भारत | 7 | 8 | 7 | 22 |

## भारतीय पुरूष रिले टीम फाइनल में

**● ज्योति 100 मीटर बाधा दौड़ से बाहर**

**बर्मिंघम।** भारतीय पुरूष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम अपनी हीट में दूसरे स्थान पर रहने के बाद राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में पहुंच गई। भारत के मुहम्मद अनस याहिया, नोह निर्मन टॉम, मोहम्मद अजमल और अमोज जैकब ने 3 : 06. 97 सेकंड का समय निकालकर स्वत: क्वालीफाई किया।

भारतीय टीम कीनिया के बाद दूसरे स्थान पर रही। आखिरी चरण में भारतीय टीम चौथे स्थान पर थी लेकिन अमोज ने आखिर में दो धावकों को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल किया। दोनों हीट मिलाकर भारत छठे स्थान पर रहा। फाइनल रविवार को होगा। महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी ज्योति याराजी पहले दौर की हीट से बाहर हो गई। उसने 13 . 18 का समय निकालकर दूसरी हीट में चौथा स्थान हासिल किया। महिलाओं की लंबी कूद फाइनल में एंसी सोजन फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास 6 . 25 मीटर का रहा और वह 13वें स्थान पर रही। क्वालीफिकेशन मानक 6 . 75 मीटर था या सर्वश्रेष्ठ 12 खिलाड़ियों को फाइनल में जगह मिली।



## सिंधू और श्रीकांत क्वार्टर फाइनल में

**बर्मिंघम।** भारत के दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और किदांबी श्रीकांत राष्ट्रमंडल खेलों में बैडमिंटन स्पर्धा के क्रमश: महिला और पुरुष एकल मुकाबले में आसान जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहे। गोल्ड कोस्ट (2018) राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता सिंधू को युगांडा की हुसीना कोबुगाबे को अंतिम 16 मुकाबले में 21-10 21-9 से हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। श्रीकांत ने भी पिछले राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था। उन्होंने श्रीलंका के डुमिंडू अबेविक्रमा को एकतरफा मुकाबले में 21-9 21-12 से हराया। इससे पहले गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली की भारतीय महिला जोड़ी ने मॉरीशस की जेमिमा लेउंग फोर सांग और गणेशा मुंगरा को युगल जोड़ी को 21-2, 21-4 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अगले दौर में मलेशिया की गोह जिन वेई की चुनौती से पार पाना होगा। सिंधु ने इन खेलों के मिश्रित टीम फाइनल के कड़े मुकाबले में गोह को हराया था। इस मैच के बाद वह 2015 और 2018 में विश्व जूनियर चैंपियनशिप की स्वर्ण विजेता 22 वर्षीय मलेशिया की खिलाड़ी को हलके में नहीं लेंगी। विश्व रैंकिंग के पूर्व शीर्ष खिलाड़ी श्रीकांत के सामने अंतिम आठ में विश्व रैंकिंग में 54 वें स्थान पर काबिज इंग्लैंड के टोबी पेंटी की चुनौती होगी। गायत्री और त्रिसा की जोड़ी को टूर्नामेंट में आगे बढ़ने के लिए जमैका की ताहलिया रिचर्डसन और कैथरीन विंटर से भिड़ना होगा।





## ऑडियो उपकरण कुश्ती एरीना में गिरा, दो घंटे का विलंब

**बर्मिंघम।** राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजकों के लिए एक शर्मसार होने वाली घटना में एक ऑडियो उपकरण के छत से गिरने के कारण पहला सत्र शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद कुश्ती मुकाबले रोक दिए गए और दर्शकों को हॉल से निकलने के लिए कह दिया गया। प्रशंसकों और अधिकारियों को सुरक्षा जांच के लिए परिसर खाली करने को कह दिया गया जिससे कुश्ती प्रतिस्पर्धा के शुरुआती दिन अव्यवस्था का मंजर दिख रहा था। सुबह का सत्र दो से ज्यादा घंटे तक रोक दिया गया। एक सुरक्षा अधिकारी तथा एक भारतीय, स्कॉटिश और पाकिस्तानी टीम के अधिकारी ने पीटीआई को बताया कि एक स्पीकर हॉल की छत से गिर गया जो लंबे विलंब का कारण बना। स्थानीय समयानुसार सत्र 11.22 मिनट पर रोका गया और फिर घोषणा की गई थी कि मुकाबले 12.15 मिनट पर शुरू होंगे। खबर लिखने तक सत्र दोबारा शुरू करने का समय तीन बार बदल दिया गया। स्थल के एक सुरक्षा अधिकारी ने कहा, हम सुन रहे हैं कि एक स्पीकर गिर गया था और सुरक्षा जांच के लिए हर किसी को हॉल खाली करने के लिए कह दिया गया। एक भारतीय अधिकारी ने कहा, हम वॉर्म-अप क्षेत्र में हैं। हमने सुना कि एक स्पीकर मैट (खेल क्षेत्र) के करीब गिर गया था।

## भारतीय महिला जोड़ी लॉन बॉल क्वार्टरफाइनल में हारकर बाहर

**बर्मिंघम।** लवली चौबे और नयनमोनी सेकिया की भारतीय महिला जोड़ी (पेयर्स) शुक्रवार को यहां क्वार्टरफाइनल में हारकर राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी को इंग्लैंड की सोफी टोलचार्ड और एमी फरोहा ने 18-14 से पराजित किया। चौबे और सेकिया ने दो मौकों पर बढ़त बनाई हुई थी। पहले चार दौर के बाद 5-2 से और फिर नौ दौर के बाद 8-6 से, लेकिन उन्होंने इंग्लैंड की जोड़ी को वापसी का मौका दे दिया। दसवें दौर के बाद इंग्लैंड ने बढ़त बनाई और इसे बढ़ाना जारी रखा और अंत में विजेता बनी। इंग्लैंड का सामना सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से होगा जबकि आस्ट्रेलिया की भिड़ंत अंतिम चार में मलेशिया से होगी।

## मनिका-साथियान की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में हारी

**● टेबल टेनिस**

**बर्मिंघम।** भारत की मनिका बत्रा और जी साथियान की मिश्रित युगल जोड़ी को राष्ट्रमंडल खेलों की टेबल टेनिस स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को यहां हार का सामना करना पड़ा। पदक की दावेदार भारतीय जोड़ी को मलेशिया की जावेन चोंग और करेन लिन की जोड़ी से 10-12, 11-9, 11-8, 7-11, 7-11 से शिकस्त मिली। दिग्गज शरत कमल और श्रीजा अकुला की मिश्रित जोड़ी क्वार्टर फाइनल की बाधा पार करने में सफल रही। शरत और 24 साल की अकुला की जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में लियाम पिचफोर्ड और टिन-टिन हो की स्थानीय जोड़ी को कड़े मुकाबले में 11-7, 8-11, 11-8, 11-13, 11-9 से शिकस्त देकर सेमीफाइनल का टिकट कटाया। इस जोड़ी ने इससे पहले प्री-क्वार्टर फाइनल में पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करके मलेशिया के लियोन ची फेंग और हो यिंग को 5-11, 11-2, 11-6, 11-5 से पराजित किया। पुरुष युगल में साथियान और शरत की जोड़ी भी अंतिम आठ में पहुंचने में सफल रही। भारतीय जोड़ी ने बांग्लादेश के बावम राममिलियान और रिदॉय मोहुतसिन अहमद की जोड़ी को आसानी से 11-6, 11-।, 11-4 से हराया। क्वार्टर फाइनल में उनके सामने टॉम जार्विस और सैम वॉकर की इंग्लैंड की जोड़ी होगी। हरमीत देसाई और सानिल शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने ऑस्ट्रेलिया के चेम्बर्स डिलन और यान शिन को 11-3, 9-11, 9-11, 7-11 से हराकर अंतिम आठ में जगह पक्की की। क्वार्टर फाइनल में उनकी भिड़ंत सिंगापुर के क्लेरेंस चेउ और शाओ फेंग एथन पोहो की जोड़ी से होगी। मनिका हालांकि महिला एकल में पदक की दौड़ में बनी हुई है। वह और अकुला अपने - अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए है। मनिका ने ऑस्ट्रेलिया की जी मिनह्युंग को 11-4 11-8 11-6 12-10 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई।



## पैरा एथलीट भाविना पटेल टेबल टेनिस के फाइनल में, पदक पक्का किया

**बर्मिंघम।** भारत की भाविना पटेल ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों की महिला एकल क्लास 3-5 पैरा टेबल टेनिस स्पर्धा के फाइनल में पहुंचकर पदक पक्का किया। तोक्यो पैरालंपिक की रजत पदक विजेता पटेल ने इंग्लैंड की सू बेली को 11-6 11-6 11-6 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। गुजरात की 35 साल की खिलाड़ी का सामना शनिवार को फाइनल में नाईजीरिया की क्रिस्टियाना इक्पेयोई से होगा। सोनलबेन पटेल को हालांकि इक्पेयोई से 11-8 6-11 4-11 7-11 से हार का सामना करना पड़ा। इससे अब वह कांस्य पदक के मैच में बेली के सामने होंगी। राज अरविंदन अलागर भी पुरूषों के 3-5 क्लास सेमीफाइनल में नाईजीरिया के नासिरू सुले से 11-7 8-11 4-11 7-11 से हार गए। वह रविवार को कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में नाईजीरिया के इसाऊओगुंकुनले से भिड़ेंगे।

## भारत के पास पदक जीतने का सुनहरा मौका

**● सेमीफाइनल में टक्कर दक्षिण अफ्रीका से**

**बर्मिंघम।** भारतीय पुरूष हॉकी टीम राष्ट्रमंडल खेलों में पदक की ओर अगला कदम रखने की कवायद में सेमीफाइनल में शनिवार को निचली रैंकिंग वाली दक्षिण अफ्रीका से खेलेगी तो उसका पलड़ा भारी रहेगा। दक्षिण अफ्रीका ने गत चैम्पियन न्यूजीलैंड पर अप्रत्याशित जीत दर्ज करके पूल ए से सेमीफाइनल में जगह बनाई। वह आस्ट्रेलिया के बाद पूल ए में दूसरे स्थान पर रही।

दूसरी ओर भारत पूल बी में शीर्ष पर रहा जिससे सेमीफाइनल में सामना आस्ट्रेलिया से नहीं होगा। आस्ट्रेलियाई टीम अब इंग्लैंड से खेलेगी। भारत टूर्नामेंट में अब तक अपराजेय रहा है और तीन जीत दर्ज करने के अलावा एक ड्रॉ खेला। दूसरी तरफ दक्षिण अफ्रीका ने दो मैच जीते, एक ड्रॉ खेला और एक गंवाया। मौजूदा फॉर्म और विश्व रैंकिंग को देखते हुए दुनिया की पांचवें नंबर की टीम भारत का पलड़ा 13वीं रैंकिंग वाली दक्षिण अफ्रीका पर भारी है। उपकप्तान हरमनप्रीत सिंह शानदार फॉर्म में हैं और अब तक नौ गोल कर चुके हैं। उन्होंने आठ गोल पेनल्टी कॉर्नर पर और एक पेनल्टी स्ट्रोक पर दागा। उनके अलावा वरूण कुमार, जुगराज सिंह और अमित रोहिदास के रूप में भारत के पास पेनल्टी कॉर्नर के लिए कई विकल्प हैं।



### नडाल पेट की चोट के कारण मांट्रियल से हटे

**मांट्रियल।** स्पेनिश स्टार रफेल नडाल ने पेट की चोट के कारण शुक्रवार को मांट्रियल में होने वाले आगामी हार्ड कोर्ट टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया। इसी पेट की चोट के कारण उन्हें विम्बलडन में सेमीफाइनल से पहले ही हटने का फैसला करना पड़ा था। नडाल मांट्रियल में पांच बार के चैम्पियन है।

### गॉफ ने ओसाका को सीधे सेटों में हराया

**सैन जोस।** अमेरिका की किशोर टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका को 6-4, 6-4 से हराकर गुरुवार को मुबाडाला सिलिकॉन वैली क्लासिक के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। छठी वरीयता प्राप्त गॉफ ने शुरुआती सेट में अपने सभी सर्विस पर अंक जुटए और 45 मिनट के सत्र को तीन ऐश लगाकर खत्म किया।

### अन्तर विद्यालयी टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट 7 से

**लखनऊ।** टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ एसोसिएशन की मीटिंग में द्वितीय अन्तर विद्यालयी टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट 7 से 10 अगस्त तक कराने की घोषणा की गई। जिसका आयोजन मोंटफोर्ट इण्टर कॉलेज महानगर में किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए मोंटफ ोर्ट के प्रधानाचार्य एवं टूर्नामेंट के अध्यक्ष जीनु अब्राहम ने बताया इस टूर्नामेंट में विभिन्न विद्यालयों की 16 टीमें भाग ले रही है। इसके साथ साथ इस टूर्नामेंट में से 17 वर्ष से कम व 19 वर्ष से कम की आयु खिलाड़ियों का चयन चैन्नई में होने वाली राष्ट्रीय टेनिस बॉल प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु किया जाएगा। इस अवसर पर टेनिस बाल क्रिकेट के चेयरमैन एहसान ज़ैदी, वाईस चेयरमैन डॉ वहाब, अध्यक्ष आज़म खान, उपाध्यक्ष पीआर पाण्डे व रेणु मनचंदा उपस्थित थे।


## शतरंज ओलंपियाड: भारत ए व बी टीम की ओपन वर्ग में जीत



**भाषा।** मामल्लापुरम

भारत ए और बी टीमों ने शुक्रवार को यहां 44वें शतरंज ओलंपियाड के ओपन वर्ग में सातवें दौर में आसान जीत दर्ज की। ग्रैंडमास्टर अर्जुन इरिगैसी और एसएल नारायणन ने क्रमश: अभिजीत गुप्ता और अभिमन्यु पुराणिक पर जीत हासिल की, जिससे दूसरी वरीयता प्राप्त भारत ए ने भारत सी को 3-। से हराया। किशोर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने शानदार लय को जारी रखते हुए, इस आयोजन में लगातार सातवीं जीत दर्ज की। उन्होंने क्यूबा के ग्रैंडमास्टर कार्लोस अल्बोर्नोज कैबरेरा को हराकर भारत बी को 3.5-0.5 के बड़े अंतर से जीत दिलाने में मदद की। इस टीम की यह सात दौर में छठी जीत है। गुकेश के अलावा टीम में आर. प्रज्ञानानंदा, निहाल सरीन और बी. अधिबान जैसे ग्रैंडमास्टर हैं। महिलाओं के वर्ग में शीर्ष पर काबिज भारत ए की टीम ने पिछड़ने के बाद अजरबैजान को 2.5-1.5 से पराजित किया। टीम की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग की खिलाड़ी कोनेरू हंपी को गुनाय मम्मदजा के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी जबकि डी हारिका को खनीम बालजयिवा ने ड्रॉ पर रोका। इसके बाद तानिया सचदेव और आर वैशाली ने क्रमश: उल्विया फातलियावा और गौवहर बेदुल्लैएवा को शिकस्त देकर टीम को जीत दिलाई। सात दौर में यह टीम की सातवीं जीत है।

## विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनी रूपल



**कैली (कोलंबिया)।** उत्तर प्रदेश के एक किसान की बेटी रूपल चौधरी विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। रूपल ने महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। इससे पहले उन्होंने चार गुणा 400 मीटर रिले में रजत पदक हासिल किया था। रूपल उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के शाहपुर जैनपुर गांव की रहने वाली है। उनके पिता किसान हैं। यह 17 वर्षीय एथलीट बेहतरीन फॉर्म में है। उन्होंने तीन दिन के अंदर 400 मीटर की चार दौड़ में हिस्सा लिया। गुरुवार की रात को महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में रूपल ने 51.85 सेकेंड के समय के साथ ग्रेट ब्रिटेन की यमी मैरी जॉन (51.50) और कीनिया की दमारिस मुटुंगा (51.71) के बाद तीसरा स्थान हासिल किया। इससे पहले वह उस रिले टीम का हिस्सा थी जिसने मंगलवार को चार गुणा 400 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता था।

## श्रृंखला जीतने उतरेगा भारत अय्यर के प्रदर्शन पर रहेगी नजर

**● वेस्टइंडीज से चौथा वनडे मुकाबला आज**

**भाषा।** फोर्ट लॉडरहिल (फ्लोरिडा)



भारत यहां लगातार दिन होने वाले चौथे और पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को हराकर पांच मैचों की श्रृंखला जीतने और इस साल के आखिर में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगा। शनिवार और रविवार को होने वाले इन मैचों में श्रेयस अय्यर के प्रदर्शन पर भी नजर होगी जिनके लिए टी20 विश्व कप की टीम में जगह बनाना मुश्किल बनता जा रहा है। भारत अभी पांच मैचों की श्रृंखला में 2-। से आगे है और वह अमेरिकी दर्शकों के सामने आखिरी दो मैच जीतकर इसे अपने नाम करना चाहेगा। भारत की वर्तमान टीम में जिस एक खिलाड़ी पर सभी की नजर टिकी रहेगी वह श्रेयस अय्यर है। दीपक हुड्डा ने मौकों का अच्छा फायदा उठाया है और ऐसे में मध्यक्रम में अय्यर के लिए जगह बनाना मुश्किल होता जा रहा है। एशिया कप के लिए केएल राहुल और विराट कोहली की टीम में वापसी तय है और ऐसे में अय्यर को बाहर बैठना पड़ सकता है। उन्होंने अब तक तीन मैचों में शून्य, 11 और 24 रन बनाए हैं और वह तेज गेंदबाजों की उठती गेंदों के सामने असहज नजर आते हैं। जब से राहुल द्रविड़ कोच बने हैं तब से किसी भी खिलाड़ी को पर्याप्त मौके मिले हैं लेकिन अय्यर के मामले में वह वनडे की तरह टी20 में अच्छी फॉर्म बनाकर नहीं रख पाए। द्रविड़ ने पिछले ढाई महीनों में अय्यर को नौ टी20 मैचों में मौका दिया लेकिन पहले 10 ओवरों में खेलने का मौका मिलने के बावजूद वह अर्धशतक नहीं बना पाए।

### बीसीसीआई के आचरण अधिकारी ने नीता अंबानी से कहा, हितों के टकराव के आरोपों पर जवाब दें

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई के आचरण अधिकारी विनीत सरन ने शुक्रवार को मुंबई इंडियंस टीम की मालिक नीता अंबानी को उनके खिलाफ लगे हितों के टकराव के आरोपों का दो सितंबर तक लिखित जवाब देने को कहा। उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति सरन ने बीसीसीआई के आचरण अधिकारी और लोकपाल के रूप में डी के जैन की जगह ली है। उन्होंने मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ के सदस्य संजीव गुप्ता से शिकायत मिलने के बाद नीता अंबानी को नोटिस जारी किया। गुप्ता ने आरोप लगाया कि मुंबई इंडियंस की मालिक के पद को लेककर हितों का टकराव है क्योंकि वह रिलायंस इंडस्ट्रीज की निदेशक हैं जिसने हाल में अपनी सहायक कंपनी वायकॉम 18 के जरिए आईपीएल के डिजिटल अधिकार 23,758 करोड़ रूपए में खरीदे थे। गुप्ता ने शिकायत में लिखा, रिलायंस इंडस्ट्रीज की वेबसाइट के अनुसार वायकॉम 18 उसकी सहायक कंपनी है। सरन ने अपने आदेश में लिखा, आपको सूचित किया जाता है कि बीसीसीआई के आचरण अधिकारी को नियमों के अंतर्गत 39 (बी) के अनुसार एक शिकायत मिली है जिसमें आप पर हितों के टकराव का आरोप लगा है।

### भारतीय महिला टीम कोच पोवार ने कहा, हम उभरती हुई टीम हैं

**बर्मिंघम।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रमेश पोवार ने हम एक उभरती हुई टीम हैं कहते हुए संकेत दिया कि राष्ट्रमंडल खेलों में आगामी मैचों में विभिन्न संयोजन देखने को मिल सकते हैं। पोवार ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत के सेमीफाइनल की पूर्व संध्या पर कहा, हम उभरती हुई टीम हैं जिससे प्रक्रियाएं और योजनाएं बदलेंगी। हम टीम से सर्वश्रेष्ठ कराने की कोशिश कर रहे हैं। हमें लगा कि जेमी इसके लिए तैयार है क्योंकि वह इंग्लैंड में कुछ समय से खेल रही है।

### पुरानी प्रणाली में चौथी छलांग गलत नहीं होती: राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण चूकने पर श्रीशकर



**बर्मिंघम।** राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता लंबी कूद एथलीट मुरली श्रीशंकर ने स्वर्ण पदक से चूकने पर अफसोस जताते हुए कहा कि लेजर-आधारित नई तकनीक के तहत उनके चौथे प्रयास को फाउल (अवैध) करार दिया गया था जबकि पुरानी प्रणाली में उनकी यह छलांग वैध और शीर्ष स्थान के लिए काफी होती। इस स्पर्धा में श्रीशंकर और स्वर्ण पदक जीतने वाले बहामास के लेकुआन नेर्न ने एक समान 8.08 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया था। लेकुआन का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रयास हालांकि 7.98 मीटर का रहा जो श्रीशंकर के 7.84 मीटर के दूसरे सर्वश्रेष्ठ प्रयास से बेहतर रहा जिसके कारण उन्हें विजेता घोषित किया गया। तेईस साल के श्रीशंकर ने कहा कि उन्होंने शुरू में सोचा था कि उनका चौथा प्रयास वैध होगा और वह बड़ी अंतर से जीत दर्ज करेंगे लेकिन उनकी इस छलांग को लेजर तकनीक की मदद से फाउल करार दिया गया। श्रीशंकर ने ऑनलाइन मीडिया सत्र में कहा, मैं बहुत हैरान था, आप इसे (चौथी छलांग) फाउल नहीं कह सकते क्योंकि मैंने फाउल बोर्ड को पार नहीं किया लेकिन मैच अधिकारी ने मेरे कूदने की स्थिति के बारे में बताया। उसके मुताबिक मेरा पैर लंबवत प्लेट को पार कर रहा था। इस राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी (8.36 मीटर) ने कहा, पुरानी प्रणाली में इसे फाउल नहीं किया जाता।

### लवलीना का लक्ष्य बड़ा, कहा राष्ट्रमंडल खेल अहम नहीं



**बर्मिंघम।** भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन यहां क्वार्टरफाइनल में मिली हार से परेशान नहीं हैं और उनका कहना है कि राष्ट्रमंडल खेलों की सफलता से उन्हें 2024 में लगातार दूसरा ओलंपिक पदक जीतने के लक्ष्य में ज्यादा मदद नहीं मिलती क्योंकि वह बर्मिंघम में गैर ओलंपिक वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रही थीं। लवलीना पिछले साल तोक्यो में ओलंपिक पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय मुक्केबाज बनी थी। वह लाइट मिडिलवेट (66 किग्रा - 70 किग्रा) वर्ग में खेली थीं जो 2024 पेरिस ओलंपिक के कार्यक्रम का हिस्सा नहीं है। लवलीना ने यहां पीटीआई से कहा, इसलिए राष्ट्रमंडल खेल मेरे लिए इतने अहम नहीं थे क्योंकि मेरा मुख्य लक्ष्य पेरिस है और यह ओलंपिक वजन वर्ग भी नहीं था। यह मुझे ज्यादा मदद नहीं कर पाता। उन्होंने कहा, हां, राष्ट्रमंडल खेलों का कद काफी ऊंचा है, इसमें कोई शक नहीं है। लेकिन मेरा लक्ष्य पेरिस ओलंपिक है और इसके लिए तैयारी करना ही मेरा मुख्य उद्देश्य है। लवलीना 2018 गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में भी क्वार्टरफाइनल में बाहर हो गई थीं।